आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 जून 2024
वर्ष 2, अंक 308, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत पायदान पर 13

अक्षय की सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज 14

महिला टेस्ट मैच में भारतीय युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर

चेन्नई, एजेंसी

भारत--दक्षिण अफ्रीका
- दोनों टीमें एक दशक बाद आज खेलेंगी टेस्ट मैच

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल पांच खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका मिल सकता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी। भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और शबनम शकील को पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारत ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेला था। उसने इन दोनों में जीत दर्ज की थी। भारत ने अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला विभिन्न भारतीय परिस्थितियों में ढलने का अच्छा मौका : हरमनप्रीत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला विभिन्न घरेलू परिस्थितियों से अवगत होने का अच्छा मौका है। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इन दोनों टीम के बीच एकमात्र टेस्ट मैच शुक्रवार से यहां शुरू होगा जिसके बाद तीन मैच की टी-20 श्रृंखला खेली जाएगी। हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह हमारे लिए विभिन्न घरेलू परिस्थितियों में ढलने का बेहतरीन मौका है। हमें घरेलू परिस्थितियों में खेलने का बहुत अधिक अनुभव नहीं है और ऐसे में इस श्रृंखला से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे हमें पता लगेगा कि विकेट का व्यवहार कैसा है और विश्व कप में हम किस तरह के संयोजन के साथ उतर सकते हैं।

लौरा वोल्वार्ड्ट ने महिलाओं के क्रिकेट कैलेंडर में और टेस्ट की मांग की

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है। पिछले सत्र में भारत में लाल गेंद की प्रतियोगिता फिर से शुरू हुई थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में इस तरह का कोई टूर्नामेंट नहीं है। लौरा ने कहा कि हममें से ज्यादातर इस प्रारूप के लिए तैयार नहीं है क्योंकि हम घरेलू चार दिवसीय क्रिकेट नहीं खेलते हैं। यह मुश्किल है क्योंकि मुझे उन गेंदों को छोड़ना पड़ता है, जिन्हें मैं कवर ड्राइव पर भेजती रही हूं। फिर भी मैं इन्हें सहजता से खेलने की कोशिश करती हूं। इस बल्लेबाज ने इस प्रारूप को खत्म करने का सुझाव भी दिया क्योंकि ये काफी कम खेले जाते हैं।

भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, प्रिया पूनिया, शैफाली वर्मा, शुभा सतीश, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुंधति रेड्डी और रेणुका ठाकुर सिंह।

दक्षिण अफ्रीका: लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), मारिजाने कप्प, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे और डेलमी टकर।

मैच आज सुबह 9 .30 बजे

2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा भारत : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

दक्षिण अफ्रीका पहली बार पहुंचा फाइनल में

जाइंट किलर अफगानिस्तान को नौ विकेट से मिली मात, फाइनल खेलने का सपना टूटा

टी-20 विश्व कप

तारोबा, एजेंसी

अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे नौ विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है।

दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाये। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्ररम 23 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने अपनी सारी ऊर्जा सेमीफाइनल तक पहुंचने में झोंक डाली थी जो उनके प्रदर्शन में नजर आया। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने उनके बल्लेबाज टिक ही नहीं सके और टीम अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने तो कहर बरपाया ही, अफगानिस्तान के बल्लेबाज भी गलतियां करते चले गए। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को जेनसन ने आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर ललचाया और वह स्लिप में रीजा हेंडरिक्स को कैच दे बैठे। उनके जाते ही अफगानिस्तान बल्लेबाजी क्रम में हड़कम्प मच गया और जेनसन ने भीतर की ओर आती गेंद पर गुलबदिन नायब को आउट किया। इब्राहिम जदरान ने रबाडा की गेंद पर अपना पैर बिल्कुल भी नहीं हिलाया और गेंद सीधे लेग स्टम्प पर पड़ी। चौथे ओवर में तीन गेंद बाद मोहम्मद नबी इसी अंदाज में आउट हुए लेकिन इस बार आफ स्टम्प पर निशाना था। नॉर्किया ने अजमतुल्लाह उमरजई को डीप में ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों लपकवाया। इस विश्व कप में अफगानिस्तान के लिये गुरबाज, जदरान और उमरजई ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं लेकिन इस अहम मुकाबले में तीनों मिलकर 12 रन ही बना सके। कप्तान राशिद खान ने कुछ अच्छे शॉट्स की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने नॉर्किया के सामने पूरा स्टम्प खुला छोड़ दिया और बोल्ड हो गए। लेग स्पिनर तबरेज शम्सी ने एक ही ओवर में करीम जनत और नूर अहमद के विकेट निकाले। उन्होंने छह रन देकर तीन विकेट लिये।

टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने एडेन मार्कराम को गले लगाया।

फाइनल मुश्किल, खेल पर ध्यान: मारक्रम

टरुबा। सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि फाइनल अधिक मुश्किल है, हमें खेल पर ध्यान देना होगा। अफगानिस्तान को सेमीफाइनल में हराने के बाद मारक्रम ने कहा कि फाइनल में पहुंचने पर काफी खुश हूं। हालांकि यह केवल कप्तान की वजह से नहीं होता, इस सफलता के पीछे पूरी टीम का प्रयास है। उन्होंने खिलाड़ियों से गुजारिश करते हुए कहा कि पिछले अनुभवों को भुलाकर अपने खेल की ओर ध्यान देना होगा। प्लेयर ऑफ द मैच मार्को यानसन ने अपने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बस यही योजना थी कि गेंद को सही जगह पर करें। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान रशिद खान ने कहा कि एक टीम के तौर पर हमारे लिए यह मुश्किल रात है। हम अच्छा कर सकते थे लेकिन परिस्थितियां हमारे साथ नहीं थीं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आपको हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होता है। तेज गेंदबाजो के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तेज गेंदबाजो ने हमें अच्छी शुरुआत दिलाई जिस वजह मुझे और अन्य स्पिनर्स को गेंदबाजी करने में आसानी हुई।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान 56/10 (11.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
रहमानुल्लाह कैच रीजा बो. मार्को	00	03	0/0
इब्राहिम जादरान बो. कगिसो रबाडा	2	5	0/0
गुलबदीन नैब बो. मार्को येन्सन	09	08	2/0
अजमतुल्लाह कैच स्टब्स बो. नॉर्तजे	10	12	2/0
मोहम्मद नबी बो. कगिसो रबाडा	00	03	0/0
नांगेयालिया कैच डीकॉक बो मार्को	02	07	0/0
करीम जनत एलबीडब्ल्यू बो. शम्सी	08	13	1/0
राशिद खान बो एनरिक नॉर्तजे	08	08	2/0
नूर अहमद एलबीडब्ल्यू बो शम्सी	00	02	0/0
नवीन-उल-हक़ एलबीडब्ल्यू बो शम्सी	02	08	0/0
फजलहक फारूकी नाबाद	02	02	0/0

अतिरिक्त -13 रन, **विकेट पतन:** 1-4, 2-16, 3-20, 4-20, 5-23, 6-28, 7-50, 8-50, 9-50, 10-56।

गेंदबाज : मार्को येन्सन 3-0-16-3, केशव महाराज 1-0-6-0, कगिसो रबाडा 3-1-14-2, एनरिक नॉर्तजे 3-0-7-2, तबरेज शम्सी 1.5-0-6-3।

दक्षिण अफ्रीका 60/1 (8.5ओवर)

	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डी कॉक बो. फजलहक फारूकी	05	08	1/0
रीजा हेंड्रिक्स नाबाद	29	25	3/1
एडन मार्करम नाबाद	23	21	4/0

अतिरिक्त- 03 रन, **विकेट पतन:** 1-5।

गेंदबाज : नवीन-उल-हक़ 3-0-15-0, फजलहक फारूकी 2-0-11-1, राशिद खान 1-0-8-0, अजमतुल्लाह ओमरजाई 1.5-0-18-0, गुलबदीन नैब 1-0-8-0।

खेल डायरी

गार्बाइन डब्ल्यूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

रियाद। हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा सउदी अरब में 2024 .26 में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरूजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैम्पियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरूजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।

एशियाई जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में भारतीय

इस्लामाबाद। भारत के शिवेन अग्रवाल, आद्या बुधिया और गौशिका एम ने गुरुवार को 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अपने आयु वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय अग्रवाल ने लड़कों के अंडर-15 क्वार्टर फाइनल में अब्दुल अहद बट को 11-4, 11-7, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में आद्या ने महनूर अली (पाकिस्तान) को 11-4, 11-8, 6-11, 11-6 और गौशिका ने मकेला लिन कैसिडी (हांगकांग) को 11-8, 11-9, 11-8 से पराजित किया।

400 मीटर में ओलंपिक कोटा किरण ने पाया

पंचकुला। हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50 .92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50 .95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं।

प्रियांशु राजावत, मालविका बंसोड़ यूएस ओपन के दूसरे दौर में

टेक्सास। भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और मालविका बंसोड़ यूएस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट की पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं के दूसरे दौर में पहुंच गए। फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में 38 मिनट चले मुकाबले मे प्रियांशु ने राउंड ऑफ 32 में चेक गणराज्य के जान लौउदा को हराया। दूसरे दौर में प्रियांशु का सामना के चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा। वहीं महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराया। दूसरे दौर में उनका मुकाबला विश्व की 65वें नंबर की खिलाड़ी चेकिया की टेरेज़ा स्वाबिकोवा से होगा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल में मलेशिया के जिया हेंग जेसन तेह से हार गए।

जीत के लिए हर खिलाड़ी को देना होगा योगदान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि क्या रोहित शर्मा की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीतकर अपने एक दशक से अधिक समय से वैश्विक ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर पाएगी या नहीं।

कपिल ने कहा कि हम केवल रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या या कुलदीप यादव के बारे में ही क्यों बात करें? हर किसी को भूमिका निभानी है। उनका काम टूर्नामेंट जीतना है। एक मैच जीतने के लिए किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन मायने रख सकता है लेकिन एक टूर्नामेंट जीतने के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा। अगर हम बुमराह या अर्शदीप पर ही निर्भर रहेंगे, तो हमारे लिए जीत दर्ज करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हमें टीम के बारे में बात करनी चाहिये। यह आपको किसी एक खिलाड़ी के बजाय बेहतर परिप्रेक्ष्य देता है। हो सकता कि कोई मुख्य खिलाड़ी हो लेकिन विश्व कप जीतने के लिए हर किसी को योगदान देना होगा। 1983 विश्व कप विजेता टीम में वह प्रदर्शन करने वाले अकेले खिलाड़ी नहीं थे। रोजर बिन्नी, मोहिंदर अमरनाथ, कीर्ति आजाद, यशपाल शर्मा सभी ने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था।

बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाये तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाये हैं। कपिल ने कहा, ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाये हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की।

एचआईएल से खिलाड़ियों की पहचान में मिलेगी मदद : रघुनाथ

नई दिल्ली। दिग्गज ड्रैग फ्लिकर वीआर रघुनाथ ने कहा कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) से उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने में मदद मिलेगी जो भविष्य में राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेल सकते हैं।

एचआईएल की भारतीय हॉकी में सात साल बाद वापसी हो रही है जिसमें पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीम भाग लेंगी। इसका आयोजन दिसंबर 2024 और फरवरी 2025 में किया जाएगा। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार रघुनाथ ने कहा कि यह लीग राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मनप्रीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह जैसे खिलाड़ी एचआईएल की ही देन हैं। यह घरेलू खिलाड़ियों के लिए अपना कौशल दिखाने का अच्छा मंच है। कई युवा खिलाड़ियों को यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। इससे उन्हें यह समझने का मौका मिलेगा की शीर्ष खिलाड़ी कैसे खेलते हैं तथा खेल को लेकर उनका नजरिया कैसा है और वे किस तरह से तैयारी करते हैं।

गुकेश ने डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया

बुखारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी

सुपरबेट क्लासिक शतरंज

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये।

अक्टूबर में लंदन में होगी वैश्विक शतरंज लीग

लंदन। दूसरी वैश्विक शतरंज लीग (ग्लोबल चेस लीग) का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे।

स्लोवाकिया और रोमानिया का मुकाबला ड्रॉ, दोनों टीमें अंतिम 16 में

फ्रैंकफर्ट। रोमानिया ने स्लोवाकिया से 1-1 से ड्रॉ खेला और दोनों टीमों ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में जगह बना ली। रोमानिया ग्रुप ई में बेहतर गोल औसत के आधार पर बेल्जियम से ऊपर शीर्ष पर रहा। स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रही। स्लोवाकिया के लिये 24वें मिनट में ओंडरेज डुडा ने हेडर पर गोल किया। वहीं रोमानिया के लिये रजवान मारिन ने 37वें मिनट में बराबरी का गोल किया। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा। बेल्जियम की टक्कर फ्रांस से और इंग्लैंड का सामना स्लोवाकिया से होगा।

जॉर्जिया ने रोनाल्डो के पुर्तगाल को 2-0 से हराया

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी), एजेंसी। मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया। रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा।

जीत के बाद खुशी मनाते जॉर्जिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

गोलरहित ड्रॉ के बाद बेल्जियम अंतिम 16 में

स्टटगार्ट (जर्मनी)। बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

मैक्सिको को 1-0 हराकर वेनेजुएला क्वार्टर फाइनल में

इंगलवुड (अमेरिका), एजेंसी

वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है। वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा। जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी। उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक हैं। इक्वाडोर ने बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच में जमैका को 3-1 से हराया। मैक्सिको अपना अंतिम मैच रविवार को इक्वाडोर से खेलेगा और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसे इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 जून 2024
वर्ष 2, अंक 308, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत पायदान पर 13

अक्षय की सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज 14

एक जुलाई को दंड की जगह लेगी न्याय संहिता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तारीख-पे-तारीख का चलन अब खत्म, तीन वर्ष में मिलेगा न्याय : डीजीपी

अमृत विचार : एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। यह बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कही।

डीजीपी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ साथ भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। कानूनों के लागू होने के बाद पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। भारत आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून तारीख-पे-तारीख के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम गुरुवार 27 जून को घोषित कर दिया गया।

इस परीक्षा का आयोजन 13 जून से 18 जून तक राज्य के 75 जनपदों में 207 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। यह परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित की गईं। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 4,12,759 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 3,04,382 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 3,04,329 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा का परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की अधिशासी समिति के अनुमोदन के बाद घोषित किया गया है।

1510 करोड़ से तैयार होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

बोनी कपूर की कंपनी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ समझौता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नोएडा में फिल्म सिटी को लेकर समझौते के दौरान बोनी कपूर व अन्य। ● एजेंसी

- 8 साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म फैसिलिटी, अन्य सुविधा
- फिल्म फैसिलिटीज और इंस्टीट्यूट के लिए 3 साल या 1095 दिन का लक्ष्य

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में 1510 करोड़ की लागत से 230 एकड़ क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी को स्थापित करने का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी और सरकार के बीच हुए समझौते के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट आकार लेने लगेगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट (रियायत समझौता) पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच किया गया। यीडा ऑफिस नोयडा में इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी मौजूद रहे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 साल में तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपये का खर्च होना है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ और तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फिल्म निर्माता बोनी कपूर के मुताबिक, फिल्म सिटी को लेकर लेकर हमारी तैयारी समझौता हस्ताक्षर से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही लंदन जाकर स्टूडियोज की नई टेक्नोलॉजी देखी है जिसे उपयोग किया जाएगा।

वर्ल्ड क्लास होगी फिल्म सिटी

उप्र. में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। ऐसे में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक्सेस का पूरा ध्यान रखा जाएगा। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागमन होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है।

एक नजर

आडवाणी को एम्स से मिली छुट्टी



नई दिल्ली। पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार को दिल्ली एम्स से छुट्टी मिल गई। उन्हें बुधवार देर रात तबीयत खराब होने पर एम्स में भर्ती किया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के दिग्गज नेता की हालत स्थिर है। आडवाणी को जांच के बाद अपराह्न एक बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आडवाणी (96) के पेशाब में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें कल शाम छह बजे जांच के लिए एम्स ले जाया गया और रात करीब 11 बजे उन्हें यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।

सेंसेक्स पहली बार 79,000 के पार

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी ने भी पहली बार ऐतिहासिक 24,000 अंक का शिखर छुआ। सेंसेक्स 568.93 अंक चढ़कर 79,243.18 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय 79,396.03 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 175.70 अंक बढ़कर 24,044.50 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,087.45 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

लोकतंत्र, समाज को विघटनकारी ताकतों से बड़ा खतरा : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति का अभिभाषण : भर्ती और परीक्षाओं में शुचिता-पारदर्शिता पर जोर

- आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर हमला और संविधान का काला अध्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को मोदी सरकार की दस वर्षों की सेवा एवं सुशासन का परिणाम बताया। उन्होंने देश-विदेश में सक्रिय कुछ विघटनकारी ताकतों द्वारा प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग करके देश में लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज को तोड़ने के प्रयासों को लेकर देशवासियों को सचेत किया है।

राष्ट्रपति ने आगाह किया कि ऐसी ताकतें अफवाह फैला कर जनता को भ्रमित करने के लिए आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही हैं और इससे निपटने के लिए भारत एक वैश्विक व्यवस्था बनाए का पक्षधर है। मुर्मु ने सरकारी भर्ती और परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उपाय खोजे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हाल में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार संविधान को न केवल राजकाज चलाने का माध्यम बल्कि जनचेतना का हिस्सा मानती है और इसीलिए इस सरकार ने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का भी फैसला किया है। कहा कि संविधान पर कई बार हमले हुए हैं लेकिन 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल इस पर सबसे बड़ा हमला तथा लोकतंत्र का काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाए गए संसद सत्र के चौथे दिन गुरुवार को यहां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया और सामाजिक, आर्थिक और विदेश नीति तथा रक्षा के क्षेत्र में प्रगति के नए आयामों का खाका खींचा।

उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत के लिए बधाई दी और उन्हें इस अवसर का इस्तेमाल देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए करने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में प्रौद्योगिकी हर दिन और उन्नत हो रही है। ऐसे में मानवता के विरुद्ध इनका गलत उपयोग बहुत घातक है। भारत ने विश्व मंच पर भी इन चिंताओं को प्रकट किया है और एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की वकालत की है। हम सभी का दायित्व है कि इस प्रवृत्ति को रोकें।

भविष्योन्मुख होगा आम बजट, सुधारों पर रहेगा जोर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नवगठित नरेन्द्र मोदी सरकार का पहला आम बजट भविष्योन्मुख और सुधारों को आगे बढ़ाने वाला होगा तथा इसमें कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे जो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर ले जाएंगे। मुर्मू ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।

70 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी मिलेगा मुफ्त इलाज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। 55 करोड़ को इस योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी सरकार उपलब्ध करवा रही है।

मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर नदी में डुबोकर मारा

एक बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला, दी घटना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

आरोपी प्रियंका।

- फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर घाट पर सेंगर नदी में डुबोया
- पति की मौत के बाद चचेरे देवर के साथ रह रही थी महिला
- देवर बच्चों को रखने को तैयार नहीं था, इस पर हुआ झगड़ा

अमृत विचार : फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर घाट पर गुरुवार सुबह एक मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर सेंगर नदी में डुबोकर मार डाला। चौथा बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला और घटना की जानकारी दी। मरने वाले तीनों बच्चों की उम्र डेढ़, पांच और छह साल थी। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला पति की मौत के बाद चचेरे देवर के साथ रह रही थी। चचेरा देवर उसके बच्चों को रखने को राजी नहीं था। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद मां ने यह वारदात कर डाली। पुलिस आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि फफूंद थाना क्षेत्र के अटा बरुआ निवासी प्रियंका के पति अवनीश कुमार की मौत हो चुकी है। उसके चार बच्चे सोनू (8), आदित्य (6), माधव (4) और मंगल (डेढ़ साल) हैं। वह करीब एक महीने से अपने चारों बच्चों के साथ औरैया के मोहल्ला बनारसी दास में चचेरे देवर आशीष के साथ रह रही थी। देवर प्रियंका को तो रखने को राजी था लेकिन उसके बच्चों को नहीं रखना चाहता था। इसको लेकर दोनों में विवाद होता था।

गुरुवार सुबह भी विवाद हुआ। प्रियंका की ताई गीता ने बताया कि सुबह प्रियंका ने उन्हें फोन कर कहा कि वह चारों बच्चों के साथ मरने जा रही है और फोन काट दिया। इसके बाद ताई तुरंत आशीष के पास पहुंची तो आशीष ने जानकारी होने से इनकार किया तो ताई नदी की तरफ गई। रास्ते में सोनू बैठा रो रहा था। सोनू ने बताया कि मां हम चारों भाइयों को लेकर यहां आई और कुछ खिलाकर तीनों को पानी में डुबो दिया।

मुझे भी डुबोया था लेकिन मैं बचकर निकल आया। इस पर ताई उसे लेकर केशमपुर घाट पर गई जहां तीनों बच्चे नदी के तट पर पानी में डूबे पड़े थे। सूचना पर फोर्स के साथ एसपी चारु निगम भी मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी मां को घटनास्थल के थोड़ी दूर से पकड़ लिया। एसपी के अनुसार महिला अभी कुछ स्पष्ट नहीं बोल रही है। बच्चों के मुंह से झाग निकलने से अंदेशा है कि उन्हें जहर दिया गया है।

बेटे को ले गया गुलदार, देखता रह गया पिता

संवाददाता, हल्द्वानी

- काठगोदाम में रेलवे ट्रैक के पास की घटना गौला नदी क्षेत्र में मिला शव

अमृत विचार: काठगोदाम में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने बुधवार देर रात रेलवे ट्रैक के समीप स्थित झुग्गी में रहने वाले बच्चे को पिता के सामने ही गुलदार उठा ले गया। पूरी रात परिजन और आसपास के लोग जंगल में ढूंढते रहे। गुरुवार सुबह वन विभाग की टीम पहुंची तो गौला नदी के पास जंगल में उसका शव मिला। कमर के ऊपर का हिस्सा गुलदार खा गया था।

उप्र के हरदोई जिला निवासी प्रीतम यहां निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने रेलवे ट्रैक के समीप झुग्गी में परिवार के साथ रहता है। प्रीतम बुधवार की रात करीब 12 बजे अपने सात वर्षीय बेटे शिवा को लेकर लघुशंका के लिए झुग्गी से बाहर निकला। तभी अचानक पास की झाड़ी से एक गुलदार निकला और शिवा पर झपट पड़ा। प्रीतम कुछ समझ पाता कि गुलदार शिवा को दबोच कर गौला नदी की तरफ भाग गया। पिता और परिवार के सदस्यों ने शोर मचाया तब आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और पुलिस पहुंची। रात भर तलाश किया गया, सुबह 6 बजे घर से लगभग एक किमी. दूर जंगल में झाड़ियों के बीच बच्चे का धड़विहीन शव मिला। वन विभाग की टीम पूरे दिन गुलदार को तलाशती रही लेकिन शाम तक पता नहीं चला। सुबह बच्चे का शव मिलने के बाद पीड़ित के घर एसडीएम पारितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार पहुंचे। एसडीएम ने मदद का आश्वासन देते हुए वन विभाग को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के निर्देश दिए। प्रीतम का परिवार मजदूरी करता है, उसने अन्य मजदूरों के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे झुग्गी बना रखी है। नैनीताल मुख्य मार्ग के किनारे हुई इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि आए दिन गुलदार आबादी में आ रहे हैं, लेकिन वन विभाग रोकने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है।

नीट-यूजी : सीबीआई ने की पहली गिरफ्तारी, पटना से दो को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा पूछताछ को एजेंसी लेगी रिमांड

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में गुरुवार को पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। अधिकारियों ने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में ''लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल'' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। मनीष कुमार ने उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो प्रश्नपत्र पहले से प्राप्त करने के लिए पैसे देने को तैयार थे। इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को छात्रावास ले गया जहां उन्हें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा तक छात्रावास में ही रहे और पांच मई को होने वाली परीक्षा की तैयारी की। सीबीआई ने नीट परीक्षा लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

एनटीए के कार्यालय में तालाबंदी करते एनएसयूआई के सदस्य। ● एजेंसी

एनएसयूआई ने एनटीए के दफ्तर में जड़ा ताला

नई दिल्ली। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के सदस्य नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय में घुस गए और दरवाजे बंद कर ताला लगा दिया। बाद में पुलिस ने ताला खुलवाया। एनएसयूआई के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में ओखला स्थित एजेंसी के कार्यालय में एनटीए बंद करो के नारे लगाए। एनएसयूआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में उसके कई सदस्य एनटीए की इमारत के अंदर नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इसमें छात्र एनटीए कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ताला लगाते हुए भी दिखाई दिए।

चार नए लिंक एक्सप्रेस-वे की तैयारी, योगी ने मांगा प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा- बेहतर कनेक्टिविटी को एक्सप्रेस-वे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक, तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे कवरेज को और विस्तार देने जा रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार लिंक एक्सप्रेसवे तैयार करने की दिशा में तेजी लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में राज्य में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं और औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेस-वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के साथ यह तीन नए एक्सप्रेस-वे राज्य की तरक्की की तेज करने वाले होंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे हर दशा में दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर के लिए शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। निर्माण समय से पूरा करा लिया जाए।बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को भी चित्रकूट से जोड़ने का सुझाव देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि, इसके लिए बजट भी जारी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि, अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च जैसी कंपनियां इकाई लगा रही हैं।

नए निवेशकों को मिले सिक यूनिट

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने क्षेत्रों में सिक इंडस्ट्रियल यूनिट्स की भूमि को नए निवेशकों को उपलब्ध करने के लिए बाइलॉज में परिवर्तन नई नीति घोषित करनी चाहिए। नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेज हो। दादरी में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब एवं बोराकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए।

निजी पार्कों के लिए दें बल्क लैंड

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कवायद तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय शीघ्र कर लें। निजी पार्कों के विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। निवेशकों को बल्क लैंड की पूर्ति के लिए तेजी से व्यवस्था की जाए।

ईडी ने कुर्क कीं उप्र के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- संपत्तियों में प्रयागराज, लखनऊ कानपुर में खेत-भूखंड शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के 'बाइक टैक्सी एग्रीगेटर' और उसके कई 'प्रमोटर' के खिलाफ धनशोधन के मामले की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्ति कुर्क की हैं। ईडी ने कहा कि हेलो राइड लिमिटेड कंपनी के निदेशकों, अध्यक्षों, कई एजेंट और अन्य के खिलाफ धन शोधन के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कहा कि प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ से खेत और भूखंड को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों का मूल्य 5.35 करोड़ रुपये है। ईडी ने पहले इस मामले में 2.38 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी और अब कुर्क की गई कुल संपत्ति की कीमत 7.73 करोड़ रुपये हो गई है।

उप्र पुलिस द्वारा कंपनी और इसके प्रमोटर अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडे, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के खिलाफ लगभग तीन दर्जन प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन यह का मामला सामने आया था।

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूल भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

35.2°	24.4°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 18	सूर्यास्त 07 : 06

राजपुर में गुरुवार को मुगल रोड जाम कर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

हंगामा कर रही महिलाओं को समझाते नगर पंचायत अध्यक्ष अंशू त्रिपाठी। अमृत विचार

टैंकर से पानी भरने के लिए लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

बिजली-पानी पर भड़का गुस्सा, मुगल रोड जाम कर हंगामा

राजपुर में पाइप लाइन का वाल्व खराब होने से चार दिन से पेयजल का संकट, नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को आश्वासन की घुट्टी पिलाई

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। बिजली-पानी किल्लत से परेशान राजपुर कस्बे के लोगों का गुस्सा भड़क गया और गुरुवार को सड़क पर उतर आए। उन्होंने मुगल सड़क को जाम कर दिया। घरों में बिजली-पानी की समस्या पर विरोध जताते हुए महिलाओं ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने समस्या निराकरण का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

नगर के लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनके यहां बिजली-पानी की किल्लत है। चार दिन पहले पानी की टंकी का वाल्व खराब होने से चार वार्डों की लगभग 10 हजार की आबादी में पेयजल संकट से जूझ रही है। नगर पंचायत के अफसरों से शिकायत पर चारों वार्डों में पानी के टैंकरों से पेयजल आपूर्ति का आश्वासन दिया था, लेकिन सभी वार्डों में टैंकरों से पानी नहीं भेजा गया। बुधवार को दिन भर हालात खराब रहे। घरों में पेयजल और बिजली आपूर्ति न होने से खफा लोगों ने परेशानी झेली। वहीं पूरी रात बिजली न आने और टंकी वाल्व की मरम्मत न होने से खफा लोगों का सब्र जवाब दे गया।

गुरुवार को आक्रोशित महिलाएं अपने बच्चों के साथ कस्बे के मुख्य चौराहे पर मुगल सड़क पर आ गईं और जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। जानकारी पर पहुंचे उप निरीक्षक अभिषेक चौहान ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बिजली-पानी का संकट झेल रहे लोगों ने जाम खोलने से मना कर दिया और नारेबाजी करने लगे।

इसी दौरान चेयरमैन अंशू त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाकर पेयजल आपूर्ति दुरुस्त कराने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस दौरान करीब आधे घंटे मुगल सड़क पर जाम से राहगीर परेशान हुए। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि लोगों को समझाकर जाम खुलवाया गया है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी ने बताया कि मेन पाइप लाइन के वाल्व की खराबी दूर हो गई है। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर टंकी से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

अध्यक्ष की जिद पर सिकंदरा फीडर से जुड़ी बिजली

राजपुर नगर पंचायत में बिजली-पानी की चार दिनों से समस्या का हल न होने पर गुरुवार को महिलाओं के मुगल रोड जाम कर हंगामा करने पर अध्यक्ष अंशू त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत कराया और बिजली समस्या का हल न होने तक पानी तक न पीने की बात पर अड़ गए, जिससे अफसरों के हाथ-पांच फूल गए। आनन-फानन राजपुर की बिजली सिकंदरा फीडर से जोड़ी गई, जिसके बाद शाम करीब तीन बजे नगर की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

नौ टैंकरों से 14 वार्डों में कराई गई जलापूर्ति

राजपुर नगर पंचायत के 14 वार्डों की आबादी पिछले चार दिनों से बिजली-पानी की समस्या से जूझ रही थी। गुरुवार को मुगल रोड जाम व हंगामे के बाद आनन-फानन नगर पालिका पुखरायां, नगर पंचायत सिकंदरा से तीन-तीन पानी टैंकर मंगाई गए। वहीं राजपुर के तीन टैंकरों समेत कुल नौ टैंकरों से नगर के सभी वार्डों में जलापूर्ति कराई गई। जिन मोहल्लों में टैंकर नहीं पहुंच सके। वहां अध्यक्ष ने जेनरेटर भेजकर निजी सबमर्सिबल से जलापूर्ति की व्यवस्था कराई।

राजपुर में निजी सबमर्सिबल पंप से पानी भरते लोग। अमृत विचार

एक नजर

दो एसआई और तीन हेड कांस्टेबल का फेरबदल

कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव के बाद पुलिस महकमे में फेरबदल शुरू हो गया है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात एसआई मोहित वर्मा को रनियां थाने में तैनाती दी गई है। रनियां थाने में तैनात एसआई सूरज पाल को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुधीश कुमार, कृष्ण प्रताप सिंह व यतेंद्र सिंह को मंगलपुर थाना भेजा गया है।

दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

कानपुर देहात। गुरुवार को अकबरपुर तहसील क्षेत्र के रनियां में सनी बेकर्स से एक बाल श्रमिक व सजल ट्रेडर्स में एक बाल श्रमिक समेत कुल दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभिनव पांडे, अरविंद सोनकर, जिला प्रोबेशन कार्यालय से बाल संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र ओझा, चाइल्ड लाइन 1098 दीपक कुमार, रमा खेलावन, एसआई रविंद्र नाथ यादव, कांस्टेबल सुभम आदि उपस्थित रहे।

वृद्धा ने सोने के बाले छीनने का आरोप लगा दी तहरीर

सिकंदरा। थाना क्षेत्र के निन्हौरा निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार को सिकंदरा बाजार टिफिन लेने गई थी। आटो से निन्हौरा के सामने मुगल रोड पर उतरने के बाद पैदल घर जाते समय गांव के ही शिव नरायण के खेत तक पहुंची, तभी पीछे से आए दो बाइक सवारों ने झपट्टा मारकर उसके कान से बाले नोच लिए और फरार हो गए। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

बाइक की टक्कर से महिला घायल, कानपुर रेफर

शिवली। कस्बे के रामनगर की हसीना जानवरो को चारा लेने खेत गई थी। वहां से वापस आते समय कस्बे के पास सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए शिवली सीएचसी भेजा जहां मौजूद ईएमओ ने गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

सूखा भूसा खाने से बीमार हो रहे गोवंश

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार। शासन की तरफ से भले ही गौशालाओं को चाकचौबंद व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए गए हों, लेकिन धरातल की हकीकत कुछ और ही बयां करती है। महेशपुर गौशाला में केवल सूखा भूसा मिलने से गोवंश बीमारी की चपेट में आकर मरणासन्न हालत में पहुंच रहे हैं और जिम्मेदार बेपरवाही बने हुए हैं।

महेशपुर गांव स्थित गोआश्रय स्थल में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गोवंश बीमारी की चपेट में आकर मरणासन्न हालत में पहुंचे रहे हैं। गौशाला में मौके पर न तो कोई केयरटेकर रहता है और न ही वहां पर हरा चारा है। गोवंशों को केवल सूखा भूसा ही डाल दिया जाता है। जिससे भीषण गर्मी के मौसम में गोवंश चारा कम खाते हैं और कुपोषण का शिकार हो रहे हैं।

गोवंश को सूखा भूसा डालती केयर-टेकर महिला। अमृत विचार

- **जिम्मेदारों की अनदेखी से महेशपुर की गौशाला में अव्यवस्थाएं हावी**

गुरुवार को महेशपुर की गौशाला में दो गोवंश बीमार हालत में मिले। वहीं अन्य गोवंशों को खाने के लिए सूखा भूसा नादों में डाला गया था। बारिश के मौसम में भी हरा चारा नहीं मिल पाता है। राजपुर बीडीओ हरि गोविंद गुप्ता ने बताया कि महेशपुर गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सही कराई जाएंगी।

खेत गए किसान की ट्रेन से कटकर मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- **कानपुर-झांसी रेल लाइन पर बहवलपुर गांव के पास मिला रक्तरंजित शव**

अमृत विचार। बहवलपुर गांव के पास एक अधेड़ का रक्तरंजित शव रेल पटरियों पर पड़ा मिला। मृतक के पटरी पार करते समय किसी टेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है।

गजनेर थाना क्षेत्र के बहवलपुर गांव निवासी रामशंकर (57) खेतीबाड़ी करते थे। वह गुरुवार को खेतों पर जाने के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद उनका शव कानपुर-झांसी रेल लाइन की डाउन ट्रैक पर खंभा नंबर 1306/14-12 के बीच पड़ा मिला। वहां से निकल रहे ट्रैकमैन शिवम ने शव पड़ा देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने छानबीन की और गांव के लोगों से शव की शिनाख्त कराई।

जानकारी पर पहुंचे मृतक की पत्नी छोटी बिट्टी, पुत्र मंगल समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। गजनेर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि खेतों पर जाते समय किसान के किसी टेन की चपेट में आने से मौत हुई होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सार-संक्षेप

अभियोजन अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के एक जुलाई से प्रभावी होने को लेकर जनपद में नियुक्त बीट मुख्य आरक्षी, आरक्षी व नागरिक पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस बल की संख्या के अनुरूप अलग-अलग बैच बनाकर चरणवार तिथि तय कर 30 जून तक संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में कार्यरत ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी व सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुरुवार को ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अविनाश चंद्र चतुर्वेदी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय शुक्ला व सहायक अभियोजन अधिकारी मो. इमरान ने सभी थानों एवं अन्य शाखओं में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

चोरी का आरोपी तमंचा के साथ गिरफ्तार

रूरा। थाना क्षेत्र के अमौली ठाकुरान निवासी अनिल कुमार ने बताया की बुधवार को उसका बेटा ओमनी वैन से सिठमरा बाजार गया था। कार में मोबाइल रख कर वह बाजार से सामान लेने लगा। तभी तीन अज्ञात लोग बाइक पर आए और उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले में आरोपी अंकित निवासी शेरपुर तरौंदा थाना गजनेर को अंबियापुर गांव से अवैध देशी तमंचे के साथ पकड़ा गया ह। उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

दो अलग-अलग गांवों में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के बनीपारा अडरेपुरवा गांव निवासी ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर उसका आम का बाग है। वह बुधवार शाम को तेज हवा में गिरे आमों को बीन रही थी। तभी गांव के सुरेश, टिंकू व बबली आए और बेटी के साथ मारपीट करने लगे। इससे उसके पैर व अन्य जगह चोट आई है। वहीं तिगाई गांव निवासी अनुज ने बताया कि वह शादियों में खाना बनाने का काम करता है। गांव के ही बनाजी से उसको काम के पैसे लेने थे। जब वह पैसे मांगने गया तो बना जी, छोटू व भाग्यवती गाली देते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उसका सिर फट गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

नए कानून लागू होने के बारे में दी जानकारी

शिवली। कस्बा के बस स्टॉप पर चौपाल लगाकर थाना प्रभारी ने लोगों को भारतीय न्याय संहिता के नए कानूनों व धाराओं के विषय में जानकारी दी। बताया की एक जुलाई से आईपीसी की जगह बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) लागू होने जा रही है। गुरुवार को कोतवाल संजय गुप्ता ने बस स्टॉप पर चौपाल लगा कर लोगों व राहगीरों को बताया कि नए कानून में आतंकवाद, मॉब लिंचिंग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों के लिए सजा को सख्त बनाया गया है, लेकिन घटना कानून लागू होने की तिथि से पहले की होगी और मुकदमा पुराने कानून पर दर्ज होगा। महिला संबंधी अपराधों को अब और सख्त बनाया गया है। गैंगरेप जैसे जघन्य अपराध में अब बीस साल से आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। जबकि नाबालिक बच्ची के साथ में घटना में आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड की सजा है। इस दौरान नवीन तिवारी, कल्लू विश्वकर्मा, सुभाष कश्यप, भोला, वीर सिंह, आशीष समेत लोग मौजूद रहे।

साबरमती एक्सप्रेस से गिरकर युवक गंभीर

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे लाइन पर साबरमती एक्सप्रेस से युवक गिरकर घायल हो गया। पुखरायां कस्बा के रेलवे आरपीएफ कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिला गुना थाना जासौड़ा के बलखेडी गांव के रामेश्वर (27) साबरमती ट्रेन में सवार होकर झांसी की ओर अपने घर जिला गुना जा रहा था। तभी रेलवे लाइन पर गेट नंबर 203 के पास गुरुवार सुबह वह अचानक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर आरपीएफ घटना स्थल में पहुंची और घायल युवक को सीएचसी ले गई। जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

गवाही: बलवंत के भर्ती होने वाले दिन अवकाश पर थे डॉ.निशांत

बलवंत हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- **ईएमओ, पोस्टमार्टम हाउस के डॉक्टर व विवेचक को गवाही के लिए भेजा सम्मन**

अमृत विचार। बहुचर्चित बलवंत हत्याकांड में जिला अस्पताल अकबरपुर के चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक के बयान न्यायालय में अंकित किए गए। उन्होंने बयान दिया कि जिस दिन चुटहिल (मृतक) बलवंत के अस्पताल में भर्ती होने का उल्लेख किया गया है, उस दिन वह अवकाश पर थे और उन्होंने परीक्षण नहीं किया।

यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि डॉ. निशांत पाठक ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी टीम ने जब चिकित्सकों के बयान लिए थे, तब उनसे डॉ. पवन पारया द्वारा बीएचटी पर उल्लिखित दवाओं का विवरण पूछा गया था। एसआईटी की टीम ने बलवंत के जिला अस्पताल में आने, भर्ती होने और जाने के समय बीएचटी के बारे में पूछताछ की थी।

अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह व रामजी के पहले ही बयान दर्ज हो चुके हैं। अदालत ने अब गवाही के लिए जिला अस्पताल के तत्कालीन डॉ. पवन पारया, पोस्टमार्टम के डाक्टर दीपेंद्र व विवेचक को 4 जुलाई को गवाही के लिए सम्मन जारी किया है। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की अदालत में चल रही है। गुरुवार को तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित आठों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

लेखाधिकारी ऑफिस से ब्लॉक भेजे गए फॉर्म-16

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- **जिले में कार्यरत 5610 शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी भर सकेंगे आयकर रिटर्न**

अमृत विचार। जिले के 5610 शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब आयकर रिटर्न भर सकेंगे। लेखाधिकारी ने सभी बीईओ को निर्देश दिए गए है कि वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के फॉर्म 16 उनके कार्यालय से प्राप्त कर अपने अपने ब्लाक के सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपलब्ध कराएं, ताकि वे कोई त्रुटि या अन्य समस्या होने पर समय रहते उसका निराकरण करा सकें।

फॉर्म 16 एक टीडीएस प्रमाण पत्र है, जो नियोक्ताओं द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किया जाता है। यह भुगतान की गई वेतन आय, वेतन पर टीडीएस के लिए एक कर्मचारी द्वारा चुनी गई कर व्यवस्था, वित्तीय वर्ष के दौरान वेतन आय के खिलाफ काटा और जमा किया गया कुल कर और दावा की गई योग्य कटौती का विवरण दिखाता है। शिक्षकों को आयकर रिटर्न भरते समय सबसे पहले फॉर्म 26-एएस और फॉर्म 16 को मिलाना चाहिए और देखना चाहिए कि दोनों में दी गई जानकारी में कोई अंतर तो नहीं है।

स्कूटी-बाइक की भिड़ंत में दो घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्कूटी सवार की बाइक सवार से टक्कर हो गई। जिसमे दो युवक घायल हो गए।

पुखरायां कस्बा के गायत्री नगर के चंद्रजीत ने बताया कि उनका लड़का आयुष (20) स्कूटी में सवार होकर मुख्य मार्ग से होकर किसी कार्य के लिए पटेल चौक की ओर जा रहा था। उसी समय किदवई नगर के अंशू (18) बाइक लेकर सामने से आ रहा था। तभी बड़े महादेवन मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर स्कूटी और बाइक में जोरदार टक्कर होने से दोनों युवक घायल हो गए। राहगीर घायलों को सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद आयुष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मौसम का हाल | मौसम विभाग ने 2 जुलाई तक तेज हवाओं के साथ बारिश की जताई संभावना

सुबह बारिश से राहत, दोपहर में बहा पसीना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुवार सुबह छिटपुट बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन दोपहर में उमस बढ़ गई और लोग पसीना-पसीना हो गए। उधर बारिश के चलते किसानों में खुशी है।

जिले में बीते सोमवार को झमाझम बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली थी। इसके साथ ही मानसून ने दस्तक दे दी थी। पिछले दो दिनों जिले के अलग-अलग हिस्सों में जोरदार बारिश हुई थी। इससे जहां लोगों को राहत मिली थी, वहीं जलभराव व बिजली फाल्ट होने से दिक्कत भी उठानी पड़ रही थी। गुरुवार सुबह के समय कई हिस्सों में छिटपुट बारिश होती रही और आसमान में पूरा दिन बादल छाए रहे। जिससे अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सिसयस व न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गुरुवार को हल्की बारिश के बीच हाईवे से निकलता वाहन। अमृत विचार

उधर बारिश के चलते जगह-जगह कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। हालाकि दोपहर में उमस बढ़ने से लोग पसीने से तर-बतर नजर आए। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। किसानों का कहना है कि बारिश से धान की रोपाई तेज होगी और पशुओं के चारे की फसल को भी काफी फायदा मिलेगा। वहीं टमाटर को छोड़कर अन्य सब्जी फसलों की भी फायदा पहुंचेगा। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने 2 जुलाई तक तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है।

अब बारिश से आम में भी घुलेगी मिठास

जनपद में बारिश न होने के कारण आम उत्पादक परेशान थे, लेकिन बीते सोमवार से शुरू हुई बारिश ने उनकी परेशानी कम कर दी है। आम उत्पादकों का कहना है कि बारिश शुरू होने के बाद आम की फसल को काफी फायदा मिलेगा और इसका स्वाद भी बढ़ जाएगा।

बीच रास्ते मौरंग डालने से आवागमन में दिक्कत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- **जिला पंचायत अध्यक्ष आवास मार्ग के बीचोबीच पड़ी मौरंग**
- **सरकारी कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को हुई दिक्कत**

अमृत विचार। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जिला पंचायत अध्यक्ष आवास जाने वाले मार्ग के बीचो-बीच मौरंग का ढेर लगा दिया गया है, जिससे आवास जाने वाले कर्मियों समेत अन्य कार्यालयों में जाने वाले अधिकारियों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है।

माती स्थित जिला पंचायत कार्यालय में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लिए वाहनों से निर्माण सामग्री मंगाई जाती है। कार्यालय के बगल में ही जिला पंचायत अध्यक्ष का आवास है। इसके सामने से गुजरा संपर्क मार्ग सीएमओ व डीआईओएस कार्यालय ईको पार्क व कलेक्ट्रेट जाने वाले मार्ग से मिलता है। गुरुवार को निर्माण के लिए ट्रक से आई मौरंग को अध्यक्ष आवास जाने वाले मार्ग के बीचोबीच डलवा दिया गया। जिससे दोनों ओर से वाहनों व लोगों को आवागमन बाधित हो गया। लोग सीएमओ कार्यालय व एसपी कार्यालय के बगल से निकले मार्ग से जाने के लिए मजबूर रहे। इसके बावजूद जिला पंचायत कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों ने देर शाम तक मौरंग को सड़क से हटवाने की जेहमत नहीं उठाई।

टायर फटने से पलटा डंपर, लगा जाम

रनियां। गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहे डंपर का अगला टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर कैच बैरियर को तोड़ते हुए कानपुर-इटावा लेन पर पलट गया, जिससे हाईवे पर गिट्टी फैल गई और घंटों जाम लगा रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को किनारे कराया और फैली हुई गिट्टी एकत्रित कराई। इस दौरान कई किलो मीटर तक लगे जाम में लोग परेशान रहे। गुरुवार सुबह झांसी से गिट्टी लेकर कानपुर जा रहे डंपर का अगला टायर रनियां थाने के पास फट गया था।

(बदस्त आवास फरोक्त के लिए)

समन बजरत इनफिसाल मुकदमा

(आर्डर 5, कायदा 1 व 5 मसमूआ जाब्दा दाव नी सन 1907 ई0)

नम्बर मुकदमा, वाद सं0–टी0– 05

बअदालत न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, तह0 मैथा, जिला कानपुर देहात।

श्रीमती अरूणा बनाम लाखन

पुत्र नन्हखू ग्राम– रामपुर शिवली, तहसील – मैथा, जनपद– कानपुर देहात

लाखन पुत्र नन्हखू ग्राम– रामपुर शिवली, तहसील– मैथा, जनपद– कानपुर देहात साकिन धारा 134 U.P.P.C. 2006 मुद्दाअले बाजेह हो कि श्रीमती अरूणा ने आपके नाम एक नालिस बाबत ... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 07 सन् 2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐस सवालात का दे सके हाजिर हो ओर जवाब देरी दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात करानाचाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 24/06/2024 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा, कानपुर देहात

बांदा-सागर मार्ग के टोल प्लाजा पर गुलाबी गैंग ने काटा हंगामा

अवैध वसूली का लगाया आरोप, महिलाओं ने की प्रशासन के विरोध में नारेबाजी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बांदा सागर मार्ग पर बने टोल प्लाजा पर अवैध रूप से की जा रही वसूली के खिलाफ गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन की महिलाओं ने पहुंचकर घेराव करते हुए जमकर हंगामा काटा। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अवैध रूप से बने टोल प्लाजा पर गाड़ियों से वसूली की जाती है। जबकि इस टोल प्लॉजा को बंद करने के लिए यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री और जिला प्रभारी ने जिला प्रशासन को आदेश दिया था।

बांदा सागर मार्ग पर बने जिंदपुर गांव के पास टोल प्लाजा में मानक को दरकिनार कर मोरंग लदे ट्रकों से अवैध रूप से वसूली किया जाता है। न देने पर मारपीट तक किया गया। छोटे वाहन चालकों से मन माफिक टोल लिया जाता है।

टोल प्लाजा पर पुलिस के आगे गुस्से का इजहार करतीं महिलाएं। अमृत विचार

इन सब मुद्दों को लेकर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने संगठन के महिलाओं के साथ टोल प्लाजा पहुंचकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुलाबी गैंग अध्यक्ष हेमलता पटेल ने आरोप लगाया कि यह टोल प्लाजा बिना परमिशन के चल रहा है। पिछले बार शिकायत करने पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। उसके बाद भी अवैध रूप से वसूली की जा रही है।

टोल प्लाजा पर तैनात कर्मी बिना ड्रेस के होते हैं और ट्रकों से वसूली करते हैं। जिसमें लोकल पुलिस भी शामिल है। जबकि बंद पड़े बाईपास को जबतक चालू नहीं किया जाता टोल बंद कर देने चाहिए। उसके बाद टोल प्लाजा पर वसूली किया जा रहा जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा में हो रही गुंडागर्दी को बन्द नहीं किया गया तो टोल प्लाजा पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की महिलाएं बैठकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

नाला गंदगी से पटा बारिश में जलभराव की आशंका

औंग। दस हजार की आबादी वाला गांव औग हाईवे के दोनों ओर बसा है जिसका घरेलू गन्दा पानी और बरसात का पानी निकलने के लिए हाईवे ने दोनों ओर नाला बनाया है लेकिन टुकड़ों में बना नाला बरसात के पहले ही पूरी तरह कीचड़ से चोक है। बरसात के दौरान कस्बे में जलभराव तय है।

नेशनल हाईवे स्थित तहसील बिन्दकी के औंग कस्बे में सड़क के दोनों ओर लगभग छः टुकड़ों में बना करीब डेढ़ किलोमीटर नाला कीचड़ और गन्दे पानी से भरा हुआ है। इस की हाईवे ने कोई व्यवस्था नहीं की है। मानसून सिर पर होने के कारण यहां के लोग गन्दगी और भीषण जलभराव की आशंका से सहमे हुए हैं। दो सौ साल पुराना ऐतिहासिक पक्का कुआं में ही नाले का गन्दा पानी जा रहा है। ये ऐसा कुआं है जो नेशनल हाईवे तथा राजस्व विभाग की भेंट चढ़ चुका है।

आजादी से अब तक नहीं बनी सड़क

संवाददाता, किशनपुर

अमृत विचार। विजयीपुर विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के कुछ मजरो को जोड़ने वाली सड़के आज भी बदहाल पड़ी हैं। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी लोग बदहाल सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। क्षेत्र की जनता नेताओं को कोस रही है।

रायपुर भसरौल के मदद अलीपुर के रास्ते बहियापुर से थुरियानी नहर पटरी का मुख्य मार्ग आज भी बदहाल पड़ा है। अंजने मोड़ से थुरियानी चौराहे तक सड़क की दूरी लगभग चार किलोमीटर है। जिसमे थुरियानी से कुम्हारन डेरा के आसपास तक एक किलोमीटर के लगभग सड़क बन गई है। उसके बाद आगे आधे रास्ते मे केवल कच्चा मार्ग है। बचे हुए मार्ग में केवल बोल्डर दिखाई देता है। क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवो के जोड़ने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है। जिससे बरसात के दिनों में

बदहाल बहियापुर-थुरियानी मार्ग। अमृत विचार

आवागमन करने भी भारी समस्या होती हैं। कोई पक्का मार्ग न हो पाने के वजह से क्षेत्र के नौनिहालों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। स्थानीय बच्चे विद्यालय भी नहीं जा पाते हैं। बरसात के दिनों में अगर कोई बीमार पड़ जाए तो एम्बुलेंस सेवा भी लोगों को नसीब नहीं होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उधर देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मना रहा है। यहाँ क्षेत्र की जनता आज भी बदहाल मार्गो पर चलने को मजबूर है। चुनाव के समय नेता वादे तो कर जाते हैं लेकिन फिर भूल जाते हैं। लोकसभा चुनाव में यमुना तटवर्तीय इलाके के लोगों ने रोड़ नहीं तो वोट नहीं का नारा चलाया।

दस साल जिले की सांसद रही केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी सड़कों पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह रहा की दलदल में फंसे लोगों ने परिवर्तन की ओर कदम बढ़ाया जिसकी वजह से साध्वी निरंजन ज्योति को हार का सामना करना पड़ा।

युवा और महिलाएं लगाएं उद्योग

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। धाता ब्लाक में बीडीओ अजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं की एक बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपना स्वयं का उद्योग लगाकर सबल बने। इससे अपना देश विकसित होगा। कहा कि आज के दौर में सभी युवाओं व महिलाओं को सरकारी नौकरी नही मिल सकती है।

इस दौरान बीडीओ ने कहा कि तीन तरह से आदमी पैसे वाला बन सकता है। सरकारी नौकरी, अच्छी खेती व अपना उद्यम लगाकर उन्होंने कहा कि स्वावलंबन को लेकर युवाओं व महिलाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। जिससे वह अपने जीवन की उंचाइयों को छू सके और आत्मनिर्भर बन सके।

ब्लाक में आयोजित बैठक में बोलते बीडीओ अजय कुमार तिवारी। अमृत विचार

वहीं युवा चिकित्सा के क्षेत्र में भी रोजगार तलाश सकते हैं वह नौकरी के पीछे न भागकर खुद अपना उद्यम लगा सकते हैं। इससे दूसरों को भी रोजगार मिलेगा। बीडीओ ने कहा कि युवाओं को छोटे से लेकर बड़े उद्योग लगाने में सरकार की ओर से अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा रही है। युवाओं को एक नई सोंच के साथ शुरुआत करने की जरूरत है। तब समाज में परिवर्तन अपने आप दिखने लगेगा।

अगली बैठक में उद्यम विभाग से अधिकारी को बुलाकर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। जिससे आप लोग अपने अंजाम तक पहुच सके। इस दौरान रजनी मिश्रा, अंकित सिंह, दिग्विजय सिंह, कपिल सिंह व अंकुश चौधरी मौजूद रहे।

जहरखुरानों की शिकार हुई महिला मंगलसूत्र पार

असोथर। असोथर ब्लाक गेट के पास बुधवार शाम बाइक सवार दो युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर गले से मंगलसूत्र सहित पर्स में पड़े रुपये लेकर फरार हो गए।

असोथर थाना के दरियावपुर मजरे जरौली निवासी जगदीश निषाद की पत्नी संपत देवी कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी बीमार भतीजी को देखने के लिए पहुंची थी। वहां संपत की मां लक्ष्मीनिया देवी निवासी मर्का बांदा भी थी। मां विक्रम में सवार होकर मर्का चली गई। जबकि ब्लाक गेट के पास आटो के इंतजार में महिला खड़ी थी। इसी दौरान उसको नशीला पर्दाथ सुंघाकर शातिरों ने घटना को अंजाम दे दिया।

दो पक्षों के बीच मारपीट में आठ लोग घायल

संवाददाता, फतेहपुर

- बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में जमीन को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार। जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी-डंडे और फावड़े चलने लगे। लोगों ने एक-दूसरे पर हमला बोलते हुए मारपीट शुरू कर दिया। इस मारपीट में दोनों तरफ से 8 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो रिकार्ड कर लिया। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों पक्ष से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नंदापुर गांव के रहने वाले केशन कुमार का पड़ोसी प्रदीप कुशवाहा से जमीन को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से महिला और पुरुषों ने लाठी-डंडे व फावड़े से एक- दूसरे पर हमला बोल दिया। मारपीट में दोनों ओर से आठ लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष के बीच मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह से एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर रहे हैं। महिलाएं भी मारपीट में सबसे आगे दिख रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय ने बताया वायरल वीडियो मंगलवार की रात है। जहां जमीन विवाद में दो पक्ष में मारपीट किया गया है।

सार-संक्षेप

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-ए जरूरी

फतेहपुर। विटामिन-ए की कमी से बच्चों में होने वाली बीमारियों और उसके दुष्परिणामों से बचाव को लेकर विटामिन-ए पूरक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने अस्पताल परिसर स्थित महिला अस्पताल में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, अभिभावकों को इसकी कमी से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया है। बताया कि विटामिन ए की कमी के चलते बच्चे अक्सर रतौंधी व अंधापन जैसी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इस विटामिन की कमी से उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। वह कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। इस कमी से मृत्यु दर में बढोत्तरी देखी जा रही है। बच्चों को इन बीमारियों के दुष्परिणामों से बचाने के लिए अब उन्हे विटामिन ए की खुराक पिलायी जायेगी। शासन ने इसके लिए विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

जीएसटी विभाग ने बैठक कर दी जानकारी

फतेहपुर। जीएसटी सेवा कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर अशोक कुमार की अध्यक्षता में उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूक्ष्म व माध्यम क्षेणी के व्यापार करने वाले व्यापारियों की सरलता सहजता व सुविधा के लिए सरलीकरण व्यवस्था की मांग के तहत डेढ़ करोड़ वार्षिक टर्न ओवर करने वाले व्यापारियों के लिए एक फीसदी समाधान योजना को विस्तारित किया गया। तिमाही टर्न ओवर के आधार पर एक फीसदी समाधान योजना द्वारा सेवा कर जमा करके सरलीकरण व्यवस्था का लाभ व्यापारी प्राप्त कर सकते हैं। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने जनपद के व्यापारियों से अपील करते कहा किसी भी प्रकार की समस्या से संगठन को अवगत कराते निदान का प्रयास किया जा सकता है। अवसर पर उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मनोज साहू, नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी सहित विभिन्न संगठनों के मुखिया मौजूद रहे।

ऑनलाइन उपस्थिति का जताया विरोध

फतेहपुर। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए शासन से जारी किए गए आदेश के विरोध में गुरूवार को शिक्षकों ने विरोध दर्ज कर आवाज बुलंद की। प्राथमिक शिक्षक संघ भिटौरा के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरूवार को बीआरसी कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सरकार के इस निर्णय को गलत ठहराया है। शिक्षकों ने कहा कि जब तक हम लोगों की मांगों पर विचार नहीं किया जाता, विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शिव शक्ति त्रिवेदी, अनुपम मिश्र, आरती धानविक, रीतू शुक्ला, अपराजिता तिवारी, अभिलाषा तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

घरेलू कलह में महिला ने कांच का पाउडर पीया

बिंदकी। जहानाबाद थाना क्षेत्र के जवाहरपुर गांव में घरेलू कलह के चलते रीतू देवी पत्नी अजय ने कांच का पाउडर पी लिया। कांच का पाउडर पीने के बाद महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। वहीं डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि मामूली कहासुनी के चलते महिला ने कांच का पाउडर पी लिया था।

मामूली विवाद में महिला से की मारपीट

बिंदकी। जाफरगंज थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में नीम की डाल काटने की विवाद में महिला सुधा देवी पत्नी रूद्र पाल के साथ गांव के ही दिनेश कुमार ने मारपीट कर दी। जिसके चलते महिला के सिर पर गंभीर चोट आई। पीड़िता सुधा देवी जाफरगंज थाना पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में गुरुवार को कराया।

आयुष अस्पताल के निर्माण की जांच करने पहुंची टीम

संवाददाता, फतेहपुर

- अस्पताल के नक्शे का परीक्षण किया जाएगा, प्रयुक्त सामग्री की भी जांच होगी

अमृत विचार। तेलियानी ब्लाक के मेवली बुजुर्ग गांव में आयुष अस्पताल के निर्माण की जांच करने लखनऊ से टीम पहुंची। तीन सदस्यी टीम ने निर्माण कार्य का परीक्षण किया। उसके मैटेरियल को सैंपल के लिए लिया। ग्रामीणों की शिकायतों को भी सुना। वह अब अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। हालांकि ग्रामीणों ने अधिकारियों पर मामला दबाने का आरोप भी लगाया।

50 बेड के आयुष अस्पताल का निर्माण जुलाई 2020 से शुरू हुआ। 739.35 करोड़ की लागत से अस्पताल का दिसंबर 2023 में बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पावर प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड कानपुर इकाई की लापरवाही से अस्पताल का निर्माण अभी तक अधूरा है। ग्रामीणों की शिकायत पर बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी ने अस्पताल निर्माण का औचक निरीक्षण किया था। यहां पर कई अनियमितता मिली थी। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य की शिकायत करते हुए दीवारों पर पड़ी दरारें व बाथरूम के उखड़ कर टाइल्स, घटिया दरवाजे सहित घटिया निर्माण को भी दिखाया था। लखनऊ से आई जांच टीम के सामने बुधवार को ग्रामीण एकत्रित होकर आक्रोशित रहे। वहीं निर्माण कर रही कंपनी कामाख्या कंस्ट्रक्शन अस्पताल की बिल्डिंग में कमियों को छुपाने का प्रयास करता रहा। ग्राम प्रधान पति अरुण कुमार पटेल ने बताया की बिल्डिंग निर्माण में घटिया व मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। यूपीपीसीएल के जीएम अरविंद सचान ने बताया कि अस्पताल के नक्शा का परीक्षण होगा। मटेरियल की भी जांच होगी।

दो दिवसीय रोजगार मेला आज से

फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी हर्ष लालवानी ने बताया कि विभाग द्वारा 28 व 29 जून को दो दिवसीय रोजगार मेला व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में पीपल ट्री आनलाइन सर्विसेज के लिए हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण आयु 18 से 26 वर्ष व वेतनमान 12800 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह, फस्ट मेरीडियन ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. के लिए हाईस्कूल इंटर स्नातक आईटीआई व डिप्लोमा उर्तीण, आयु 18 से 26 वर्ष वेतनमान 10600 से 13 हजार 500 रुपये प्रतिमाह पर साक्षात्कार द्वारा तथा एसआईएस इंडिया लिमिटेड के लिए हाईस्कूल इंटर उत्तीर्ण लम्बाई 165 सेमी, सीना 80 सेमी से 85 सेमी आयु 19 से 40 वर्ष एवं वजन 56 किग्रा शारीरिक दक्षता उर्तीण अभ्यर्थियों का वेतनमान 12 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह के लिये चयन कर सेवायोजित किया जायेगा।

त्वचा में पसीना अधिक समय तक रुकने से बढ़ रहा इंटरट्रिगो

संवाददाता, फतेहपुर

- फंगस से लेकर बैक्टीरिया तक को मिल रहा संक्रमण का मौका

अमृत विचार। जांघ सहित शरीर के उन अंगों में जहां त्वचा और त्वचा के बीच रगड़ होती है वहां इन दिनों मौसम में नमी अधिक होने की वजह से पसीना नहीं सूख पा रहा है। यही पसीना जब त्वचा की दो परतों के बीच अधिक समय तक फंसा रह जाता है तब फंगस को संक्रमण करने का मौका मिल जाता है। पहली बारिश के पूर्व ही शुरू हुई उमस से इंटरट्रिगो (जांघ कटने) के मरीज बढ़ गए हैं। डॉक्टर उन्हें नमी व गर्मी से रगड़वाली त्वचा को बचाने के तरीके समझा रहे हैं।

हालांकि जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। लेकिन अस्पताल में घमौरी, दाद व डर्मेटाइटिस आदि के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। उनका इलाज फिजीशियन के भरोसे चल रहा है। पिछले करीब 10 दिन से मौसम में आर्द्रता (नमी) बढ़ने से इंटरट्रिगो के मरीज आने लगे हैं। इससे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसमें जांघ कटने, पेट के त्वचा की सलवटों के बीच जलन, गर्दन, कांख व उंगलियों के बीच त्वचा छिल जाने वाले मरीजों की संख्या 14 रही। डॉक्टर ने मरीजों को समझाया कि उमस के चलते पसीना भाप बनकर पूरी तरह से नहीं उड़ पाता और त्वचा की दो सिलवटों के बीच फंसा रह जाता है। ऐसी स्थिति में त्वचा मुलायम होने के साथ फूल जाती है। इससे फंगल इंफेक्शन हो जाता है। ऐसे में त्वचा जब आपस में रगड़ती है तो छिलकर लाल चकत्ते जैसी हो जाती है। अधिक समय तक फंगल इंफेक्शन बने रहने से बैक्टीरियल इंफेक्शन भी हो जाता है। इसलिए इसमें दवाओं से अधिक कारगर एहतियात है।

बचाव के तरीके

- पसीना सुखाने के लिए तौलिया रगड़ने की बजाय थपथपाएं
- प्रभावित त्वचा पर दिन में तीन चार बार ठंडी हवा दें
- सूती और ढीले कपड़ें पहनें, दिन में दो बार ठंडे पानी से नहाएं
- छिली हुई त्वचा की दो परतों के बीच घर्षण बचाने को मुलायम कपड़ा लगाएं

नमी, गंदगी व गर्मी से रहें दूर

निजी क्लीनिक चलाने वाले त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. नलनीश पाण्डेय के मुताबिक इंटरट्रिगो में एंटीबॉयाटिक, एंटी फंगल आदि दवाएं भी तब तक कारगर नहीं होतीं जब तब कि मरीज को नमी, गंदगी व गर्मी से दूर न किया जाए। उनके मुताबिक जिस स्थान की त्वचा प्रभावित हो वहां पर नहाने के बाद पानी सुखा दें और त्वचा को ठंडी रखें तो बहुत जल्द इससे राहत मिल जाती है।

मधुमेह दिवस | महिलाओं से ज्यादा पुरुष हो रहे बीमारी के शिकार

दोआबा में 7 .5 लाख लोग डायबिटीज से पीड़ित

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। डायबिटीज या मधुमेह एक न ठीक होने वाली बीमारी है। इसमें व्यक्ति के शरीर में इंसुलिन हार्मोन की कमी होने रक्त शर्करा का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। आमतौर पर बुजुर्गों को होने वाली यह बीमारी अब अनियमित दिनचर्या, शारीरिक निष्क्रियता और वजन पर नियंत्रण न होने से युवाओं को भी प्रभावित कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में करीब साढ़े सात लाख लोग इस बीमारी की चपेट में हैं। ऐसे में हर साल 27 जून को मधुमेह जागरुकता दिवस मनाया जाता है।

जिले की 7.50 लाख आबादी डायबिटीज की चपेट में हैं। इसमें 8.4 फीसद महिलाएं और 8.1 फीसद पुरुष शामिल हैं। स्वास्थ्य सर्वे के मुताबिक जिले में 4.7 प्रतिशत महिलाएं उच्च रक्त शर्करा, 3.7 फीसद महिला अति उच्च रक्त शर्करा से जूझ रही हैं। इनमें 9.7 फीसद महिलाएं रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए दवाओं का सेवन कर रही हैं। वहीं 4.4 प्रतिशत पुरुष उच्च रक्त शर्करा और 3.7 प्रतिशत पुरुष उच्च रक्त शर्करा से जूझ रहे हैं। जिले में 9.2 फीसद पुरुष ऐसे हैं जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं। डॉक्टर राजीव तिवारी बताते हैं कि डायबिटीज में शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पता है या इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है। इंसुलिन वह हार्मोन है जो रक्त से शर्करा को कोशिकाओं में ले जाता है और इसका उपयोग उर्जा के रूप में करता है। डायबिटीज होने पर सिस्टम बिगड़ जाता है और रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है। इससे किडनी, गुर्दों, हृदय जैसे अंगों पर पड़ता है। अब यह बीमारी अनुवांशिक नहीं बची है। कई ऐसे मामले आ रहे हैं जिनमें मरीज के माता पिता को डायबिटीज नहीं है। इसका मुख्य कारण अनियमित दिनचर्या और खानपान भी है। जंक, प्रोसेस्ड फूड के सेवन से वजन अनियंत्रित होता है और शरीर डायबिटीज की चपेट में आ जाता है। दवा के साथ वजन नियंत्रित करने और जंक व प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।

मधुमेह के सामान्य लक्षण

- घावों का जल्द ठीक नहीं होना
- अत्यधिक थकान होना
- भूख,प्यास में वृद्धि
- जल्दी पेशाब आना
- नजर धुंधली होना
- वजन घटना

डायबिटीज के दो प्रकार

टाइप वन- ऑटोइम्यून बीमारी है। प्रतिरक्षा प्रणाली अग्न्याशय में कोशिकाओं पर हमला करती है और उन्हें नष्ट कर देती है। इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। हालांकि यह काफी कम लोगों को होती है। टाइप टू - शरीर में इंसुलिन तो बना है लेकिन शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है। ऐसे में रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। आमतौर पर अधिकांश लोग टाइप टू डायबिटीज से ही पीड़ित हैं।

ऑनलाइन उपस्थिति भेजने को सिम के साथ मिला डाटा

संवाददाता, फतेहपुर

- शिक्षकों को पहले ही मिल चुका है टेबलेट
- 15 से अनिवार्य की गई प्रेरणा पोर्टल से उपस्थिति

अमृत विचार। प्रेरणा पोर्टल से ऑनलाइन डाटा और उपस्थित भेजने के लिए शिक्षकों को टेबलेट चलाने के लिए डाटा के साथ सिम का वितरण किया गया। 15 जुलाई से सभी शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति भेजना अनिवार्य किया गया है।

सरकारी परिषदीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के साथ शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए शासन द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए पूर्व में जिले के शिक्षकों को टेबलेट का वितरण भी किया जा चुका है। लेकिन शिक्षकों की मांग थी कि उन्हें डाटा के साथ विभागीय सिम उपलब्ध कराई जाए। इससे ऑनलाइन उपस्थिति और अन्य डाटा शिक्षक नहीं भेज रहे थे। लेकिन अब डाटा के साथ शिक्षकों को सिम भी बांटी जा रही है। 28 जून से स्कूल खुलने के बाद पहले ट्रायल के तौर पर इसके बाद 15 जुलाई से प्रत्येक शिक्षक को बच्चों और स्वयं की उपस्थिति के साथ प्रेरणा पोर्टल पर समस्त डाटा भेजना अनिवार्य होगा। इसी क्रम में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी भिटौरा दीप्ती रिछारिया ने शासन की मंशानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के आदेशानुसार विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापक को डाटा के साथ सिम का वितरण किया। डिजिटलीकरण के कार्य को सुगमतापूर्वक करने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की योजना के तहत शिक्षकों को सिम वितरित किए गए हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जिला अस्पताल की ओपीडी गैलरी में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग

अग्निशमन यंत्र तलाशने पर भी नहीं मिला, विद्युत आपूर्ति रोक कर पाया गया काबू

संवाददाता. फतेहपुर

अमृत विचार। जिला अस्पताल में ओपीडी गैलरी में लगे बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने से कर्मचारी आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र खोजते रहे। काफी देर तक जब कुछ नहीं मिला तो बिजली सप्लाई बंद कर किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग लगने से कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। हालांकि जिस समय शॉर्ट सर्किट से आग उस समय ओपीडी में मरीजों को देखने का काम बंद हो चुका था।

जिला अस्पताल के एक कर्मी ने बताया कि गर्मी के कारण बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से आग

लग जाने से काफी देर तक आग बुझाने के लिए यंत्र को खोजते रहे। जब नही मिला तो बिजली सप्लाई बंद होने के बाद आग पर काबू पाया गया। जिला अस्पताल के सीएमएस पीके सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। कर्मचारियों ने आग को बुझा दिया था। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। बताते चलें कि अभी एक सप्ताह पहले ट्रॉमा सेंटर में बिजली के बोर्ड में आग लग गया था। उस समय भी आग बुझाने के लिए यंत्र नहीं मिला था। वीडियो में साफ सुना जा सकता है कि कर्मी खुद बोल रहे है कि आग बुझाने के लिए यंत्र तक नहीं है। कर्मचारियों ने ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीजों को बाहर कर आग बुझाने का काम किया था।

बारात से भरी बस बिजली के पोल से टकराई

बिंदकी। रात में लौटी बारात को छोड़ने आई प्राइवेट बस बैक करते समय बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसके चलते बिजली के खंभों पर रखा ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया और बड़ा हादसा होते-होते बच गया। ट्रांसफार्मर गिरने के बाद विद्युत आपूर्ति ठप हुई। जिससे उमस भरी गर्मी से लगातार लोग परेशान रहे। वहीं लगातार 15 घंटे से विद्युत आपूर्ति बंद रही। खजुहा ब्लॉक क्षेत्र के खूंटा गांव में बुधवार की रात को इमाम बख्श के पुत्र ताज मोहम्मद की बारात लौटी थी। रात करीब तीन बजे बारातियों को छोड़ने के बाद प्राइवेट बस वापस लौट के लिए चालक गाड़ी बैक कर रहा था तभी ट्रांसफार्मर लगे बिजली के खम्बो से बस टकरा गई। जिसके कारण 63 केवीए का ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया और लगभग डेढ़ सौ घरों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। रात से ही उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो गए वहीं गुरुवार की सुबह होते ही पीने का पानी का भी संकट खड़ा हो गया। करीब 15 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नवीन जैन ने दाखिल की जमानत याचिका, आज होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीजीजीआई ने जताई आपत्ति, स्पेशल सीजेएम कोर्ट में दाखिल की याचिका

अमृत विचार। 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में बुधवार को जेल भेजे गए राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवीन जैन की ओर से गुरुवार को स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई। अभियोजन की ओर याचिका पर आपत्ति दाखिल की गई, जिस पर कोर्ट ने 28 जून तक का समय दिया। मामले में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

नवीन जैन।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन राधे-राधे इस्पता प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर है। फतेहपुर, मलवां में उनकी फर्म है, साथ ही फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। बीते तीन दिन पूर्व टैक्स चोरी की जानकारी पर डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। टीम ने कंपनी डायरेक्टर नवीन जैन को हिरासत में लेते हुए बुधवार को स्पेशल सीजेएम कुमुदलता त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 9 जुलाई तक के लिए नवीन जैन को जेल भेज दिया था। गुरुवार को नवीन जैन की ओर से स्पेशल सीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई। डीजीजीआई की ओर से अधिवक्ता अंबरीष टंडन ने बताया कि जमानत पर आपत्ति दाखिल की गई, जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार तक का समय दिया है।

सार-संक्षेप

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी। अमृत विचार

किसान की खुदकुशी के मामले ने पकड़ा तूल

फतेहपुर। खागा के पाई गांव में किसान रवि करन की खुदकुशी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पार्टी की मांग है कि पूर्व खागा एसडीएम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके अलावा परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की बात कही। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की बात कही। कांग्रेस ने जिला प्रशासन की कार्रवाई को नाकाफी बताया है। बता दें कि एसडीएम की फटकार के बाद किसान रवि करन ने एक वीडियो वायरल किया था और इसके बाद खुदकुशी कर ली थी। यह मामला खागा कोतवाली के पाई गांव का है।

हादसे में साइकिल सवार घायल

औंग। थाना क्षेत्र के खदरा गांव निवासी अतुल उर्फ़ पंडित पुत्र सरजू दूध का कारोबार करता है। रोज की तरह अतुल साइकिल से दूध संग्रह करने होलापुर जा रहा था। तभी रेलवे अंडरपास में एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

औंग। हथगाम के कधायी का पुरवा निवासी रामराज पुत्र जवाहरलाल जहानाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि पिछले सप्ताह थाना क्षेत्र के पिपरहापुर मोड़ के पास रात करीब आठ बजे सामान लेने जा रहे राजेश कुमार निवासी शेखपुर जिला प्रतापगढ़ की अज्ञात वाहन से टक्कर लग जाने से मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

दो मामलों में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर मंजू शुक्ला, साधना देवी द्वारा दो मामलों में समझौता कराया गया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी उमेश कुमार सिंह, ममता शर्मा, यशस्वी शर्मा मौजूद रहीं।

थाना प्रभारी को दी गई विदाई

हथगाम। करीब छह महीने पहले हथगाम थाने का चार्ज संभालने वाले थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी का स्थानांतरण अपराध शाखा में हुआ है। गुरुवार को थाना परिसर में उनको विदाई दी गई। धाता थाने में चार्ज में रहे वृंदावन राय हथगाम के नए थानाध्यक्ष बनाए गए हैं। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह समेत तमाम स्थानीय लोग व स्टाफ के जवान मौजूद रहे।

48 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 48 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है।

अधिवक्ताओं को दिए प्रशस्ति पत्र

फतेहपुर। पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय में लम्बित अपराधों में अभियुक्तों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाये जाने के संबंध में अभियोजन अधिकारियों, पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिरों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पोर्टल पर चिन्हित अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर गवाहों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर सजा होने वाले प्रकरणों से संबंधित पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर एवं अभियोजन अधिकारी, सहायक शासकीय अधिवक्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

छत से गिरकर युवक घायल

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के बड़ाहार निवासी राकेश का पुत्र अमित कुमार गुरूवार की रात छत पर किसी काम से गया था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर कर घायल हो गया।

बाइक से गिरा अधेड़, जख्मी

फतेहपुर। हुसेनगंज थाने के बहलोलपुर गांव निवासी रामदास का पुत्र शंकर पाल गांव के ही रोहित कुमार के साथ बाइक में पीछे सिलेंडर लेकर बैठा था। जैसे ही वह हड़िया गांव के पास पहुंचा तभी अचानक चलती बाइक से सिलेंडर सहित गिरकर घायल हो गया। जिसे रोहित ने अपने एक अन्य साथी के साथ गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक घायल

फतेहपुर। ललौली थाने के बहुआ कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अली बहादुर का पुत्र शकील ई-रिक्शा चालक है। बताते हैं कि गुरूवार सुबह वह भाड़े का फल लेकर कस्बा जा रहा था। जैसे ही वह कस्बा के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से भिड़ंत हो गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक की टक्कर से घायल

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के औढ़ेरा गांव निवासी बाबूलाल का पुत्र दिनेश मजदूरी करता है। बुधवार शाम वह कस्बा से मजदूरी कर साइकिल से घर आ रहा था। तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया।

जल जीवन मिशन के पाइप बरामद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस ने जल जीवन मिशन के चोरी गए 100 पाइप बरामद किए हैं। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को इनसे घटना में प्रयुक्त डीसीएम और कार भी मिली है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात जून को जगदीशगंज निवासी संतोष कुमार द्विवेदी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का काम करता है। उसने राणन तालाब के पीछे पाइप रखे थे, जो बीती रात चोरी चले गए। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व प्रभारी एसओजी/सर्विलांस को जिम्मेदारी दी थी।

पुलिस टीम ने 26 जून की रात भरतकूप थानांतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे अंडरपास से डीसीएम पर लदे 100 पाइप बरामद किए। कार से आरोपी अजय सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्व. राकेश सिंह निवासी गुदरौली, थाना औंग (फतेहपुर), महेंद्र यादव पुत्र सत्यवीर यादव निवासी अहिमा थाना महाराजपुर (कानपुर), कमल कुशवाहा पुत्र रामविलाश कुशवाहा निवासी बड़ागाव थाना महराजपुर (कानपुर) को गिरफ्तार किया। एसपी के अनुसार, आरोपियों ने पूछतांछ में बताया कि पहले उन लोगों ने रेकी की और फिर डीसीएम में पाइप लादकर ले गए। इनको भरतकूप मंदिर के आगे पहाड़ के नीचे जंगल में छिपा दिया था। बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में जा रहे थे कि पकड़े गए। दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

टीम में यह रहे शामिल

कोतवाली की टीम में एसआई राजीव सिंह, राहुल सिंह, आरक्षी राहुल देव और आदित्य कुमार शामिल रहे। एसओजी टीम में मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा, आरक्षी रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, गोलू भार्गव, राघवेंद्र और ज्ञानेश मिश्रा रहे।

'अमृत विचार' ने पहले दिए थे संकेत

पुलिस की इस उपलब्धि के संबंध में 'अमृत विचार' ने पहले ही संकेत दे दिए थे। 'हाथ लगे सबूत, जल्द हो सकता है 637 पाइपों की चोरी का खुलासा' शीर्षक से 21 जून को प्रकाशित खबर में बताया था कि ट्रैफिक चौराहे पर खड़ा डीसीएम पुलिस को मिल चुका है। यह भी संभावना जताई गई थी कि आरोपी गैर जनपदों के हैं। जो तीन आरोपी पकड़े गए हैं, उनमें से एक फतेहपुर और दो कानपुर नगर के हैं।

12 साल का बच्चा दौड़ा रहा था सड़क पर ट्रैक्टर

संवाददाता, किशनपुर

अमृत विचार। सोशल मीडिया में एक नाबालिक लड़के का ट्रैक्टर चलाते वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है की परिजनों की मौजूदगी में नाबालिक युवक सड़क पर ट्रैक्टर दौड़ा रहा है।

गुरुवार को सोशल मीडिया पर नाबालिक बच्चों द्वारा ट्रैक्टर चलाने का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में करीब 12 वर्षीय एक बच्चा ट्रैक्टर चला रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ लोग तो वायरल वीडियो को फेसबुक रील बता रहे हैं। वही वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। लेकिन सवाल यह खड़ा हो रहा है कि क्या सड़कों पर नौनिहालों के हाथ पर ट्रैक्टर जैसे भारी वाहन की स्टेरिंग थमा देना नियम के खिलाफ नहीं है।

सूत्रों के अनुसार ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के बरैची गांव निवासी एक व्यक्ति का बताया जा रहा है। जिस पर महेश मौर्या का 12 वर्षीय अंश मौर्य ट्रैक्टर चला रहा है। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है। मामले में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

ट्रैक्टर चलाता नाबालिग।

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच में जुटी

विद्यालय आंवटन के लिए आज भरे जाएंगे विकल्प पत्र

फतेहपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने जानारी देते हुए बताया कि सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज के निर्देश पर 12460 सहायक अध्यापक प्रकिया में न्यायालय में योजित विशेष अपील में मोहित कुमार द्विवेदी बनाम राम जनक मौर्य तथा अन्य सम्बद्ध विशेष अपील में पारित आदेश 31 अक्टूबर 2023 एवं सर्वोच्च न्यायालय में योजित सिविल अपील उमेश चन्द्र व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य में पारित आदेश 15 मई 2024 के अनुपालन में 12460 सहायक अध्यापक भर्ती के अन्तर्गत अर्ह नियुक्त सहायक अध्यापकों के ऑनलाइन विद्यालय आवंटन प्रक्रिया की कार्यवाही पूरी की जानी है। जनपद-फतेहपुर के अर्ह नियुक्त शिक्षकों जिनके नियुक्ति पत्र निर्गत किये जा चुके हैं। 28 जून को यानि आज से डॉयट में स्वयं उपस्थित होकर तैनाती समिति के समक्ष विद्यालय आवंटन के लिए ऑनलाइन विकल्प पत्र निर्धारित समय में प्रस्तुत करना होगा।

दामाद पर धारदार हथियार से किया हमला

संवाददाता, फतेहपुर

- पीएम आवास के पैसों को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार। सदर कोतवाली के पीरनपुर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां ससुर ने अपने दामाद पर धारदार हथियार (चापड़) से हमला कर दिया। यह घटना प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 हजार रुपए को लेकर हुई कहासुनी के बाद हुई।

पीएम आवास के पैसों के विवाद के बाद ससुर ने गुस्से में आकर अपने दामाद पीरनपुर के रहने वाले आसिफ पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दामाद को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। आरोपी ससुर की तलाश जारी है, पीड़ित की मानें तो पीएम आवास के लिए 50 हजार की पहली किस्त आई थी, उसी किस्त को लेकर ससुर से वाद विवाद हुआ और ससुर-सास ने मिलकर उसके ऊपर धारदार हथियार चपड़ से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर पर काफी गंभीर चोट आई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जनता दर्शन में 84 शिकायतें आईं

फतेहपुर। गुरूवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना।

उन्हें आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समय के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान कुल 84 शिकायतकर्ताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के तहत निस्तारण किया जाये।

लक्ष्मणपुर की सड़क चतुर्गुनपुर में बनी

संवाददाता थरियांव

अमृत विचार। लक्ष्मणपुर गांव मे बन रहे सीसी मार्ग का कुछ लोगों के विरोध करने पर ठेकेदार ने रोड चतुर्गुनपुर गांव में बनवा दी। सदर विधायक ने उद्घाटन भी कर दिया, जिसके शिलालेख में लक्ष्मणपुर लिखा है। यह क्षेत्रीय ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना है।

हसवा विकासखंड के लक्ष्मणपुर मजरे रामपुर थरियांव में 170 मीटर सीसी मार्ग सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी ने अपनी निधि से पास किया था। सीसी मार्ग बनने का कार्य चालू हो गया था और सीसी मार्ग का पूरा फाउंडेशन बनकर तैयार हो गया था। तभी गांव के कुछ लोगों के विरोध करने पर ठेकेदार ने उस रोड को चतुर्गुनपुर मजरे रामपुर थरियांव में बनाकर तैयार कर दिया।

बुधवार शाम सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी अपने साथियों के साथ चतुर्गुनपुर पहुंचकर सीसी मार्ग का उद्घाटन कर दिया। बोर्ड देख ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा है। क्योंकि बोर्ड में लक्ष्मणपुर गांव का नाम लिखा हुआ है। जो जांच का विषय है।

विधायक ने कर दिया दूसरी सड़क का उद्घाटन। अमृत विचार

- विधायक ने किया उद्घाटन शिलापट में लक्ष्मणपुर दर्ज

मासिक बैठक | प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में रजिस्टरों के डिजिटलीकरण पर जोर

शिक्षकों की 15 से ऑनलाइन हाजिरी लगना जरूरी

संवाददाता, धाता-फतेहपुर

अमृत विचार। कस्बे के रामरूप सिंह, धनराज सिंह इंटर कालेज में बीईओ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने 15 जुलाई से शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी और रजिस्टरों के डिजिटलीकरण पर जोर दिया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा दिए गए टैबलेट में गड़बड़ी की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने कहा कि जो भी समस्या है उसके संबंध में लिखित सूचना बीआरसी में दें। ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सिमकार्ड वितरित किए गए। पंजिकाओं के डिजिटल बनाने, शिक्षक तथा बच्चों की उपस्थिति के लिए डिजिटिलाइजेशन के आदेश के अंतर्गत प्रधानाध्यापक एवं सीनियर शिक्षकों को सिमकार्ड दिए गए। शिक्षकों व बच्चों की अब डिजिटल उपस्थित होगी। सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के बाद सिम कार्ड मुहैया कराने के पर आनलाइन हाजिरी पर शिक्षक बेचैन दिखाई दे रहे हैं।

प्रधानाध्यापक को डीबीटी, संचारी रोग जागरूकता, ऑनलाइन हाजिरी, यू-डाएस कंप्लीट करने पर विशेष जोर दिया गया। एआरपी हनुमंत प्रताप सिंह द्वारा नवीन नामांकन, निपुण विद्यालय बनाने की वार्षिक कार्ययोजना, विद्यालय में एकेडमिक कैलेण्डर की क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना, दीक्षा एप पर ऑनलाइन प्रशिक्षण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन, निपुण एप का नियमित प्रयोग करने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही इन कार्यों होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए विस्तार से चर्चा की। डिजिटलाइजेशन के संबंध में प्रधानाध्यापकों के जानकारी पर उन्होंने बताया अभी रजिस्टरों के डिजिटलीकरण के साथ ऑफलाइन रजिस्टर भी बनाए जायेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि परिवार सर्वेक्षण एवं 31 जुलाई तक 6 साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चों का नामांकन करें। प्रत्येक विद्यालय में पानी की टंकी से कनेक्शन होना है। अब सबमर्सिबल उपयोग में नहीं आएंगे। विद्युत कनेक्शन के संबंध में प्रधानाध्यापकों से जानकारी ली। उन्होंने कहा अंतरजनपदीय स्थानांतरण में कंपोजिट विद्यालय विरधौलपुर से विजयलक्ष्मी देवी एवं प्राथमिक विद्यालय ओरहा से जय सिंह को तुरंत रिलीव होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एआरपी हनुमंत प्रताप सिंह के अतिरिक्त प्रधानाध्यापक राजेश सिंह, जय कीर्ति सिंह, चक्रधर मिश्रा, अवनीश कुमार सिंह इंद्रजीत सिंह, सुनील कुमार सिंह, ओमचंद गुप्ता, राजीव सिंह, सतीश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, आनंद कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रतिमा देवी, किरन देवी, माया देवी सहित समस्त प्रधानाध्यपक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

बैठक के बाद जिम्मेदारों को सिम कार्ड बाटे गये। अमृत विचार

बीआरसी में शिक्षकों की हुई बैठक

किशनपुर। विजयीपुर क्षेत्र के बीआरसी प्रांगण में गुरुवार खण्ड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्र भर के शिक्षकों की बैठक आयोजित हुई। जहां सभी एआरपी की मौजूदगी में कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के अंत में सभी प्रधानाध्यापकों को अपने- अपने विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के लिए मोटिवेट किया गया और डिजिटाइजेशन हेतु निर्देशित कर सिम वितरण किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे।

बदलते परिवेश में नए प्रयोग करें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गुरुवार को शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू किया गया। मुख्य अतिथि बीएसए पंकज यादव ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों को बदलते परिवेश में उसे नित नए प्रयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 72 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। प्रधानाचार्य ने महर्षि जी द्वारा प्रतिपादित भावातीत ध्यान एवं ध्यान सिद्धि कार्यक्रम तथा चेतना पर आधारित शिक्षा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज शिक्षण परिदृश्य में डिजिटल लर्निंग का प्रभाव देखा जा रहा है। शिक्षक को आधुनिक शिक्षण पद्धति के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है। शिक्षकों को सदैव वास्तविक जीवन के उदाहरण जैसे ग्लोबल वार्निंग क्लाइमेटिक चेन्ज आदि गंभीर विषयों पर जागरूक होने की आवश्यकता है।

रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय की शिक्षिका गीता त्रिपाठी ने अनुभवात्मक शिक्षण तथा आरके चौबे ने आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग को पाठ्यक्रम में शामिल कर पढ़ाने की दक्षता विकसित की। वहीं विनय त्रिपाठी ने गणित विषय को कैसे रुचिकर और आसान बनाये इस विषय पर जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किए। विमलेश मिश्रा ने कक्षा प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने शिक्षकों को सलाह दी कि इन तीन दिन में सीखे हुए अपने इस ज्ञान को कक्षा में लागू कर सके तो प्रशिक्षण की उपयोगिता सिद्ध होगी। इस मौके पर शिक्षक गम्भीरता के साथ प्रशिक्षण लेते नजर आए।

प्रशिक्षण में भाग लेते शिक्षक। अमृत विचार

एक नजर

स्वरोजगार के लिए लोन का आवेदन करें

कन्नौज। परियोजना अधिकारी डूडा गिरीश चंद्र ने बताया कि दीन दयाल अंत्योदय-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम ऋण में व्यक्तिगत व समूह को लाभ दिया जाना है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य मिल गया है। इसके आवेदन किए जा सकते हैं। पीओ डूडा का कहना है कि अप्रैल 2024 से सितंबर 24 तक के लिए नगर पालिका परिषद कन्नौज को भौतिक लक्ष्य 10 व्यक्तिगत व एक समूह को मिलेगा। गुरसहायगंज का भौतिक लक्ष्य पांच व्यक्तिगत व एक समूह और छिबरामऊ भौतिक लक्ष्य सात व्यक्तिगत व एक समूह को मिलेगा। इच्छुक शहरी गरीब परिवारों के सदस्य सरायमीरा निकट रोडवेज बस अड्डा स्थित कार्यालय शहर मिशन प्रबंधन इकाई, डूडा में किसी भी कार्यदिवस में योजना की जानकारी व आवेदन कर सकते हैं। इससे वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं।

जमीन विवाद में परिवार में हुई मारपीट, एक घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम रौरी निवासी एक परिवार में जमीन को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया की मारपीट होने लगी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौरी निवासी महेंद्र पुत्र सोरन सिंह ने बताया कि परिवार के लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर उक्त सभी ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिस पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

52 परीक्षार्थियों ने छोड़ी एमएम आईटी पॉलीटेक्निक परीक्षा

जलालाबाद, कन्नौज। एमएम आईटी पॉलीटेक्निक में चल रही फार्मेसी की वार्षिक परीक्षा गुरुवार को दो चरणों में हुई। केंद्र अधीक्षक उमेश चंद्र ने बताया कि चार फॉर्मेसी कॉलेजों का सेंटर पॉलीटेक्निक में आया है। पांचवें दिन प्रथम पाली में पंजीकृत 181 परीक्षार्थियों में से 136 ने परीक्षा दी जबकि 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 128 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 121 ने परीक्षा दी। इसमें सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 52 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्र अधीक्षक ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। इस दौरान सहायक केंद्र अधीक्षक अंकित द्विवेदी, नीरज कुमार, रामसजीवन, उदय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

ठेका सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल, धरना प्रदर्शन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। विभिन्न मांगों को लेकर ठेका सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए। इससे नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर कूड़ा फेंका और जूलूस निकाल नारेबाजी की। इसके बाद नगर पालिका परिसर में धरना पर बैठ गए। इसके बाद अधिशासी अधिकारी को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपकर मांगें पूरी करने को कहा।

गुरुवार सुबह से ही ठेका सफाई कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। नगर की सड़कों पर कूड़ा फैला कर जुलूस निकाला और नारेबाजी की। इसके बाद नगर पालिका परिसर में धरना पर बैठ गए। ठेका सफाई कर्मियों ने 14 माह का बकाया पीएफ जमा कराने और हर माह पीएफ दिए जाने की मांग की। प्रतिदिन मजदूरी के 395 रुपये व सफाई के सभी उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। माह की पांच तारीख को मानदेय खातों में भेजने और बिना नोटिस कर्मचारी को न हटाने की मांग रखी। कहा कि मृतक कर्मी के परिवार के सदस्य को नौकरी दी जाए। मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी अनिल ने कर्मियों को समझाया और मांगों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने बताया कि ठेका सफाई कर्मियों की उचित मांगों को मान लिया गया है। पीएफ का पैसा खातों में भेज दिया गया है। सफाई कर्मियों को ठेका कंपनी द्वारा लगाया गया है। यह अनुचित मांगों को पूरा कराने के लिए अनावश्यक नारेबाजी व धरना, प्रदर्शन कर नगर पालिका पर दबाब बना रहे हैं जो गलत है।

नगर पालिका में धरने पर बैठ कर प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मी। अमृत विचार

अधिशासी अधिकारी से वार्ता करते ठेका सफाई कर्मी। अमृत विचार

1340 कन्याओं को मिलेगा हाथ पीले करने का 'शगुन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2023-24 के सापेक्ष इस साल करीब दोगुना हो गया लक्ष्य
- अभिभावकों की सालाना आमदनी भी बढ़कर एक लाख रुपये हुई

अमृत विचार। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से कन्याओं के हाथ पीले करने पर 20-20 हजार रुपये शादी अनुदान मिलता है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य बढ़कर 1340 लाभार्थियों का हो गया है जबकि पिछले वर्ष 2023-24 में तीन बार बढ़ाने के बाद भी लक्ष्य 704 ही रहा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि पिछले साल 312 कन्याओं के लिए ही बजट था। उसके बाद लक्ष्य बढ़कर 623 बेटियों के लिए कर दिया गया। अंत तक लाभ 704 आवेदकों को मिला। इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य करीब दोगुना हो गया है। खास बात यह है कि पिछले साल तक आवेदक की सालाना आमदनी गरीबी रेखा के नीचे होनी चाहिए थी, लेकिन नए नियम के मुताबिक अब एक लाख रुपये सालाना आय वाले भी शादी अनुदान का आवेदन कर सकेंगे। लड़की के अभिभावक की ओर से विभागीय वेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर शादी के 90 दिन पहले अथवा शादी के 90 दिन के अंदर ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य है।

ठठिया के जैनपुर में निर्माण कार्य ढहाने के मामले ने तूल पकड़ा

सिविल जज के निर्णय पर एसडीएम ने चलाई 'जेसीबी'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। तहसील तिर्वा इलाके के ठठिया जैनपुर में जिस विवादित निर्माण कार्य पर एसडीएम अशोक कुमार के नेतृत्व में जेसीबी चलाई गई है वहां सिविल जज जूनियर डिवीजन की ओर से स्थगनादेश लागू है। सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख लगी हुई है। इसमें कहा गया है कि मुकदमे का निस्तारण होने तक वादी को बेदखल न किया जाए और कोई भी व्यक्ति वहां कब्जा न करे। इन सबको दरकिनार कर उप जिलाधिकारी ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी।

अधिवक्ता अरविंद वर्मा ने वादी के लिए इस मामले की जिला कचहरी से नकल जारी कराई है। 27 मई के इस आदेश में जिक्र है कि सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। गंगाचरन बनाम गंगाराम आदि के बारे में मांगी गई सूचना के बारे में कहा गया है कि प्रतिवादी के खिलाफ पट्टाशुदा आराजी का क्षेत्रफल 81.78 वर्ग मीटर का बैनामा 12 फरवरी 2024 को किया गया है को शून्य व फर्जी घोषित कर दिया जाए। इसकी सूचना उप निबंधक कार्यालय सदर तिर्वा में प्रेषित की जाए। साथ ही वादी को कब्जा दखल में प्रतिवादी किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें व वाद का निस्तारण होने तक वादी को बेदखल न करें। जमीन पर कब्जा न करें और वादी के अध्यासन में कोई हस्तक्षेप न करें। कोई ऐसा कार्य न करें जो वादी के हितों के विपरीत हो। अगली सुनवाई आठ जुलाई को न्यायालय में होगी।

हालांकि उससे पहले ही विवादित जगह पर जेसीबी चलवाकर निर्माण कार्य ध्वस्त करा दिया गया। हालांकि लोगों का कहना है कि नाले पर बना अवैध निर्माण ही गिराया गया है।

तिर्वा तहसील का मुख्य गेट। अमृत विचार

- वाद निस्तारित होने तक वादी को बेदखल न करने का है आदेश
- विवादित प्लॉट पर 8 जुलाई लगी है सुनवाई की अगली तारीख

कोर्ट के स्टे की जानकारी नहीं

मुझे जानकारी नहीं है कि कोर्ट का स्टे है। न ही किसी ने उसकी प्रति उपलब्ध कराई। अगर किसी के पास इसकी कॉपी है तो जानकारी नहीं है।

अशोक कुमार, एसडीएम तिर्वा

इनके नाम हैं पट्टे के कागज

- गंगाचरन पुत्र भज्जीलाल उर्फ जग्गीलाल कोरी निवासी कुरियाना ठठिया के नाम गाटा संख्या 439 व 422 में वर्ष 2004 में आवासीय पट्टा स्वीकृत हुआ है। इसमें गंगाचरन के नाम 439 में पट्टे का क्षेत्रफल 65 वर्ग मीटर व 422 में 15 वर्गमीटर है। गंगाचरन के पुत्र हेतराम ने बताया कि नौ जून 2023 को इसकी सूचना मांगी थी जो तिर्वा तहसीलदार की ओर से 12 तारीख को मुहैया करा दी गई। इसी तरह गंगाराम निवासी टिकौरियनपुर्वा ठठिया के नाम से 28 जून को दी गई तलाशपता में जानकारी के मुताबिक गाटा संख्या 439 में पांच जनवरी 2005 को आवासीय आवंटन हुआ है। इस सूचना में यह भी बताया गया कि आवंटन एसडीएम ने किया है।

जून में खुद दिलाया था कब्जा

- गंगाचरन के पक्ष की ओर से कहा गया है कि तहसील तिर्वा प्रशासन की ओर से उनको उसी जमीन पर कब्जा दिलाया गया था जहां जेसीबी चला दी गई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने पहले उसी को वैध बताया अब अवैध घोषित कर दिया। जबकि न्यायालय की ओर से स्टे लगा हुआ है।

अवैध कब्जों पर चलाया गया बुलडोजर। अमृत विचार

कायमपुर में अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- आंबेडकर पार्क की जमीन पर छह लोगों का था कब्जा
- घर की दीवार, शौचालय बना कर डाल रखे थे टिनशेड

अमृत विचार। आंबेडकर पार्क पर छह लोगों द्वारा घर की दीवारें, शौचालय बनाकर व टिनशेड डालकर कर कब्जा कर लिया गया। न्यायालय तहसीलदार छिबरामऊ के आदेश पर राजस्व टीम व पुलिस की मौजूदगी में इन सब पर बुलडोजर चलवा दिया गया। इस दौरान अवैध कब्जेदारों से कई बार पुलिस की नोकझोंक भी हुई।

कायमपुर गांव में गाटा संख्या 1118 की लगभग डेढ़ बीघा जमीन आंबेडकर पार्क के नाम पर है जिस पर गांव के ही जहांगीर पुत्र सद्दीक अली, आबिद अली पुत्र जब्बार अली, कमरुद्दीन, रफीक, समशुद्दीन पुत्रगढ़ सरताज अली एवं जमीला बेगम पुत्री इंत्याज अली ने मकान की दीवार एवं शौचालय बनाकर कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर कई बार राजस्व टीम वा ग्राम प्रधान ने पार्क की जमीन खाली कराने की चेतावनी भी दी। किसी ने आंबेडकर पार्क से अपने कब्जे को नहीं हटाया। गुरुवार को न्यायालय तहसीलदार छिबरामऊ के (धारा 67) बेदखली के आदेश पर राजस्व टीम से नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्या, कानून गो वीरभान सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल पिंकी यादव, आशीष अवस्थी, अखिलेश कुमार, राजेश सोनकर, विक्रम सिंह एवम सौरिख थाने की पुलिस समेत बुलडोजर लेकर पहुंच कर अवैध कब्जे ढहा दिये। कई बार अवैध कब्जेदारो की राजस्व टीम वा पुलिस से नोकझोंक भी हुई। वहीं आंबेडकर पार्क को कब्जा मुक्त कराकर ग्राम प्रधान को सौंपा गया।

संचारी रोगों की रोकथाम को चलाएं अभियान

जलालाबाद, कन्नौज। संचारी रोगों से बचाव और इसकी रोकथाम के लिए ब्लॉक सभागार में बैठक कर चर्चा की गई। इसमें ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायकों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

गुरुवार को एमओआईसी मनोज कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम व बचाव के लिए सचिव, प्रधान व पंचायत सहायकों से चर्चा की गई। एमओआईसी ने कहा कि सभी लोग अपनी ग्राम पंचायत में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक करें।

बीएमसी हिना कौसर ने बताया कि अपने घर के आसपास जलभराव न होने दें। असमे मच्छर न पनप पाएं। अपने घर के भीतर व आसपास साफ सफाई रखें। दिमागी बुखार, मलेरिया, टाइफाइड, दस्त आदि होने पर डॉक्टर से परामर्श लें। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण समय से कराए। इस दौरान बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, डॉ. शिवांगी, डॉ. उदयवीर, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज, सचिव प्रियंका यादव, प्रमोद यादव, रामानंद यादव, बीएमसी हिना कौसर, डब्लूएचओ मॉनिटर आजाद आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

अवैध खनन कर रहीं 3 ट्रैक्टर ट्रॉलियां सीज कीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सरायमीरा पुलिस ने गुरुवार को अवैध खनन में लगीं 3 ट्रैक्टर ट्रालियां सीज कर दीं। सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने बताया कि वह शहर में गश्त कर रहे थे। उसी समय मंडी समिति के बाहर तीन ट्रैक्टर ट्रालियों में मिट्टी भरकर जा रही थी। उन्होंने ट्रैक्टर चालकों रोक कर उनसे खनन के दस्तावेज मांगे, तो वह नहीं दिखा सके। इस पर तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सदर कोतवाली में खड़ा करवा दिया गया और उन्हें अवैध खनन में संलिप्त होने पर सीज कर दिया गया। पकड़े गए ट्रैक्टर चालक ग्राम अलियापुर निवासी अर्जुन पुत्र हरीराम, नसरापुर निवासी अजीत पुत्र सुनील, कुतलुपुर मकरंदनगर निवासी राजा पुत्र इंद्रपाल को हिरासत में लेकर जानकारी की जा रही है। अभी यह पता नही चल पाया है कि अवैध खनन किसने करवाया था और मिट्टी कहां जा रही थी। चालको को छुड़वाने के लिए कई राजनीतिक दलों के लोग कोतवाली में डेरा जमाए रहे। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच चल रही है। जांच में यदि अवैध खनन पाया गया तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसकी जानकारी खनन अधिकारी को भी दी गई है। मालूम हो कि जिले में अवैध खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। जानकारी होने के बाद भी खनन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। कभी कभार कार्रवाई के नाम पर एक दो वाहन सीज कर आधिकारी शांत बैठ जाते हैं।

स्कूल आने वाले नए बच्चों के बनाएं आधार कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक ली। इसमें बीएसए उपासना रानी वर्मा को निर्देश दिए कि 15 जुलाई से सभी अध्यापकों की उपस्थिति ऑनलाइन शुरू की जाए। अध्यापक और बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होनी चाहिए।

पहली अप्रैल 2024 से 20 मई तक 6912 नए बच्चों के प्रवेश लिए जाने की जानकारी दी गई। इस पर पहली जुलाई से स्कूल चलो अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि शिक्षक विद्यालय से शिक्षण कार्य करने के बाद अपने-अपने क्षेत्र के अभिभावकों के घर पहुंचकर परिषदीय विद्यालयों की योजनाओं के बारे में बताएं। आरबीएसके टीम की ओर से विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाए। मिडडे-मील रोस्टर के हिसाब से दिया जाए। साथ ही भोजन की गुणवत्ता सही हो। जो नए बच्चे स्कूल आ रहे हैं उनके आधारकार्ड बनाए जाएं।

डीएम ने निपुण भारत मिशन की आगामी कार्य योजना बनाने को भी कहा। आगे कहा कि आलस्य छोड़कर बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसमें बीईओ रुचि लेकर कार्य करें। बीएसए से कहा कि बच्चों को किताबें समय से वितरित करा दी जाएं। जो किताबें बचें, उन्हें उचित स्थान पर रखा जाए। अधिकारी विद्यालयों में निरीक्षण कर उसे प्रेरणा एप्प पर पोस्ट करें।

बैठक में मौजूद पीडी रामऔतार व बीएसए उपासना रानी वर्मा। अमृत विचार

- निपुण भारत मिशन की कार्ययोजना बनाने के दिए गए निर्देश
- जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

काली सूची में डाली गईं ठेकेदार साबिया बेगम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिपं में ई-टेंडरिंग के लिए जमानत के बांड लगाए फिर करा लिया बैंक से भुगतान
- फर्जी मोहर लगाकर ऑफ लाइन बिड के लिए भी प्रतिभूति प्रपत्र लगाने का आरोप

अमृत विचार। जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदार साबिया बेगम पत्नी मुस्लिम अली को काली सूची में डाल दिया गया है। उन पर आरोप है कि ई-टेंडरिंग के लिए आमंत्रित निविदाओं में जमानत के बांड लगाए गए थे, उसका बिना अपर मुख्य अधिकारी की अनुमति बैंक से भुगतान करा लिया गया। साथ ही फर्जी मोहर लगाकर ऑफ लाइन बिड के लिए प्रतिभूति प्रपत्र लगा दिए गए।

जिम्मेदारों की ओर से बताया गया है कि छह व सात मार्च 2024 को ई-टेंडरिंग के जरिए निविदा मांगी गईं थीं। इसमें कांट्रेक्टर साबिया बेगम ने भी प्रतिभाग किया। निविदा जमानत के रूप में 19 जनवरी को तीन अलग-अलग डीसीए संख्या से 50-50 हजार रुपये के बांड एचडीएफसी बैंक शाखा सौरिख से जारी कराकर जिला पंचायत में बंधक कराकर ऑफ लाइन बिड के जमा किए गए। जिला पंचायत ने इसे प्रमाणित कराने के लिए शाखा प्रबंधक को पत्र लिखा। उसके बाद जारी हुई रिपोर्ट से पता चला कि बिना एएमए की अनुमति से बैंक से भुगतान करा लिया गया। सभी प्रतिभूति प्रपत्रों के दो-दो अन्य फर्जी मोहर लगाकर ऑफ लाइन बिड के साथ प्रस्तुत किए गए। इस कृत्य को जिला पंचायत ने गंभीर व आर्थिक अपराध में माना है। साथ ही संविधान का अनुच्छेद 298 संघ और राज्य का हवाला देते हुए कांट्रेक्टर साबिया बेगम मोहल्ला सुभाषनगर सौरिख जो जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदार हैं को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। इसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, एएमए जग प्रसाद मौर्य, जेई हरेंद्र राव आदि ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव पास किया है।

बढ़ते कदम | 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विशेषज्ञों से मिलकर लीं जानकारियां

एफएफडीसी की मदद से नेपाल व भूटान में बढ़ेगा एरोमा उद्योग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। स्थानीय फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर नेपाल व भूटान के एरोमा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सहयोग करेगा। यहां पहुंचे प्रतिनिधिमंडल को इस बारे में केंद्र की तरफ से आश्वस्त किया गया।

एफएफडीसी कन्नौज में भूटान व नेपाल से एक विशेष प्रतिनिधि मण्डल इण्टरनेशनल सेन्टर फॉर इन्टेग्रेटेड माउण्टेन डेवलेपमेन्ट, नेपाल के तत्वावधान में सुगन्धित तेलों एवं इत्र के उद्योग में संभावनाओं को जानने के लिए पहुंचा था। सदस्यों ने एफएफडीसी से अपने देश में एरोमा उद्योग के विकास को लेकर तकनीकी सहयोग मांगा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने बंगलूरू व फिर हैदराबाद के राष्ट्रीय पोषण संस्थान का भी भ्रमण किया।

केंद्र के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल 18 सदस्यों में अनु जोशी श्रेष्ठ, ग्रामीण उद्योग एवं मूल्य श्रृंखला विशेषज्ञ, इं. उमेश कुमार गुप्ता, कार्यकारी निदेशक, इन्डस्ट्रियल इण्टरप्राइज डेवलेपमेन्ट इन्स्टीट्यूट, सुश्री सोनम चोफेल, अध्यक्ष, ड्रकसेल ग्रुप, कुएंगा धेंडप, मैनेजिंग पार्टनर, किंगडम एसेन्स, खिलेन्द्रा गुरुंग, निदेशक हिमालयन बायो ट्रेड प्रा. लि., नेपाल एवं सुश्री प्रतिभा पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैटेलिस्ट टेक्नॉलॉजी प्रा. लि. नेपाल के अलावा अन्य अधिकारी तथा उद्यमी भी शामिल रहे। दल का नेतृत्व डॉ. एस.के. बारिक, प्रवक्ता, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग ने किया। प्रधान निदेशक ने कन्नौज ने सुगन्धित तेल एवं इत्र के मूल्य श्रृंखला और बाजार में संभावनाओं की जानकारी दी। ऐसे सुगन्धित तेलों के नाम बताये जो कि नेपाल व भूटान की जलवायु तथा भौगोलिक परिदृश्य में उपयुक्त हैं। उन्होंने नेपाल व भूटान हेतु सुगन्ध रोड मैप, प्रशिक्षण व तकनीकी सहयोग के साथ-साथ निर्मित उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध कराने में एफएफडीसी की तरफ से मदद करने का भरोसा दिलाया। उप-निदेशक डॉ. नदीम अकबर ने केन्द्र में सुगन्धित तेलों के प्रसंस्करण के लिए उपलब्ध विभिन्न इकाइयों के बारे में जानकारी दी तथा गुणवत्ता जांच वाली प्रयोगशाला का भ्रमण कराया।

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर केंद्र ने उनके देश में सुगन्ध उद्योग के विस्तार के लिए तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान उप निदेशक पी.सी. सिंह, सहायक निदेशक, ज्ञानेन्द्र सिंह वैज्ञानिक अधिकारी, मुनेन्द्र त्रिपाठी, कमलेश कुमार, वैज्ञानिक अधिकारी (कृषि) एवं रिचिक शुक्ला उपस्थित रहे।

एफएफडीसी की लैब में नेपाल व भूटान के प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर नदीम अकबर व साथ में प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल।

सफाई कर्मचारी के न आने से बजबजा रहीं नालियां

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम पंचायत मिघौली में सफाई कर्मी के न आने से नालियां गंदगी से भरी हैं। गर्मी में बीमारियों का प्रकोप देख ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी तैनात किए जाने की मांग की है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिघौली निवासी चंद्र शाक्य, संजय, विकास माथुर, अजीत, राम आसरे, रामशरन माथुर व पप्पू शर्मा सहित ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी के न आने के कारण नालियां गंदगी से भर गई हैं। इससे बीमारियां फैल रही हैं। कई बार ग्राम प्रधान से भी समस्या के समाधान की बात की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और अब बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में सफाई न होने पर गंदगी का अंबार लग जाएगा। ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी तैनात किए जाने की मांग की है।

छात्रावास में नशीली सामग्री मिली तो की जाएगी कार्रवाई

डीएम ने कल्याण विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पेंशन, शादी अनुदान व वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी की
- वृद्धाश्रम की साफ-सफाई व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर रखें नजर

अमृत विचार। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में समाज कल्याण, महिला कल्याण, अल्पसंख्यक वर्ग, पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगजन आदि विभागों की योजनाओं को लेकर बैठक की। साथ ही निर्देश दिए कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में किसी प्रकार के नशे की सामग्री नहीं होना चाहिए। इसको लेकर निरंतर निरीक्षण किया जाए। साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाए।

बुधवार को बैठक में कहा गया कि जनपद में अप्रैल तक कुल 61,776 वृद्धावस्था पेंशन, 32,663 निराश्रित महिला पेंशन व 14,794 दिव्यांग पेंशन धारकों को पेंशन दी गई है। डीएम ने कहा कि पेंशन से संबंधित जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1077 से प्राप्त की जा सकती हैं।

कहा कि दिव्यांगजनों को सभी प्रकार की सुविधा होनी चाहिए। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। दिव्यांग बच्चों के माता-पिता के साथ मीटिंग कर सुविधाओं की जानकारी दें। पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम में कुल 120 बुजुर्ग पंजीकृत हैं। इनके स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार रहे।

गांधी सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व सीडीओ रामकृपाल चौधरी।

लापरवाह शिक्षकों को हटाएं

- डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का समय-समय पर फीडबैक लिया जाए। जिन शिक्षकों की ओर से लापरवाही पाई जाती है उन्हें हटाकर दूसरे शिक्षक को रखा जाए।

इन योजनाओं की समीक्षा

- छात्रवृत्ति वितरण, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, ओ-लेवल/सीसीसी प्रशिक्षण आदि योजनाओं की जानकारी ली। कहा, कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। सरकार की मंशा है कि गरीब तबके के लोगों को सभी सुविधा मुहैया कराई जाएं।

तेज गति से दौड़ रहे डंपरों पर लगेगा अंकुश

कन्नौज। जिले में हादसों की रोकथाम के लिए सड़कों पर तेज गति से दौड़ रहे डंपरों पर अंकुश लगेगा और नेशनल हाईवे पर अनाधिकृत कटों को बंद किया जाएगा। गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को कांवड़ यात्रा से पहले महादेवी घाट रोड को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि गोलकुआं से पाल चौराहा तक अतिक्रमण को हटाया जाए और सभी होर्डिंग-बैनर भी उतारे जाएं। जिले में जो भी अंडरपास हैं, वहां लाइट लगवाई जाए, जिससे कि रात के समय हादसे न हों। उन्होंने एआरटीओ इज्या तिवारी को निर्देश दिये कि बिना फिटनेस चल रहे एलपीजी वाहनों को सीज किया जाए।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्कूलों में यातायात जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किए जाएं। वहीं, पुलिस बिना ड्राइविंग लाइसेंस, सील-बेल्ट, हाईस्पीड, बिना हेलमेट, मोडीफाइड साइलेंसर व प्रेशर हार्न पर कार्रवाई करें। बैठक में एडीएम आशीष कुमार सिंह, एएसपी डॉ. संसार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

गैंग लीडर को पांच, साथियों को चार-चार साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना
- चोरी-हत्या जैसी कई घटनाओं को गिरोह बनाकर दे रहे थे अंजाम, कोर्ट ने भेजा जेल

अमृत विचार। चोरी, हत्या जैसे संगीन अपराधों को गिरोह बनाकर अंजाम देने वाले चार युवकों को सजा सुनाई गई है। इसमें गैंगलीडर को पांच साल तो तीन साथियों को चार-चार साल कैद हुई है और कोर्ट ने सभी पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। सभी दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि 25 अप्रैल 2013 को सदर कोतवाली के तत्कालीन थाना प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी ने शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर सरायमीरा निवासी बोटा कठेरिया, तिर्वा क्रासिंग निवासी गोविंद, शिवाजी नगर सरायमीरा निवासी चंदन राठौर व मोहल्ला सफदरगंज निवासी राहुल राठौर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। 20 अप्रैल 2013 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने गैंगचार्ट को अनुमोदित किया था और पुलिस अधीक्षक ने संस्तुति की थी। 11 सितंबर 2014 को पुलिस ने चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि बोटा गैंगलीडर है जो अपने चार-पांच साथियों का गिरोह बनाकर चोरी, लूट व हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देता है और शहर में इनका आतंक है।

अभियोजन पक्ष की तरफ से छह गवाह पेश किए गए। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंदकुमार ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद तथा समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत गैंगलीडर बोटा को पांच वर्ष की कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वहीं, उसके साथी गोविंद, चंदन राठौर व राहुल राठौर को चार-चार वर्ष की कैद और प्रत्येक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें सभी की गिरफ्तारी की अवधि को भी समायोजित किया जाएगा।

एससी-एसटी एक्ट में युवक को चार साल की कैद

- शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली के मोहल्ला कानून गोयान निवासी राजेश दिवाकर ने तीन मई 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था कि रात 9 बजे के करीब बेटा कुनाल दिवाकर घर जा रहा था। रास्ते में मोहल्ले का ही कन्हैया सिंह यादव बाइक लेकर खड़ा था, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। कुनाल ने जब बाइक हटाने को कहा तो कन्हैया ने जातिसूचक गालियां दीं। जब उन्होंने कन्हैया के पिता शंभू सिंह यादव से शिकायत की तो उन्होंने भी अपने बेटों कन्हैया, सागर यादव, महेंद्र यादव के साथ उन पर हमला बोल दिया तथा मारपीट कर घायल कर दिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए और विवेचना कर रहे तत्कालीन सीओ सिटी श्रीकांत प्रजापति ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) हरिप्रसाद ने कन्हैया सिंह यादव को दोष सिद्ध करते हुए मारपीट व गाली-गलौज में एक-एक साल की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड तथा एससी-एसटी एक्ट में चार वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने शंभू सिंह यादव, सागर यादव व महेंद्र यादव को दोषमुक्त कर दिया।

रास्ते से पिकअप निकालने को लेकर हुई जमकर मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। रास्ते से पिकअप निकालने को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रूपपुर निवासी शिवम पुत्र ब्रजबरन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 25 जून की सुबह लगभग 09 बजे वह पिकअप लेकर गांव से गुजर रहा था। तभी रास्ते से पिकअप निकालने के विवाद को लेकर गांव के पुष्पेन्द्र, जसविन्दर, पंकज पुत्रगण सुरेश चन्द्र, यशेन्द्र पुत्र लवकुश ने गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

आगे चल रहे वाहन से टकराई कार, दो घायल

सौरिख, कन्नौज। नई दिल्ली थाना नार्थ ईस्ट महिपाल एक्सटेंशन हाउस नंबर ए 337 निवासी चालक रोहित शेरावत पुत्र नरेश शेरावत अपने साथी राहुल पुत्र रामसेवक निवासी गांव कछी रहरी थाना सीकर जिला दरभंगा बिहार के साथ गुरुवार को नई दिल्ली से नेपाल जा रहे थे। सुबह लगभग छह बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 154 के पास तेज रफ्तार कार आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। इससे कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया तथा क्षतिग्रस्त कार को टोल प्लाजा पर खड़ा कर दिया गया। पेट्रोलिंग टीम द्वारा जानकारी दी गई कार चालक नशे की हालत में था।

एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई मिनी बस, चार घायल

तिर्वा, कन्नौज। गोरखपुर से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही मिनी बस गुरुवार की सुबह जैसे ही पचोर गांव के पास पहुंची तो चालक को झपकी आ गई। इसे अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार गोण्डा के आनंद नगर चौराहा दुल्हापुर निवासी विनय कुमार पुत्र लक्ष्मन, किरन पत्नी विनय कुमार, जमादार पुर्वा निवासी हारून अली पुत्र महबूब आली, नागेश कुमार पुत्र रामप्रकाश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा एंबुलेस घायलों को मेडिकल कॉलेज ले आई। प्राथमिक उपचार कराने के बाद चारों यात्री दिल्ली चले गए।

बाइक की टक्कर से किशोरी घायल, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम सराय बारामऊ बांगर निवासी नेकराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 26 जून की सुबह 1.30 बजे उसकी पुत्री जानवी उर्फ पल्लवी दरवाजे के बाहर खड़ी थी। तभी तेज गति से बाइक चलाते हुए आ रहे गांव के नीलेश ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गई। उसने पुत्री को अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक फिसलने से युवक घायल, हालत गंभीर

छिबरामऊ, कन्नौज। जनपद मैनपुरी के भदोही निवासी सौरभ चौहान पुत्र विजय प्रताप सिंह बाइक से कहीं जा रहा था। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम प्रेमपुर के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां हालत में सुधार न देख डॉ भीमराव अंबेडकर राम जी तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

किराना की दुकान पर बिक रही देशी शराब

छिबरामऊ, कन्नौज। किराना की दुकान पर अब दाल चावल आटा के साथ देशी शराब की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। शराब बेंचने का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि ग्राम कसावा चौकी के पीछे एक किराना दुकान पर आटा, दाल, चावल के साथ देशी शराब की बिक्री की जा रही है। देशी शराब ठेका के सेल्समैन बबलू ने बताया कि कई बार मना किए जाने के बावजूद दुकानदार मनमानी करते हुए 100 रुपये का एक पौआ देशी शराब बेच रहे हैं। इसके वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दुकानदार दुकान के पीछे से शराब ग्राहकों को बेच रहा है। ग्राहक शराब की बोतल धीरे से जेब में रख लेता है और चला जाता है।

पेड़ से गिरकर मजदूर की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी उतारते समय गिरने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुत्र ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम आमपुर्वा निवासी प्रांशू पुत्र ग्रीश चन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 जून की शाम लगभग 05 .45 बजे ग्राम भुर्जानी निवासी राजेश, योगेश, आशीष, जनमेजय उसके घर आए और पिता ग्रीश चन्द्र से जाति सूचक गालीगलौज करते हुए जबरन बुला ले गए। इसके बाद पिता को ताड़ के पेड़ पर चढ़ा दिया। पेड़ से गिरने से उसके पिता घायल हो गए और मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं को बांटे गए टैबलेट

तिर्वा। मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति योजना के तहत गुरुवार को छात्र-छात्राओं को निशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने पॉलीटेक्निक कॉलेज के 262 तथा एमएमआईटी अनौगी के 84 के छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कोई छात्र टैबलेट के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रह जाए। विशेष अतिथि के रूप में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डी . वी . के . पात्रो तथा पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में संस्था के शशांक पटेल, श्रिया वर्मा, संचिता चौधरी, हर्षित बाजपेई, राजेश कुमार वर्मा तथा रामू कटियार आदि उपस्थित रहे।

बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनपद में शुरू हुआ अभियान 25 जुलाई तक चलेगा
- महिला चिकित्सालय में सीएमओ ने किया शुभारंभ

अमृत विचार। 9 माह से पांच साल की आयु तक के बच्चों को विटामिन ए की संपूर्ण खुराक पिलाई जाएगी। गुरुवार को महिला चिकित्सालय में सीएमओ ने बच्चों को खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 25 जुलाई तक चलेगा, जिसमें बच्चों को कुपोषण व रतौंधी से बचाने के लिए विटामिन ए की संपूर्ण खुराक पिलाई जाएगी।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया कि जिले में दो लाख से अधिक बच्चों को चिन्हित कर विटामिन ए की संपूर्ण खुराक पिलाई जाएगी। सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को विटामिन ए की बॉयल उपलब्ध करा दी गई है। सीएमओ ने बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में विटामिन ए की खुराक अति लाभकारी है।

इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.ओपी गौतम, एसीएमओ डॉ. एके जाटव, डॉ. केपी त्रिपाठी, डीएसओ डॉ बृजेश शुक्ला, एनएचएम के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्रभान सिंह, अपर शोध अधिकारी यतींद्र कुमार मंजुल, चिकित्सा अधिकारी डा.ज्योत्सना शुक्ला, डॉ. आतिफ हसन, डॉ. रवि प्रताप सिंह, पीयूषा दुबे, ज्योत्सना कुशवाहा, अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर निशात अल्वी उपस्थित रहे।

बाइक हटाने के विवाद में छह लोग घायल

गुरसहायगंज। पिकअप निकालने के दौरान बाइक हटाने को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज की और पीड़ित सहित उसके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट कराई है। ग्राम रूपपुर निवासी जसविंदर सिंह राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के समरपाल पुत्र कालिका प्रसाद, शिवम, सुमित, पुत्रगण अमरनाथ, शिवम, अनमोल पुत्रगण ब्रजबरन, शेखर पुत्र राजीव, अंजू पुत्री रामलखन, सनोज पुत्र रामलखन, धीरज पुत्र लक्ष्मीनरायन 25 जून की सुबह लगभग 08 बजे पिकअप निकालने के लिए मोटर साइकिल हटाने को कहा। इसको लेकर विवाद और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके भाई पुष्पेन्द्र, मां कमला देवी, पिता सुरेश चन्द्र, भतीजा शिवा, भतीजी कशिश को लाठी डंडों से मारापीटा।

स्टंटबाजों को पकड़ेगा स्पीड विजन रडार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- यातायात पुलिस ने शहर के कई स्थानों पर किया ट्रायल
- दिल्ली से आए इंजीनियर ने दी रडार संचालन की जानकारी

अमृत विचार। सड़क पर बाइक से स्टंट दिखाने वाले युवाओं की अब खैर नहीं होगी। यातायात पुलिस अब स्पीड विजन रडार से स्टंटबाजों पर नजर रखेगी और उन्हें पकड़कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को शहर में स्पीड विजन रडार का कई स्थानों पर ट्रायल किया गया। दिल्ली से आए इंजीनियर ने इसकी तकनीकी खूबियों के बारे में जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने यातायात पुलिस को अत्याधुनिक स्पीड विजन रडार दिलाया है, जिसका दिल्ली से आए इंजीनियर ने यातायात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। यातायात प्रभारी अपनी टीम के साथ स्पीड विजन रडार से चालान करेंगे। अभी तक एक्सप्रेस-वे में आईटीएमएस के जरिए, गतिसीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ऑटोमेटिक चालान होते थे लेकिन अब पूरे जनपद में कहीं भी इस यंत्र का प्रयोग करते हुए चालानी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इसकी विशेषता यह है कि इसमें बिना हेलमेट लगाए, बिना सीट बेल्ट और मोबाइल फोन से बात करते हुए वाहन चलाने पर भी चालान किए जाएंगे।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने बताया कि स्पीड विजन रडार से वाहन को बिना रोके चालान किया जा सकेगा। खास बात यह है कि इसमें वीडियो भी कैद हो जाएगा, जो साक्ष्य के तौर पर पुलिस के पास उपलब्ध होगा।

स्पीड विजन रडार से अवलोकन करते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

बालक की जान बचाने वाला सिपाही पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

अमृत विचार। एसपी ने करंट की चपेट में आए बालक की जान बचाने वाले सिपाही तथा बीट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सिपाहियों को पुरस्कृत किया है। एसपी ने बताया कि मित्र पुलिस की अवधारणा को धरातल पर साकार करने वाले पुलिस कर्मियों को इसी तरह सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कोतवाली गुरसहायगंज के सिपाही गजेंद्र कुमार को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गजेंद्र ने बुधवार को गोपाल नगर में दस साल का कमलेश पुत्र अनिल सैनी करंट की चपेट में आ गया था। मौके पर उपस्थित सिपाही ने लाठी से खंभे पर चिपके बच्चे को हटाया और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस तरह बच्चे की जान बच गई। इसी तरह एसपी ने तालग्राम थाने में तैनात महिला सिपाही प्रेमलता व सौरिख थाने के सिपाही जितेंद्र कुमार को बीट बुक के रखरखाव तथा क्षेत्र की सटीक जानकारी व उत्तम व्यवहार को लेकर 500-500 रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सिटी कमलेश कुमार भी उपस्थित थे।

सिपाही गजेंद्र को सम्मानित करते एसपी अमित कुमार।

कोर्ट के आदेश पर एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुरवा निवासी नाथूराम जाटव ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है कि गांव के संतोष, राजेश, वेदराम, रामविलास, सुनीता, लोकनाथ, भारत, ईश्वरी देवी, महेंद्र, शिवनंदन ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन का प्रधान संतोष ने अपने भाइयों को अवैध रूप से पट्टा कर दिया था। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने 30 मार्च को घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने जाति सूचक गालियां दीं और धारदार हथियार से वार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना सीओ सिटी कमलेश कुमार को दी गई है।

खेती किसानी | राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने शोध कर विकसित किया सॉफ्टवेयर

अब किसान अपने मोबाइल से कर सकेंगे फसल की निगरानी

अमृत विचार विशेष

रानू श्रीवास्तव, तिर्वा (कन्नौज)

अमृत विचार। अब किसान घर बैठे मोबाइल से या ड्रोन से अपनी फसल की निगरानी कर सकेंगे। साथी फसल में लगने वाले रोग और उसके निदान के बारे में जानकारी मिल सकेगी। किसानों के लिए यह मॉडल आधारित सॉफ्टवेयर वरदान साबित होगा। खास बात यह है कि इस शोध को अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका आईईईई (इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स) में प्रकाशित किया जाएगा।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की शोध छात्रा इंजीनियर शालिनी साहू ने कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर अभिषेक बाजपेयी के निर्देशन में फसलों में लगने वाले रोगों से परेशान किसानों की मदद के लिए एक मॉडल आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया है। इसके माध्यम से किसान घर बैठे या कहीं से भी अपने स्मार्ट फोन या ड्रोन की मदद से फसल की निगरानी कर सकेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रदत्त इस शोध में डीप लर्निंग मॉडल और अत्याधुनिक मॉडल स्विन ट्रांसफार्मर में बदलाव कर प्रस्तुत किया गया है। इस शोध का फायदा किसानों को होगा। इसके द्वारा आलू की पत्तियों में लगने वाले रोग जैसे झुलसा, परपरा, पीलापन का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लग जाएगा। यह साफ्टवेयर पहले ही किसानों को सूचित कर देगा। विशेष बात यह है कि इसकी सटीकता 98.9 प्रतिशत तक है यानि यह गलत जानकारी नहीं देगा।

बीमारियों की पहचान में यह सॉफ्टवेयर अति विश्वसनीय और फसल का उत्पादन बढ़ाने में मददगार साबित होगा। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक डॉ. रचना अस्थाना व कुलसचिव बीडीके पात्रो ने इंजीनियर शालिनी साहू का उत्साहवर्द्धन किया है।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का भवन। अमृत विचार

इं. शालिनी साहू

- फसल में रोग लगने पर मिलेगी सटीक जानकारी, किसानों के लिए बनेगा वरदान

छात्रा शालिनी साहू का यह शोध तकनीकी दुनिया में एक क्रांति लाएगा। यह शोध पत्र 26 जून को आईआईटी मंडी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विद्वानों को सुनाया गया और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका आईईईई में भी प्रकाशन के लिए चयनित कर लिया गया है। नवीनतम शोध कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए वरदान साबित होगा।

-प्रो. अभिषेक बाजपेयी, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज

जर्जर भवन में हो रहा टीकाकरण

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। बीते माह शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने नगर के चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन को परित्यक्त कर दिया। इसके बाद इसे बंद कर स्टाफ को सीएचसी में शिफ्ट कर दिया लेकिन पीएचसी के जर्जर भवन में प्रसव सहित टीकाकरण का कार्य अभी भी किया जा रहा है। इससे कभी भी रोगियों, तीमारदारों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की जान पर बन सकती है।

लगभग 65 वर्षों से नगर के मुख्य चौराहा पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित था। अप्रैल में शासन के निर्देश पर जर्जर भवन का हवाला देते इसे बंद कर दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों को नगर के तिर्वा रोड स्थित सीएचसी से संबद्ध कर दिया गया। इसके बाद भी पीएचसी भवन में टीकाकरण और जच्चा बच्चा केन्द्र का संचालन हो रहा है। यहां मरीजों और तीमारदारों को पीने के पानी तक के लिए भटकना पड़ता है। भीषण गर्मी में जच्चा, बच्चा और तीमारदार धूप में खड़े रहते हैं। भवन जर्जर होने के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने यहां की जगह सुविधाजनक स्थान पर टीकाकरण व प्रसव कराए जाने की मांग की है।

धूप में खड़े व बैठे जच्चा, बच्चा और तीमारदार। अमृत विचार

- भीषण गर्मी में पेयजल समस्या से जूझतीं हैं माताएं, नवजात और तीमारदार

5 वर्ष तक के बच्चों के बनाएं आधार कार्ड : जिलाधिकारी

ग्रामवार कैम्प लगाएं और जुलाई में 100 प्रतिशत आधार बनवाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में किया गया। बैठक में आधार नामांकन पैकेट्स के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में 97 प्रतिशत आधार का कवरेज है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक क्षेत्र में सर्वे कर 0 से 05 वर्ष तक के कितने बच्चो के आधार बने है ,और कितने के आधार नहीं बने है ,इसकी सूची तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ मिलकर अभियान चलायें। ग्रामवार कैम्प लगाकर जुलाई माह तक 100 प्रतिशत आधार बनवायें, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों के आधार वहीं बनाये जायें, डाक विभाग को निर्देशित किया कि वह अपनी 14 टीमें डी पी ओ को उपलब्ध कराए। जिससे ब्लॉकवार 02 -02 टीमें लगाकर आधार बनाये जा सके। बी एस ए को निर्देशित किया गया कि वह अपने सभी स्कूलों में सभी बच्चों का आधार बनवाना सुनिश्चित करें।

जनपद में जिन पात्र व्यक्तियों पर राशनकार्ड नहीं हैं । उनकी सूची बनाकर 15 दिन में उनका आवेदन कराया जाये। जनपद में फैमिली आईडी का कोई भी आवेदन लंबित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम ज्योनी में प्रधान के चुनाव की आज होगी पुनर्मतगणना

फर्रुखाबाद। ग्राम पंचायत ज्योनी की प्रधान पद के चुनाव की पुनर्मतगणना नवाबगंज ब्लॉक कार्यालय पर शुक्रवार को होगी।

गुरुवार को ब्लॉक परिसर में बैरीकेडिंग आदि लगाने का काम शुरू किया गया। शाम तक तैयारी चलती रही। तैयारियों का जायजा लेने एसडीएम कायमगंज यदुवंश कुमार पहुंचे। उन्हे परिसर में लगने वाली बैरिकेडिंग जमीन पर पड़ी मिली, जिसपर उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत नहीं मिले। जिसपर एसडीएम ने मौजूद लिपिक अवनीश सक्सेना व सुरेश चन्द्र से नाराजगी जताई। उन्होंने परिसर में मजबूत बैरीकेडिंग बनवाने के निर्देश दिए। एसडीएम के आने की जानकारी पर पहुंचे एडीओ पंचायत किशन पाल से एसडीएम ने नाराज़गी जाहिर कर मतगणना कक्ष में तीन टेबिल, मजबूत बैरिकेडिंग के साथ जाली लगवाने के निर्देश दिए। इसके बाद बीडीओ कक्ष में पहुंचकर कैमरों की स्थित की जांच की।

रंजिश को लेकर दबंगों ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- घटनास्थल से हमलावरों की बाइक हुई बरामद

अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्रमे दबंगों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। गोली लगने से एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हमलावर एक बाइक घटना स्थल पर ही छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर कारतूस के खाली खोखा और एक बाइक बरामद हुई। गोली लगने से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फतेहगढ़ कोतवाली के जयनरायन वर्मा रोड निवासी अनुज कुमार सिंह (25) देर रात कर्नलगंज निवासी दोस्त मोहित, आवास विकास के लकी, साहबगंज चौराहा के राहुल और लालगेट के शंकर के साथ शहर के एक मिष्ठान भंडार पर नाश्ता करने गए थे। उसी समय लकी से पिछले दिनों हुए विवाद की रंजिश में रेलवे रोड निवासी 10-12 बाइक सवार युवक आ धमके। उन्होंने विवाद शुरू किया तो अनुज समेत अन्य युवक लोहे वाली गली की ओर जाने लगे। इसी दौरान दबंगों ने हमला बोल दिया। अनुज ने लकी को बचाने का प्रयास किया तो एक युवक ने सिर में बट मार दी। अन्य दबंगों ने फायरिंग शुरूकर दी। दबंगों ने कई फायर किए। अनुज के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसी दौरान एक पुलिस कर्मी को आता देख हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटनास्थल के बाद हमलावरों की एक बाइक भी घटना स्थल पर छूट गई। फायरिंग की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस को मौके से तीन खाली खोखे मिले। पुलिस ने घटना स्थल पर मिली बाइक को कब्जे में ले लिया है। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। अनुज ने बताया कि वह मथुरा में ट्रांसपोर्ट चलाता है। कुछ दिन पहले ही यहां आया था। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू करदी है। शहर कोतवाल ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सार-संक्षेप

जांच-पड़ताल करती पुलिस टीम। अमृत विचार

चारपाई पर पड़ा मिला युवक का शव

फर्रुखाबाद। थाना नवाबगंज के गांव नगला जब्ब निवासी रंजीत यादव वर्तमान में परिजनों के साथ फर्रुखाबाद की दुर्गा कालोनी में रह रहे है। रंजीत यादव घर से चार दिन पूर्व अपने गांव आया था। गुरुवार सुबह रंजीत यादव का शव गांव नवादा निवासी मित्र के घर पर चारपाई पर पड़ा होने की सूचना भाई हरगोविंद को मिली। हरगोविंद परिजनों के साथ मौके पर गए। और शव को गांव ले आए। मृतक के भाई हरगोविंद की सूचना पर उपनिरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदावाद अरुण कुमार ने परिजनों से जानकारी ली। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

नमूने भरते अधिकारी। अमृत विचार

लोहिया अस्पताल के किचेन में बनी दाल के नमूने भरे

फर्रुखाबाद। थाना कादरी गेट क्षेत्र में आवास विकास स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल की महिला पुरुष यूनिट में खाद्य सुरक्षा विभाग ने पहुंचकर रसोई से दाल आदि के नमूने भरे। बता दे की महिला यूनिट की किचेन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार,आशीष वर्मा ने बनी मूंग की दाल और चावल का सैंपल भरा। वहीं पुरुष यूनिट की किचन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र रावत और विजेंद्र कुमार वर्मा ने बनी हुई अरहर की दाल और हल्दी का सैंपल लिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के आदेश पर जिला अस्पताल लोहिया पुरुष और महिला यूनिट में बनी किचन का निरीक्षण किया । उसके बाद सैंपल लिए गये। सैम्पल की 4 दिन बाद रिपोर्ट आएगी ।

पत्नी के मायके से न आने पर फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में पत्नी के वियोग में पति ने फांसी लगा कर जान दे दी। थाना क्षेत्र के गांव संतोषपुर निवासी प्रमोद प्रजापति के 34 वर्षीय पुत्र रामगोपाल की पत्नी माधुरी से 3 महीने पूर्व विवाद हो गया था । पत्नी दो पुत्र नितिन तथा दिलखुश को लेकर अपने मायके दौलतपुर सराय थाना गुरसहायगंज चली गई थी। बुधवार 26 जून को रामगोपाल बुलाने गया था । वहां पर पत्नी उसे नहीं मिली। इसी बात पर ससुराल वालों से मारपीट हो गई। परेशान होकर रामगोपाल घर चला आया। देर रात घर के बरामदे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह भाई नेपाल सिंह ने फांसी पर लटकता देखा चीख पुकार मच गई।

भैंस से टकराकर बाइक सवार महिला की मौत

अमृतपुर फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के ग्राम चिड़िया महोलिया निवासी 60 वर्षीय रामप्यारी फर्रुखाबाद में अपनी देवरानी सुनीता को अस्पताल से देखकर अपने पति रामावतार व लालू प्रसाद पुत्र मसाल सिंह के साथ बाइक से वापस घर आ रहे थे | फर्रुखाबाद जरियनपुर मार्ग पर नागलहूशा के निकट अचानक भैंस सामने आ जाने पर बाइक भैंस से टकरा गई| जिससे बाइक अनियंत्रित हो कर फिसल गयी | बाइक सवार महिला रामप्यारी गंभीर रूप से घायल हो गई। पति रामअवतार व साथ बैठे लालू भी घायल हो गये | ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। 108 एम्बुलेंस से तत्काल घायलों को सीएचसी राजेपुर भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक प्रमित राजपूत ने रामप्यारी को मृत घोषित कर दिया | रामप्यारी के पति रामवतार व लालू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

राम दत्त बौद्ध बने बसपा के जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव में जिले में बसपा का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। जिले में बसपा प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। जिसके बाद बसपा ने गुरुवार को बड़ा फेरबदल किया। वीर सिंह अंबेडकर को जिला अध्यक्ष के पद से हटा दिया। पार्टी में करीब बीस साल से काम कर रहे विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी सहित कई पद पर रहने वाले राम दत्त बौद्ध को जिले की कमान सौंपी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ जेएनवी रोड स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सिंह अंबेडकर ने उनका स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा की जिले में पार्टी को मजबूत करने का काम किया जायेगा।

मौके पर हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

कोटा चयन की प्रक्रिया में हुआ हंगामा

शमसाबाद फर्रुखाबाद। विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदपुर सैयदवाडा में गुरुवार को कोटा चयन सम्बंधी तैयारिया गई थी । 11:00 बजे कोटा चयन की प्रक्रिया पूरी हुई। जिसपर तीन उम्मीदवारों ने आवेदन किया । अजय प्रताप, अनिल कुमार तथा मोहन कोटा चयन की प्रक्रिया में प्रभारी खंड विकास अधिकारी आफाक हुसैन गाज़ी एडीओ आईएसबी प्रशांत कटियार, ग्राम प्रधान सुनीता प्रधान पति दिनेश कुमार आदि की मौजूदगी में आवेदन पूर्ण हुआ । तदोपरांत कुछ ग्रामीणों ने खुली बैठक का विरोध किया तथा हंगामा करने लगे। ग्रामीणों का हंगामा देख प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने पुलिस कर्मियों की उपस्थित में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराई । इस कोटा चयन की प्रक्रिया में अजय प्रताप को 95 वोट मिले कुल वोटों में 5 वोट अलग किए गए और मोहन कुमार को 41 वोट मिले। अनिल कुमार को सात वोट मिले। अधिकारियों ने अजय प्रताप को राशन की दुकान का कोटेदार नियुक्त किया।

करंट लगने से बच्ची की हालत बिगड़ी

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव मीरगंज निवासी रवेन्द्र की 5 वर्षीय पुत्री जानवी को घर में करंट लग गया। करंट लगते ही उसकी हालत बिगड़ गयी । परिजन अस्पताल लाये जहां उसका उपचार जारी है।

करंट की चपेट में आने से किशोर व भैंस की मौत

फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र मेरापुर में एचटी लाइन की चपेट में आने से किशोर व भैस की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव विराम पुर निवासी मुकेश यादव के 17 वर्षीय पुत्र रोहित यादव की घर के सामने से निकली हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। किशोर रोहित अपने घर के पास बंधी भैंस को खोलने के गया था। गुरुवार को गांव ब्राहिमपुर निवासी मुकेश यादव का पुत्र रोहित यादव जो एमबीआर इंटर कालेज पिलखना में कक्षा 12 का छात्र था। अपने घर के सामने ढाक के पेड़ के नीचे बंधी भैंस को खोलने के लिए गया था, जैसे ही उसने भैंस की सांकड़ पकड़ी वैसे ही वह करंट की चपेट में आ गया। उसी समय भैंस की भी करंट से मौत हो गई। ब्राहिमपुर निवासी नलकूप कनेक्शन धारक सूरज सिंह यादव ने बताया कि मेरे नलकूप पर 11000 की जो लाइन आई है। उसके तार पेड़ की टहनियों पर रखे है। जिसके बारे में मैं कई बार लाइन मैन से कह चुका हू, पर पूरी लाइन इतनी ढीली है कि वह जमीन से मात्र दस फुट की दूरी पर ही होगी। जिसकी वजह से ढाक के पूरे पेड़ में करंट प्रवाहित हो रहा था। पेड़ की डाल भी जल गई। किशोर रोहित यादव को परिजन आनन फानन नर्सिंग होम ले गए। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

एक नजर

अधेड़ महिला को सांप ने डसा, भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी मीरा देवी (50) पत्नी राम किशन को ज़हरीले सांप ने पैर में काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये जहां उसका उपचार जारी है।

मार्ग दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी नितेश (24) मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया ।आसपास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव बुढ़नामऊ निवासी 52 वर्षीय शिवराज जाटव साइकिल से बाजार जा रहे थे। रखा तिराहे के पास ट्रैक्टर ने शिवराज की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे शिवराज घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शिवराज की मौत हो गई।

मोटर साइकिल में टंगा रुपयों से भरा झोला गायब

कायमगंज फर्रुखाबाद। नवाबगंज नगर की डाकघर वाली गली निवासी राजीव गुप्ता की फर्रुखाबाद मार्ग पर गल्ला आढ़त की दुकान है। सुबह राजीव गुप्ता फर्रुखाबाद रोड पर नेहरू कालेज के सामने स्थित सुशील सक्सेना की आढ़त की दुकान के बाहर बाइक को खड़ी कर आढ़ती सुशील सक्सेना से बातचीत करने लगे। तभी चौराहे की ओर से आए एक युवक ने राजीव गुप्ता की बाइक में टंगे 1.75 लाख रुपये, बैंक की चेकबुक आदि रखे झोले को उतारकर बाइक पर बैठकर साथी के साथ फर्रुखाबाद रोड की ओर भाग गया। राजीव गुप्ता ने बाइक पर टंगा झोला गायब देख इधर उधर तलाश शुरू की। राजीव गुप्ता की सूचना पर एसआई इंद्रजीत सिंह, हेमंत कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस को राजीव गुप्ता ने बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के खिलाफ दी तहरीर।

फार्मेसी सम सेमेस्टर की परीक्षा में नकल करते दो धरे गए

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

फार्मेसी की परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार। फार्मेसी सम सेमेस्टर की वार्षिक परीक्षा में उड़नदस्ता टीम को राजकीय पॉलीटेक्निक में दो नकलची मिले।

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), राजकीय बालक इंटर कॉलेज फतेहगढ़ और राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड भोलेपुर में फार्मेसी सम सेमेस्टर की वार्षिक परीक्षा चल रही है। गुरुवार सुबह की पाली में उड़नदस्ता टीम ने तीनों केंद्रों पर छापा मारा। इस दौरान कोई नकलची नहीं मिला। सायंकाल की पाली में फिर उड़नदस्ता टीम ने छापेमारी की तो राजकीय पॉलीटेक्निक में दो नकलची पकड़ लिए। इनकी कॉपियां बुक कर दीं। नोडल अधिकारी व राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य दयाचंद ने बताया कि उड़नदस्ता टीम को छापेमारी में दो छात्रों के प्रश्नपत्र पर कुछ लिखा मिला। इस पर टीम ने उन्हें बुक कर दिया। उन्होंने बताया कि उनके सेंटर पर दोनों पालियों में 1200 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 143 ने परीक्षा छोड़ दी। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि सुबह की पाली में पंजीकृत 346 में 55 व दोपहर की पाली में पंजीकृत 249 में नौ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बाइक की टक्कर से वृद्धा गंभीर

फर्रुखाबाद। सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अचेत अवस्था में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे ।

जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के हुल्लापुर कस्बा निवासी अबरिशा बेगम पत्नी गुलाम शेर सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पुत्र इबरार ने बताया की बाइक को पकड़ कर पुलिस को दे दिया है । ईएमओ डॉ अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया की वृद्धा के सिर में गंभीर चोट है। नाक से ख़ून आया है। अगर हालत बिगड़ती है तो हायर सेंटर रेफर किया जा सकता है।

फर्जी फर्म बनाकर 10 व्यापारियों से हड़पा लाखों रुपयों का सामान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमृत विचार। थाना कादरी गेट पर रस्तोगी मोहल्ला निवासी व्यापारी ने एसपी के आदेश पर रिपोरी दर्ज कराई है। आरोपित पर पीड़ित सहित दस व्यापारियों से साढ़े पांच लाख से अधिक रुपये के सामान को हड़पने का आरोप है। मामले की जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है।

फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के रस्तोगी मोहल्ला निवासी रजत रस्तोगी ने एसपी के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कराया। बताया गया की एक अज्ञात जो कि अपना नाम मनोज गुप्ता बताता है उसने मैसर्स गुप्ता इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म बनाई।

27 मई को पीड़ित के साथ लेनदेन शुरू किया और 31मई को पीड़ित की दुकान से 1,68,000 रुपये का तंबाकू और इलायची का सामान बुक किया। जब पीड़ित रुपये लेने उसके बताए हुए मोहल्ला बढ़पुर स्थित डिग्गी लाल पहुंचा तो वहां किराए का कमरा खाली पड़ा था और शातिर पूरा सामान भरकर फरार हो चुका था। उसका नंबर भी स्विच ऑफ था। जब उसके बारे में और जानकारी की गई तो पता चला कि आरोपित ने प्रशांत ट्रेडिंग कंपनी के 37,157 बिहार की एजेंसी से 58,741 आरके ट्रेडर्स से 35,000 चिश्ती सेल से 45,000 भोला एजेंसी से 58,750 प्रमोद इंटरप्राइजेज से 31,963 खन्ना डिस्ट्रीब्यूटर से 31,170 विपुल एजेंसी के 53,181 सुधा एजेंसी के 70,148 रुपये का सामान धोखाधड़ी कर हड़प ले गया है। थाना अध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।

ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर लगेंगे कैम्प

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग पर वित्त एवं लेखाधिकारी ने ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आयकर विवरण (आईटीआर) प्रपत्र 16 अ वितरण के लिए कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षकों व शैक्षणिक कर्मचारियों को राजकोष से किए गए भुगतान के सापेक्ष खंड शिक्षाधिकारियों द्वारा काटे गए टीडीएस (आयकर) में ब्लॉकवार कुछ शिक्षकों कम धनराशि जमा हुई है। ऐसे शिक्षक व शैक्षणिक कर्मचारी सीए के माध्यम से आयकर विवरण प्रपत्र 16 अ भरकर बची हुई धनराशि जमा करें। इसको लेकर बीते दिनों प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन दिया था। वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा ने इसके लिए ब्लॉकवार कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

क्रिकेट में सफलता के लिए फिटनेस व अभ्यास जरूरी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अभ्यास करता खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार। डीके स्पोर्ट्स कांप्लेक्स याकूतगंज में चल रहे 11 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन एनआईएस कोच विवेक ने खिलाड़ियों को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के टिप्स दिए।

18 जून को क्रिकेट समर कैंप का समापन हुआ था। कैंप में 10 से 26 वर्ष के लगभग 50 से ज्यादा खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराकर प्रशिक्षण लेना शुरू किया था। अंतिम दिन कोच ने नन्हे खिलाड़ियों को बैक फुट और फ्रंट फुट पर जाकर शॉट मारना सिखाया। इसके साथ ही गुगली और इन स्विंगर गेंद डालना भी सिखाया। शाम को उन्होंने बड़े खिलाड़ियों को फील्डिंग और गेंदबाजी के बारे में बताया। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शाबासी दी। इसके साथ ही खिलाड़ियों से कहा कि वह लोग लक्ष्य बनाकर कार्य करें। क्रिकेट में ऊंचाइयों तक जाना है तो लक्ष्य पहले निर्धारित करें। फिटनेस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए नियमित अभ्यास, फिटनेस और खानपान बेहतर होना आवश्यका है। संयोजक दानिश खान ने प्रशिक्षण दिए जाने के लिए धन्यवाद दिया।

मनमर्जी चस्पा रहा डॉक्टर ओटी हैं होने का बोर्ड, लोहिया अस्पताल की ओटी में भी नहीं हुआ कोई ऑपरेशन

हड्डी रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर बैठे रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

हड्डी रोग विशेषज्ञ के इंतजार में बैठे मरीज। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला अस्पताल लोहिया में तैनात चिकित्सक मरीजों के प्रति कितने संजीदा है, यह तो जग जाहिर है। इसकी बानगी गुरुवार को देखने को मिली । हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज वर्मा के कक्ष के बाहर उनके ओटी में होने बोर्ड टंगा रहा। दर्जनों मरीज उनका इंतजार करते रहे। लेकिन डॉक्टर एक बजे से पहले नहीं आए। वहीं हैरान करने वाली और सबसे खास बात यह रही है कि जिला अस्पताल लोहिया की ओटी में हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कोई आपरेशन भी नहीं किया। आखिर चिकित्सक किस ओटी में होने बात कह गए। यह बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

गौर तलब है की जिला अस्पताल लोहिया में तैनात संविदा के चिकित्सक कई निजी हॉस्पिटल में बड़ी शिद्दत से अपनी सेवाएं देते रहे है। गुरुवार को जिला अस्पताल लोहिया में 470 मरीजों के पर्चे बनाए गए। सर्जन डॉ रोहित तिवारी, ईएनटी सर्जन डॉ नवनीत , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषिकांत वर्मा के छुट्टी पर होने से मरीज भटकते रहे। वही हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज पांडे, फिजिशियन डॉ प्रवीण के पास मरीजों की भीड़ रही।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज वर्मा के कक्ष के बाहर उनके ओटी में होने का बोर्ड लगा था, जिससे मरीज उनका घंटों इंतजार करते रहे।

शहर के खन्नी नगला से आई रामबेटी ने बताया की पति दिवारी लाल के पैर में चोट लगने से दर्द है। सुबह नौ बजे से बैठे डॉक्टर के ओटी में होने की जानकारी मिली है।

फतेहगढ़ के नई बिल्डिंग के पास के निवासी दिलीप गुप्ता ने बताया की पैर में चोट लग गई थी, जिससे चलने में दिक्कत होती है। लाइन में लगकर बड़ी मुश्किल से पर्चा बनवाया। सुबह दस बजे से डॉक्टर का इंतजार कर रहे है और वह आए नहीं है। ग्राम चांदपुर निवासी रामधनी का पुत्र सरोज ऊंचाई से गिर गया था।जिससे उसके पैर में चोट लग गई। सुबह सवा दस बजे से डॉक्टर के इंतजार में बैठे है।

कायमगंज के मझौला निवासी कुलदीप ने बताया की कमर में फ्रैक्चर हो गया था। जिससे चल नहीं पा रहा हूं। बड़ी मुश्किल से 40 किलोमीटर से दूर से आया हूं। तीन घंटे से बैठा हूं डॉक्टर नहीं आए है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

मैं कुछ निजी कारण से लखनऊ आया हूं। इस समय चार्ज डॉ. प्रवीण कुमार के पास है। मामला संज्ञान में आया है।अगर ओटी में होने का बोर्ड लगा है,चिकित्सक ओटी में नहीं थे तो गंभीर बात है। अस्पताल आकर जांच कराऊंगा। मरीज को बेहतर उपचार मिले यह प्राथमिकता है।

–डॉ. अशोक प्रियदर्शी, सीएमएस जिला अस्पताल लोहिया

दबंगों ने बिजली व्यापारी को पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। होरिलाल मार्केट में दुकान खोल रहे व्यापारी पर आधा दर्जन दबंगों ने लाठी ,डंडों, सरिया से जानलेवा हमला कर दिया। दबंग व्यापारी के बिजली का काम करने से मना किए जाने से नाराज थे। घायल व्यापारी का पुलिस ने मेडिकल कराया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी जितेंद्र गुप्ता और उनके भाई अभिजीत गुप्ता की होरीलाल मार्केट में दुकान है। जितेंद्र फास्ट फूड का काम करते है और अभिजीत इलेक्ट्रॉनिक और रिपेयरिंग का काम करता है। गुरुवार सुबह जब जितेंद्र दुकान खोलने कर बाहर सामान रख रहे थे। तभी दबंगों ने आकर हमला कर दिया। मारपीट कर घायल कर दिया। आनन फानन में कोतवाली पहुंच पुलिस से शिकायत की। पुलिस लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंची।

ईएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने मेडिकल परीक्षण किया। पीड़ित ने बताया की आरोपित रिंकू कटियार के यहां एक साल पहले भाई अभिजीत ने काम कराया था। लेकिन 1500 रुपये अभी तक नहीं दिए कुछ दिन पहले रिंकू फिर दुकान पर आए, भाई से घर में बिजली का काम करने को कहा,उसने मना किया तो गाली गलौज करने लगे। जब मैंने विरोध किया तो देख लेने की धमकी देकर चले गए, जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया। शहर कोतवाल जय प्रकाश शर्मा ने बताया की घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

गोभिः पशुभिरश्वैश्च कृष्या च सुसमृद्धया।
कुलानि न प्ररोहन्ति यानि हिनानि वृत्ततः॥

जिस कुल में सदाचार नहीं है, वहां गायों, घोड़ों, भेड़ तथा अन्य लाख पशु-धन मौजूद हों, उस कुल की उन्नति नहीं हो सकती।

संपादकीय

विकसित भारत का संकल्प

अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। यानी सरकार के विजन के प्रभावी दस्तावेज में प्रगति और भविष्य की संभावनाओं को शामिल किया। सीएए का जिक्र किया और कहा कि मोदी सरकार ने इस अधिनियम के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा इसने विभाजन के कारण पीड़ित कई परिवारों के लिए एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत ज़रूरी है। सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की ज़रूरत है। वास्तव में देश में पिछले 10 वर्षों में जो सुधार हुए हैं, भारत को विकसित बनाने के लिए उनसे नई गति मिली।

भारत को देखने का विश्व का नज़रिया बदला है। पड़ोसी प्रथम की नीति पर चलते हुए, भारत ने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को मज़बूत किया है। सात पड़ोसी देशों के नेताओं का 9 जून को केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेना, सरकार की इस प्राथमिकता को दर्शाता है। पूर्वी एशिया हो या फिर मिडिल-ईस्ट और यूरोप, सरकार कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रही है। भारत के विजन ने ही इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आकार देना शुरू किया है। अफ्रीका महाद्वीप के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ का भरोसा मज़बूत हुआ है। कहा जा रहा है कि ये सदी भारत की है, और आने वाला दौर भारत का दौर है। सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। सकारात्मक संदेश दिया कि जब भारत तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा तो देश की इस सफलता में सभी की सहभागिता होगी। राष्ट्रपति ने सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाईं, उनमें सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां तथा पूर्वोत्तर में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। इस दृष्टि से अभिभाषण व्यापक था। उन्होंने विश्वास जताया कि स्पष्ट दृष्टिकोण और स्पष्ट रास्ता तय करते हुए लोकसभा में जन कल्याण के फैसलों का नवीन अध्याय लिखा जाएगा।

राहुल सांकृत्यायन का नालंदा स्वप्न

पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है-"हां, वह राहुलजी के "आर्य-विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन-कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता।

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की संकल्पना का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम को दिया जाता है। 28 मार्च 2006 को बिहार विधानमंडल के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत के सांस्कृतिक गरिमा और बौद्धिक गौरव के प्रतीक नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की आवश्यकता है।

भारत के लोग भूल गए हैं कि आधुनिक काल में नालंदा के आचार्यों के लुप्त ज्ञान वैभव की महत्वपूर्ण खोज सबसे पहले महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने की थी और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष पर नए नालंदा विश्वविद्यालय के निर्माण का स्वप्न भी सबसे पहले उन्होंने ही देखा था। भिक्षु जगदीश कश्यप जिन्हें राहुलजी ने पाली और बौद्ध दर्शन का अध्ययन करने श्रीलंका भेजा और जो कालांतर में नव नालंदा महाविहार के प्रथम निदेशक नियुक्त हुए,ने अपने संस्मरण मे लिखा हैः 'राहुल जी का सबसे बड़ा स्वप्न था-नालंदा का उद्धार करना। उनकी जितनी किताबें थीं,सभी पर लिखा रहता नालंदाएं। मुझसे कितनी ही बार इसकी संभावनाओं पर बातें कीं। बहुत पहले एक हल्की योजना भी बनाई थी कि सर्दी के तीन-चार महीने नालंदा में फूस की झोपड़ी बना कर रहा जाए और कुछ लिखने-पढ़ने का काम हो, किंतु इसे कार्यान्वित करने का कभी अवसर नहीं हुआ। जब नव नालंदा महाविहार की मैंने स्थापना की,तो राहुल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उसकी साधारण समिति का मान्य सदस्य रखा। दो-एक बैठकों में राहुल जी ने भाग भी लिया और अपने अमूल्य परामर्श दिए।

भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है-"हां, वह राहुलजी के "आर्य-विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन-कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता। पहली बात यदि संभव भी हो जाती, तो दूसरी कभी भी नहीं। इसीलिए आर्य विहार नालंदा नहीं ही बन सका।" एक बार राहुल जी के मन में यह विचार आया कि खच्चरों पर लादकर तिब्बत के दुर्गम महाविहारों से

मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था,मेरे आनंद की सीमा न थी,हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे,जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था।

जो कलाकृतियां या चित्रपट उन्होंने लाईं थीं और जिनके लिए यूरोप और अमेरिका के संग्रहालय एक लाख पाउंड तक देने के लिए तैयार थे,को बेचकर नालंदा आर्य विहार की स्थापना की जाए, लेकिन अंत में उन्होने उस अमूल्य धरोहर को पटना म्यूजियम को दान दे दिया। पटना म्यूजियम के तत्कालीन अध्यक्ष काशीप्रसाद जायसवाल के हस्ताक्षर से तैयार किए गए करारनामे में शर्त यही रखी गई कि यदि किसी समय नालंदा में संग्रहालय बने,तो इन्हें वहां भेज देना होगा।

1918 में राहुल जी ने एक पुस्तक लिखी,जिसमें नालंदा की ज्ञान संपदा के उद्धार का विशद वर्णन था। वह पांडुलिपि खो गई और जब उसके मिलने की आशा बिल्कुल न रही,तब उन्होंने स्मृति से उस पुस्तक में व्यक्त भाव तथा विचार को 1924 में हजारीबाग जेल में लिपिबद्ध किया। "बाइसवीं सदी" नामक यह पुस्तक कल्पित पात्र आचार्य विश्वबंधु का भ्रमण वृतांत है। विश्वबंधु साठ वर्ष की अवस्था में नेपाल का भ्रमण करते हैं,लेकिन किसी कारण से गिरि-गह्वर में प्रवेश करने पर उन्हें मूर्छा आ जाती है और दो सौ वर्ष वे सुप्तावस्था में व्यतीत करते हैं। जब उनकी नींद खुलती है,वे वल्कल वस्त्र पहनकर समीपवर्ती नगर में प्रवेश करते हैं,जहां उनकी मुलाकात सुमेध नामक व्यक्ति से होती है। विश्वबंधु अपना परिचय देते हुए कहते हैं,"उक्त गुफा में आने से पूर्व मैं नालंदा में रहता था। उस समय वहां एक विद्यालय था,जिसमें मैं पहले पढ़ता पढ़ाता था।" सुमेधः ओहो, आप नालंदा विद्यालय के अध्यापक विश्वबंधु हैं! सचमुच हम कितने भाग्यशाली हैं कि आपके दर्शन कर सके। मैं भी तीन वर्ष से बीस की अवस्था तक आपके ही विद्यालय की गोद में पला हूं। वहां के ''वसुबंधु- भवन में' मैंने आपकी प्रस्तर मूत्ति भी देखी है।" "तो हमारा प्यारा विद्यालय अब भी जीवित है ?" "जीवित ही नहीं, बल्कि आज उस विद्यालय के मुकाबले में संसार में शायद ही कोई दूसरा विद्यालय हो। दर्शन, ज्योतिष, भाषा-विज्ञान, इतिहास और राजनीति के लिए नालंदा अद्वितीय है।"

मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था,मेरे आनंद की सीमा न थी,हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे,जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था। वसुबंधु सुमेध से पूछते हैं,अच्छा यह तो बताओ, इस समय नेपाल का राजा कौन है? "नेपाल का राजा। 'राजा' शब्द तो अब 'पुस्तकों की ही शोभा बढ़ाता है। अब राजा कहां !" अब तो सभी चीजें राष्ट्रीय हैं, सिर्फ बाग क्या, यह घर, कुर्सी, पलग, लड़के, स्त्री-पुरुष सब राष्ट्र के हैं। राष्ट्र का संचालन हम लोगों द्वारा चुने गए पंचों की पचायतों से होता है।" फिर आचार्य श्री पास की एक कुर्सी पर बैठकर मेज से एक किताब उठाकर देखते हैं। वह नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर विश्वामित्र की पुस्तक थी जिसे नालंदा प्रेस ने 2024 में प्रकाशित किया था। एक इंच में प्रायः तीन हजार पृष्ठ रहे होंगे (संभवतः लेखक-कल्पित ई-बुक की फाइल)। आगे वे नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में जिज्ञासा व्यक्त करते हैं -वे पूछते हैं, "अच्छा, यह तो बताओ, नालंदा विद्यालय की इस समय क्या स्थिति है?"

'अब नालंदा चहु विशाल विद्यालय हैं। पुराने, बड़गांव से राजगृह तक विद्यालय के ही भवन और छात्रालय चले गए हैं। सारे भूमंडल में दर्शन और इतिहास के लिए ऐसा दूसरा विद्यालय नहीं। वहां अध्ययन के लिए यूरोप,अमेरिका,जापान,अफ्रिका, आस्ट्रेलिया सभी जगहों से विद्यार्थी आते हैं। प्राचीन वस्तुओं का संसार में सबसे बड़ा संग्रहालय यहीं पर है। प्राचीन लिपियों और भाषाओं के पढ़ने-पढ़ाने का यहां सर्वोत्तम प्रबंध है। सिर्फ भारत की इतिहास-विषयक सामग्री ही नहीं, बल्कि रोम, यवन, मिश्र, असुर कल्दान,मेक्सिको आदि के विषय की कितनी ही सामग्रियों वहां संगृहीत हैं। नालंदा को अभिमान है कि उसने अंतर्राष्ट्रीय इतिहास के प्रस्तुत करने में बड़ी सहायता की है। दर्शन का अध्ययन नालंदा में उत्तम रीति से होता है। नव्य, प्राचीन, पौरस्त्य, पाश्चात्य सभी दर्शनों के अध्ययन का प्रबंध है। हमारे आचार्य दर्शन के महान विद्वान हैं। संस्कृत, पाली, जन्द, प्राकृत, यवनानी, लातीनी (रोमक) इत्यादि बहुत सी भाषाओं के वहां अध्यापक हैं। भाषाओं के अध्ययन में अब सचमुच बड़ी क्रांति हो गई है। प्रत्येक भाषा के अध्ययन के उपयुक्त वातावरण बना हुआ है। विशेष-विशेष भाषाओं के जिज्ञासुओं को यहां रखकर एक प्रकार से दूसरी भाषा से उनका नाता ही तुड़वा दिया जाता है। उनका सभी समालाप उसी भाषा में होता है। वस्तुओं का नाम आदि अध्यापकगण आकृति-प्रदर्शन पूर्वक उसी भाषा में बतलाते हैं। इस प्रकार तीन वर्ष में छात्रों का उस भाषा पर अधिकार हो जाता है। नालंदा विद्यालय में पृथक-पृथक विषयों के 15 विद्यालय हैं,जो भाषा पुरातत्व, ज्योतिष, दर्शन, विज्ञान, साहित्य, सगीत, आलेख्य, वास्तु (सिविल इजीनियरिंग), आयुवेद, वनस्पति, प्राणि, कृषि, यांत्रिक एवं शिक्षण विद्यालयों के नाम से प्रसिद्ध हैं। अध्यापक अपने-अपने विषय के पूर्ण ज्ञाता हैं।

भाषा-पुरातत्व विद्यालय में इतिहास की मौलिक सामग्री से परिचय एवं उसके एकत्रित करने का ढंग बतलाया जाता है। यह बीसवीं शताब्दी नहीं, बाईसवीं शताब्दी है। भूमि, बालू अथवा समुद्रों के नीचे पड़ी हुई सामग्रियां बहुतायत से इधर मिली हैं। अनेक पुरानी जातियों के धर्म,आचार-विचार तथा इतिहास पर इधर बहुत प्रकाश पड़ा है। भारत, मिश्र, असुर, कल्दान, ईरान, मेक्सिको, ब्राजील आदि अनेक देशों की प्राचीन सभ्यता की परिचायक अनेक सामग्रियों हाथ लगी है। राष्ट्र ने इन सामग्रियों के प्राप्त करने और रक्षित रखने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। जहां प्राचीन खंडहरों को खोदने, चीजों की रक्षा के लिए सुरक्षित स्थान बनाने में लाखों आदमी काम कर रहे हैं,वहां हजारों विद्वान दिन-रात उनके रहस्य को खोलने के लिए भी परिश्रम कर रहे है।

प्रसंगवश

फिर चर्चा में सेंगोल

महेश शर्मा
कानपुर

राजदंड के प्रतीक सेंगोल को लोकसभा से हटाने की मांग करके समाजवादी पार्टी ने न्याय और राजदंड के बीच गाढ़ी लकीर खींचने की कोशिश की। हालांकि सेंगोल को राजदंड और न्यायदंड दोनों ही कहे जाने का उल्लेख मिलता है,पर लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में लोकसभा में इसका रखा जाना सपा को शायद इसलिए नहीं भाया होगा,क्योंकि विरोध करने वाले उसके सांसद आरके चौधरी इसे राजतंत्र का प्रतीक मानते हुए राजा का डंडा कहते हैं। फिर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित शासन व्यवस्था भला सिंगोल क्यों? पूर्ण बहुमत वाली पूर्व की भाजपा सरकार में भाषण, योजनाएं, वादे सबकुछ मोदी के ही नाम से चलने के कारण यह ध्वनित होता था कि जैसे देश राजतंत्र की तरफ बढ़ रहा हो। भले ही प्राकट्य में ऐसा नहीं था। पर विपक्ष को चिकोटी काटने का अच्छा अवसर मिल गया और सेंगोल को उसके पूर्व के स्थान (तमिलनाडु) में रखने को लेकर संसद में बहस शुरू करने का प्रयास किया गया। अब देखना है कि क्या संपूर्ण विपक्ष उनकी इस मांग का समर्थन करता है या नहीं।

जिस सेंगोल की स्थापना नई संसद में की गई है,उसका आधुनिक इतिहास भारत की आजादी के साथ जुड़ा हुआ सामने आया है। 14 अगस्त 1947 में जब भारत की सत्ता का हस्तांतरण हुआ,तो वो इसी सेंगोल द्वारा हुआ था। आजादी के समय जब लॉर्ड माउंटबेटन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से पूछा कि सत्ता हस्तांतरण के दौरान क्या आयोजन होना चाहिए? नेहरूजी ने अपने सहयोगियों से चर्चा की। सी. गोपालाचारी ने सेंगोल प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके बाद इसे तमिलनाडु से मंगाया गया और आधी रात को पंडित नेहरू ने स्वीकार किया। इसका तात्पर्य था पारंपरिक तरीके से ये सत्ता हमारे पास आई है। आज लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के निकट रखा सेंगोल समाजवादियों को खटकने लगा है। प्राचीन इतिहास पर नजर डालें तो सेंगोल के सूत्र चोल राज शासन से जुड़ते हैं, जहां सत्ता का उत्तराधिकार सौंपते हुए पूर्व राजा,नए बने राजा को सौंपता था। यह सेंगोल राज्य का उत्तराधिकार सौंपे जाने का प्रमाण होता था और राज्य को न्यायोचित तरीके से चलाने का निर्देश भी हुआ करता था।

आर्थिक चमत्कार के तकनीकी पहलू

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

उद्योगपति या कहें बिजनेसमैन,गौतम अडानी की संपत्ति पिछले एक साल में लगभग दोगुनी हो गई है। एक साल पहले अडानी की नेटवर्थ जहां 58.2 अरब डॉलर थी,अब यह बढ़कर 106 अरब डॉलर हो गई है। वे आजकल एक घंटा में 45 करोड़ रुपए कमा रहे हैं। गौतम अडानी की इस बेमिसाल आर्थिक सफलता और आमदनी का आलम तब है जब पिछले साल आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने उनके बिजनेस को चौतरफा झटका दिया था और उनके शेयरों के भाव बहुत नीचे आ गए थे। उस रिपोर्ट के बाद वे जितनी तेजी से गिरे थे। उससे बहुत अधिक तेजी के साथ फिर खड़े हो गए और पहले से अधिक, खूब अधिक ऊंचे भी हो गए। ऊंचाई मतलब आर्थिक साम्राज्य की ऊंचाई।

आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि महज एक साल में उनके आर्थिक साम्राज्य में लगभग 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्मरण होगा कि दो साल पहले भी ऐसी सुर्खियां थीं कि अडानी की पूंजी में एक साल में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। आम आदमी भले ही इस बेमिसाल,बेहिसाब आर्थिक सफलता का तकनीकी पहलू नहीं समझ सके,लेकिन मैनेजमेंट कॉलेजों के प्रोफेसर्स और शोधार्थियों के लिए तो यह दिलचस्प केस स्टडी है। उन्हें इस पर शोध करना चाहिए कि इस आर्थिक चमत्कार के पीछे के तकनीकी पहलू आखिर क्या हैं? दिलजले तो झट से आरोप लगा देंगे मोदी जी पर कि यह सब उनके राज के सुराखों का परिणाम है कि अडानी जी उनके मित्र हैं,इसलिए सत्ता के समर्थन से दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की किए जा रहे हैं,लेकिन यही तो रिसर्च का टॉपिक होगा। आखिर कैसे किसी बिजनेसमैन की समृद्धि में इतनी तीव्रता से बढ़ोतरी हो सकती है? हुई है,यह तो स्पष्ट है, लेकिन कैसे? कहा जाता है कि नवउदारवादी राजनीतिक और आर्थिक संस्कृति में 'क्रोनी कैपिटलिज्म' व्यवस्था की स्वाभाविक परिणति है,लेकिन यहां तो मामला उससे भी बहुत आगे का लगता है।

कनाडा के एक पत्रकार ने इसके लिए एक नायाब शब्द दिया था,'गैंगस्टर कैपिटलिज्म', लेकिन जब हम गैंगस्टर पूंजीवाद की बात करते हैं तो मामला 'यारी' से बहुत आगे निकलता महसूस होता है। गैंगस्टर का सामान्य अर्थ तो सुधीजन समझते ही होंगे। अगर अडानी ब्रांड पूंजीवाद को गैंगस्टर पूंजीवाद कहा गया तो क्यों कहा गया होगा? हमारी कंपनी को तमाम बड़े बंदरगाह चाहिए तो चाहिए। हमें तमाम हवाई अड्डे चाहिए तो चाहिए। हमें फलां क्षेत्र के खनन का स्वामित्व चाहिए तो चाहिए। हमें रेलवे स्टेशनों के स्वामित्व के पट्टे हमारी इन शर्तों पर चाहिए तो चाहिए। हमें कारपोरेट टैक्सेशन में ऐसी पॉलिसी चाहिए तो चाहिए। हमें आर्थिक नीतियों में ऐसे प्रावधान चाहिए तो चाहिए। हमें श्रम कानूनों में ऐसे बदलाव चाहिए तो चाहिए। 'चाहिए तो चाहिए' की मुद्रा में खड़े पूंजीवाद को ही तो गैंगस्टर पूंजीवाद कहेंगे न? फिर साल भर में पूंजी दोहरे आकार में क्यों न बढ़े? यहां सवाल प्रासंगिक है कि इस एक वर्ष में मिडिल क्लास,खास कर लोअर मिडिल क्लास की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई? उससे भी अधिक प्रासंगिक सवाल यह कि बरसों से पांच किलो फ्री अनाज पाने की लाइन में खड़े 80-85 करोड़ निर्धनों की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई?

सटीक रिसर्च तो होने से रही कि आखिर कैसे पूंजीपतियों का एक छोटा सा समूह महज कुछ वर्षों में अपने आर्थिक साम्राज्य को इतनी ऊंचाइयों पर ले गया,क्योंकि अगर रिसर्च के फाइंडिंग्स सामने आए तो न जाने कितने चेहरों पर कालिख पुत जाएगी। गहराई से विचार करें तो गैंगस्टर कैपिटलिज्म और कारपोरेट नेशनलिज्म एक ही नाव पर सवार नजर आएंगे। यहां आकर महसूस होता है कि नेशन फर्स्ट, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्र के लिए बलिदान आदि शब्द कितने घिस दिए गए कि उन पर फिसलते हुए भारतीय राजनीति आज पतन के इस मुहाने पर आ खड़ी हुई है। देश के विकास दर की चंद लोगों द्वारा ऐसी लूट क्या किसी सक्षम और सजग लोकतंत्र में संभव है?

सोशल फोरम

आस्थावानों की सोच का दायरा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं। उनकी कार का एक बार एक्सीडेंट हो गया। उन्हें भी अच्छी खासी चोटें आईं। हाल चाल पूछने गया तो बोले ये एक्सीडेंट मेरी वजह से हुआ। मित्र बोला, दरअसल मैं स्टेयरिंग पर बैठ पहले भगवान का नाम ले उसे प्रणाम करता हूं। काम की जल्दबाजी में उस दिन प्रणाम करना भूल गया था।

जीवन मे घटित कुछ संयोगों के आधार पर हम एक धारणा विकसित कर लेते हैं और फिर सारा जीवन उसे पकड़े रहते हैं। ये बेचारे संयोगों के मारे हैं। आपने कई क्रिकेटरों को भी मैदान में कदम रखते वक्त कुछ खास करते देखा होगा। ये भी बेचारे संयोगों के मारे हैं। लंबी चौड़ी भूमिका की जरूरत मुझे इसलिए पड़ी की आजकल एक खास नरेटिव बहुत तेजी से चल रहा है कि बीजेपी या कहिए मोदी साहब ने राम जी का सम्मान नहीं किया, गलत मुहूर्त पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, किसी शंकराचार्य की बात नहीं मानी इसलिए पार्टी की ये गति हुई। खास कर पार्टी अयोध्या की सीट भी इसी वजह से हारी। आस्थावानों के लिए ऐसा सोचना बहुत आसान है, क्योंकि इससे उनके विश्वास को बल मिलता है। उनको लगता है कि कोई शक्ति जरूर है,जो गलत करने पर दंड देती है।

मुझको लगता है कि अगर कोई सर्वशक्तिमान है तो हम उसे भी साधारण इंसान की तरह ईर्ष्या, द्वेष वाला बना दे रहे हैं। ऐसे टुच्चे काम उसके माथे डाल उसे भी छोटा कर दे रहे हैं,लेकिन क्या कोई प्रभु केवल इसलिए कार का एक्सीडेंट करवा देगा कि व्यक्ति ने स्टेयरिंग पर बैठ उसे याद नहीं किया और इसीलिए चुनाव भी हरवा सकता है कि उसका निरादर हुआ।

तब सवाल है कि आखिर ये नरेटिव चलाया क्यों जा रहा है? दरअसल एक तो आस्थावानों की सोच का दायरा बड़ा तंग होता है। ऊपर से इस देश में इसी आस्था वालों के भरोसे कमाने खाने वाला भी एक जीव है। उस जीव की दुकानदारी बढ़िया से चलती रहे,इसलिए ऐसे नरेटिव गढ़े जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

निजी बैंकों से छंटनी पर मंथन की जरूरत

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की।

ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के चार सदस्यों, प्रकाश हिंदुजा, उनकी पत्नी कमल हिंदुजा, उनके बेटे अजय हिंदुजा और उनकी पत्नी नम्रता हिंदुजा को स्विस अदालत ने भारतीय प्रवासी नौकरों का शोषण करने के लिए जेल की सजा सुनाई है,जिनसे वे 18 घंटे तक काम कराते थे। प्रति दिन 700 रुपये से कम में। स्विट्जरलैंड में प्रति घंटा दर 32 सीएचफ है,जो 2800 रुपये हैं। उन्होंने उन्हें स्थानीय मुद्रा के बजाय भारतीय रुपये में भुगतान किया। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए और उन्हें बाहर नहीं जाने दिया। वहीं अपने नौकरों को अच्छा वेतन देने की तुलना में अपने कुत्तों की देखभाल में अधिक पैसा खर्च किया।

प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की। दोनों को 4.5 साल की सजा हुई है,जबकि बेटे अजय और उसकी पत्नी नम्रता को 4-4 साल की सजा हुई है। विकसित देशों में न्याय प्रणाली इसी तरह काम करती है,भले ही परिवार ने नौकरों के साथ अदालत के बाहर समझौता कर लिया हो। क्या हमारे देश के कानून भी इससे सबक लेंगे? अभी कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीयकृत बैंक के लाभ के नतीजे आने से उत्साहित बैंक कर्मचारियों की यूनियन ने निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की मांग की थी,किंतु हाल में प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को लेकर बड़ी खबर आई है। इस बैंक में बड़ी छंटनी की गई है और एक साथ 500 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। यही नहीं आने वाले दिनों में बैंक में और लोगों की भी छंटनी की संभावना है। बैंक की ओर से इस बड़ी छंटनी के पीछे कॉस्ट कटिंग के साथ ही तमाम अन्य कारण भी बताए गए हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि आने वाले महीनों में और छंटनी का अगला दौर देखने को मिल सकता है और बैंक की लिस्ट में कई नाम शामिल हैं। कथित तौर पर यस बैंक लेऑफ से कई सेक्शन प्रभावित हुए हैं और इनमें होलसेल से लेकर रिटेन यूनिट तक शामिल है। बैंक ने बताया कि रिपोर्ट्स के मुताबिक, यस बैंक में की गई ये छंटनी दरअसल, यस बैंक के रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस के तहत की गई है और इसके पीछे कॉस्ट कटिंग का हवाला दिया गया है।

इसके इतर पीडब्ल्यूसी के 'ग्लोबल वर्कफोर्स होप्स एंड फियर्स' सर्वेक्षण के अनुसार,अगले साल नौकरी बदलने के इच्छुक कर्मचारियों की संख्या 2022 के इस्तीफे की संख्या से अधिक हो गई है,जबकि 19 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे अगले 12 वर्षों के भीतर नियोक्ता बदलने की संभावना रखते हैं, 28 प्रतिशत 2024 में ही ऐसा करने के इच्छुक हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि नौकरी से संतुष्टि पिछले साल की तुलना में थोड़ी बढ़ी है, 60 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे बहुत या मध्यम रूप से संतुष्ट हैं,जबकि पिछले साल 56 प्रतिशत ने ऐसा कहा था,लेकिन नौकरी से संतुष्टि का मतलब यह नहीं है कि कर्मचारी अपने नियोक्ता के साथ बने रहेंगे और ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश कार्यबल अन्य अवसरों पर नजर गड़ाए हुए हैं। बड़ी विचित्र स्थिति है एक ओर निजी बैंकों और संस्थानों में छटनी हो रही है। वही दूसरी ओर निजी क्षेत्र में खासकर आईटी सेक्टर में असंतोष बढ़ रहा है,क्या स्थिति 1969 की याद ताजा नहीं कर रही जब व्यापक असंतोष के कारण बैंकों का राष्ट्रीयकरण घोषित किया गया था,जरूरत इन सभी बातों के गहन मंथन की है।

इमरजेंसी का रोना कब तक

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ओम बिरला अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष यानी स्पीकर के पद पर आसीन हो गए। यह सांविधानिक पद है और इस पर आरूढ़ हो जाने के उपरांत यह पदाधिकारी किसी पार्टी का सदस्य नहीं रह जाता। वह दलीय राजनीति से निरपेक्ष विशुद्ध न्यायिक हैसियत रखता है। होना तो ऐसा ही चाहिए। हालांकि बिरला ने पद पर चयनित होते ही यह प्रमाणित कर दिया कि वे भरपूर भाजपाई हैं और संविधान का कम भाजपा का अधिक ध्यान रखेंगे। उन्होंने वर्ष 1975 में 25 जून को इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन में रखा और उसके विरुद्ध मुखर होकर कांग्रेस को कटघरे में खड़े करने की कोशिश की।

इस तरह उन्होंने मोदी नीत भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाया। सवाल यह है कि क्या इमरजेंसी संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं लगाई गई थी? उत्तर है कि लगाई तो संविधान के ही तहत गई थी। तब फिर सांविधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसका निंदा प्रस्ताव कैसे ला सकता है? बिरला की दलीय निष्ठा अब भी क्यों बरकरार है? वे तो पिछली लोकसभा के भी अध्यक्ष थे। 25 जून तो उस कार्यकाल में भी हर वर्ष आता था। क्या हर साल उन्होंने ऐसा किया था? स्पष्ट है कि स्पीकर महोदय मोदी और भाजपा के मनोनुकूल ही सदन चलाएंगे। हालांकि लगभग पचास साल पहले घटी इस घटना को अब कुरेदने की कोई जन स्वीकृति नहीं होगी। जनता यह भी तो देख रही है कि जिन इंदिरा गांधी की इस बहाने निंदा की गई,उनकी अगली पीढ़ी सोनिया और राहुल ही नहीं,मेनका और वरुण भी हैं,जो भाजपा में हैं। मेनका मोदी सरकार में मंत्री भी रहीं। टिकट इस बार भी दिया गया,किंतु पराजित हो गईं। यह भी सर्वविदित है कि इमरजेंसी के कारक मेनका के पति और वरुण के पिता संजय गांधी थे। राहुल के पिता राजीव का तो तब राजनीति से कोई लेना देना नहीं था। यह भी बता दें यह प्रस्ताव लाकर जिस कांग्रेस को आइना दिखाया गया, उसके तमाम लोग तो आज भाजपा में हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया क्या हैं? उनके पिता और वे कांग्रेसी रत्न ही रहे हैं। जब पूरी कांग्रेस बुरी है तो इन बुरों को गले क्यों लगाया गया?

क्या भाजपा में आकर सब शुद्ध हो जाते हैं। ऐसे उदाहरण तमाम हैं,तब यह चयनित निंदा का क्या मतलब! उस समय मोदी 25 वर्ष के पूर्णतया बालिग थे। जन आंदोलन क्यों नहीं किया? जिस रायबरेली से इंदिरा जी लड़ती थीं, वह आज फिर उनके पौत्र राहुल के ही पास है। जनता की यह आवाज क्यों अनसुनी की जा रही है? इमरजेंसी हटने के बाद हुए चुनावों में जिस यूपी ने विपक्षी जनता पार्टी को पूरी 85 सीटें दी थीं,वहां अब मोदी की भाजपा सिमट कर 33 पर आ गई है। कहां है इमरजेंसी का जन विरोध। उचित होगा कि गड़े मुर्दे न उखाड़कर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

बनी रहें संसदीय परंपराएं


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अठारहवीं लोकसभा के नई संसद में शपथ के बाद नारे लगे। इस बार पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। एक नजारा और देखने मिला वह यह कि जिन राहुल गांधी को कभी भाजपा ने कहा था कौन राहुल? आज वे विपक्ष के नेता बन गए हैं और प्रधानमंत्री के साथ नए लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कुर्सी तक साथ-साथ पहुंचाने गए। यही परंपरा भी है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी चिर परिचित शैली में लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधियों की आवाज दवाई न जाए,निष्कासन न हो,शायद उनका इशारा पिछले सदन में सांसदों के हुए निलंबनों की ओर था। स्पीकर का अंकुश सत्ता व विपक्ष दोनों पर हो। पिछली बार की तुलना में अबकी बार विपक्ष मजबूत है,सत्ता पक्ष दूसरों के सहारे पर है। इसलिए संसदीय परंपराएं मर्यादाओं का ईमानदारी से पालन की संभावना है। यही जनहित में भी है।

स्कूल खुलते ही बच्चों के हाथों में होंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● जिले मुख्यालय में पहुंचीं कक्षा 1 व 2 की 51,245 किताबें

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में कक्षा एक तथा कक्षा 2 के छात्रों के लिए किताबें जिला मुख्यालय पर मिल गईं हैं। स्कूल खुलते ही ये किताबें इन कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों को दे दी जाएंगी। कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के छात्रों को जिन किताबों से पढ़ाया जाएगा वह पहले ही मिल चुकी हैं और उनका वितरण भी किया जा चुका है।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 1484 विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक पढ़ने वाले छात्रों के लिए पहले ही किताबें उपलब्ध करा दी गई थीं। अब कक्षा एक तथा दो के बच्चों के लिए किताबें आ गई हैं। जिला मुख्यालय पर ऐसी 51245 किताबें आई हैं। इन्हे बीआरसी के माध्यम से विद्यालयों में भेजा जाएगा जहां से इनका वितरण किया जाएगा।

> कक्षा 1 तथा कक्षा 2 की किताबें जिला मुख्यालय पर प्राप्त हो गईं हैं। छात्र-छात्राओं में समय से किताबों का वितरण किया जाएगा और विधिवत पढ़ाई कराई जाएगी।
>
> -डॉ. राजेश कुमार, बीएसए

इस समय गर्मी की छुट्टियां चल रही है। दो दिन के समर कैंप के बाद एक जुलाई से इन विद्यालयों में पढ़ाई होगी और विभाग की ओर से इस बात की तैयारी कर ली गई है कि एक जुलाई से जब इन विद्यालयों में पढ़ाई शुरू हो तो पहले दिन से ही कक्षा एक तथा कक्षा दो के छात्रों को भी पुस्तकों का वितरण कर दिया जाए।

चंबल पुल पर आज से शुरू होगा वाहनों का आवागमन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● जिलाधिकारी ने जारी किए आदेश सतत निगरानी के साथ बनी सुरक्षा समिति

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 92 बेवर- इटावा-ग्वालियर रोड पर बने चंबल पुल पर भारी वाहनों के आवागमन एक साल बाद शुक्रवार से शुरू किया जा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी।

प्रशासन की चंबल पुल पर यातायात शुरू करने की सुगबुगाहट पिछले कई दिनों से चल रहीं थी। 48 वर्ष से अधिक की आयु पूरी कर चुके चंबल पुल पर पिलर नंबर 8 के ऊपर चैंबर क्षतिग्रस्त हो जाने पर जिलाधिकारी ने 3 जून 2023 को सुरक्षा कारणों से नए समानांतर पुल बनाए जाने तक पुराने पुल पर भारी वाहनों का आगमन बंद कर दिया था। इसके बाद से लगातार निवेशक फर्म एमपी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा चंबल नदी के पुल पर आवागमन शुरू करने के लिए स्वयं के खर्चे पर मरम्मत करने, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश शासन के समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करने व भविष्य में विभिन्न बिंदुओं पर अंडरटेकन प्रस्तुत करने के बाद पिछले दिनों मुख्य अभियंता क्षेत्रीय अधिकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लखनऊ के अध्यक्षता में 14 मार्च 2024 को ऑनलाइन वीसी आयोजित की गई थी।

इसमें मुख्य अभियंता राजमार्ग खंड पीडब्लूडी लखनऊ, अधिशासी अभियंता राजमार्ग खंड पीडब्लूडी के साथ ही पीएनसी कंपनी के डायरेक्टर ने भी प्रतिभाग किया गया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले दिनों आईआईटी कानपुर की जांच के आधार पर चंबल पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू किया जा सकता है। डीएम अवनीश राय ने बताया कि चंबल सेतु पर से स्टेटिक लोडरहित सवारी व भारी वाहनों के आवागमन को चालू किये जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार सुबह चम्बल सेतु से सभी प्रकार के सवारी व स्टेटिक लोडरहित भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा।

पुल की सुरक्षा के लिए बनी समिति, हर महीने देगी रिपोर्ट

जिलाधिकारी ने पुल की सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन के संबंध में नियमित अनुश्रवण के लिए समिति का गठन किया है। जिसमें अधिशासी अभियन्ता, एनएच लोक निर्माण विभाग इटावा, अधिशासी अभियन्ता, ई.एण्ड एमडी, लोक निर्माण विभाग इटावा, प्रतिनिधि, पीएनसी कंपनी की समिति हर महीने पुल का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट डीएम को देगी। अनुमति भविष्य के निरीक्षणों व निरीक्षण रिपोर्ट के अधीन रहेगी। एमओयू के अनुसार पुल की समय-समय पर पीएनसी कम्पनी द्वारा मरम्मत करायी जायेगी।

खनन माफियाओं को मिलेगा लाभ प्रशासन की बढ़ेगी चुनौती

भिंड के डीएम ने इसी महीने डीएम को पत्र लिखकर पुल पर यातायात सामान्य रूप से शुरू करने का अनुरोध किया था। फिलहाल जिला प्रशासन की सहमति के बाद खनन माफियाओं में खुशी बढ़ गई है। हालांकि बरसात का मौसम शुरू होते ही खनन उद्योग पर भी लगाम लग जाती है लेकिन इसके बावजूद खनन व अवैध खनन परिवहन से जुड़े लोग काफी खुश हैं। ऐसे में जिला प्रशासन की चुनौती भी बढ़ेगी क्योंकि पुल पर ओवरलोड वाहनों का आवागमन रोकना पहले भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहा है।

बसों का आवागमन भी हो जाएगा शुरू

इटावा। पिछले एक साल से चंबल पुल पर भारी व बड़े वाहनों का आवागमन बंद होने से सबसे अधिक समस्या उन यात्रियों को ही जो प्रतिदिन इटावा से भिंड या ग्वालियर की यात्रा करते हैं अथवा इटावा से अधिकांश लोग ग्वालियर में बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए भी जाते हैं ऐसे में उनको दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। ट्रेन के अलावा हर समय मिलने वाले साधन कम हो गए थे जबकि पुल पर बसों का आवागमन रुकने से ग्वालियर बस स्टैंड से एक अलग बस के जरिए पुल तक पहुंचाने और उसके बाद पैदल पुल पार करने के बाद दूसरी बस से आगे का सफर लोग कर रहे थे जबकि दूसरी ओर प्राइवेट बड़ी गाड़ियों को भी आने-जाने के लिए शिकोहाबाद अथवा हनुमानपुर चकरनगर के रास्ते आना-जाना पड़ रहा था। ऐसे में चंबल पुल खुलने की सूचना से यात्रियों में भी खुशी है उनका कहना है कि इससे उन्हें बड़ी समस्या से राहत मिलेगी।

दोनों राज्यों का प्रशासन जांचेगा ओवरलोडिंग

- चंबल पुल पर मध्य प्रदेश की ओर से आने वाले ओवरलोडेड भारी वाहनों को भिंड, मध्य प्रदेश प्रशासन व पुलिस के द्वारा रोका जाएगा। इसी तरह इटावा प्रशासन व पुलिस द्वारा भी कार्यवाही की जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि चंबल पुल पर ओवरलोडेड वाहनों का मूवमेंट न हो। पुल से भारी वाहनों का आवागमन इस गति से किया जाये, जिससे पुल पर वाहन एकत्रित न होने पाये एवं स्टेटिक लोड न पड़े। किसी प्रकार की आकस्मिकता की स्थिति से निपटने के लिए पुल के दोनों ओर नियमित रूप से एक-एक क्रेन की व्यवस्था पीएनसी कंपनी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

शराब के ठेके बंद कराने को महिलाओं ने किया हंगामा, भाग गए दुकानदार

पुलिस ने दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन देकर महिलाओं को कराया शांत

शराब का ठेका बंद कराने के लिए हंगामा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

आबकारी निरीक्षक को ज्ञापन देते फरियाद एवं कोमल दास। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इकदिल थाना क्षेत्र के गांव मनियांमऊ में सड़क के किनारे शराब की तीन दुकानें एक साथ खुलने से गांव की महिलाओं में आक्रोश पैदा हो गया। महिलाओं ने दुकानों पर पहुंच कर जमकर हंगामा किया। उनके आक्रोश को देखते हुए सेल्पमैन अपने शटर बंद कर भाग खड़े हुए।

हंगामा की जानकारी मिलने पर इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझा बुझाकर शांत किया। महिलाएं इस बात पर अड़ी थी कि शराब की दुकाने किसी भी कीमत पर गांव में नहीं खुलने देंगी।

गांव मनियांमऊ में पहले एक देशी शराब की दुकान थी। वह दुकान गांव से काफी दूरी पर थी। उसके बाद एक बीयर की दुकान खोल दी गई। करीब एक माह पूर्व अंग्रेजी शराब की दुकान भी खोल दी गई। इस समय तीनों दुकानें रोड के किनारे एक ही स्थान पर हैं। दिन भर वहां पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे उधर से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं के साथ छात्र-छात्राओं को होती है।

महिलाओं का कहना था कि गांव में एक साथ शराब की तीन दुकानों के होने से गलत असर बच्चों पर पड़ रहा है। वह गांव में रास्ते के किनारे किसी भी कीमत पर शराब की दुकाने संचालित नहीं होने देंगी। दुकान वहां से हटाकर गांव से दूर खोली जाएं। प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। महिलाओं को समझा बुझाकर शांत किया। उन्होने दो दिन में समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। हंगामे के बाद दुकान अपनी दुकानों के शटर डालकर भाग खडे. हुए। जिला पंचायत सदस्य फरियाद और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कोमल दास ने ठेका हटाने की मांग को लेकर आबकारी निरीक्षक रंजीत सिंह को ज्ञापन दिया।

संचारी रोग नियंत्रण में प्रधान और सचिव करें सहयोग

संवाददाता महेवा, इटावा

● ब्लाक महेवा में हुई बैठक, पहली जुलाई से चलेगा अभियान

अमृत विचार। ब्लाक सभागार महेवा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के निर्देशानुसार संचारी रोग अभियान को गति प्रदान करने में ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिवों व पंचायत सहायकों का सहयोग मांगा गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने आह्वान किया कि आगामी एक से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में गांवों में साफ-सफाई, जल निकासी, हैडपंपों की मरम्मत, फागिंग आदि कार्य कराकर फोटो भेजे जाएं। एडीओ पंचायत महेवा इंद्रपाल सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों से आह्वान किया कि फागिंग व एंटी लारवा का छिड़काव समय से करवा लें। गांवों में झाड़ी कटाई, नाली आदि सफाई स्वयं की मौजूदगी में कराएं।

कार्यशाला में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र यादव, मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह, विकास कठेरिया, प्रधान महेवा कुमुद सिंह, विनीता कुमारी, सत्यवती दोहरे, मेवा देवी, लक्ष्मी देवी, राजकुमारी, हरगोविंद पाल, राजेश यादव, दीपक कुमार, रोहिताश यादव्, डॉ. नीलम यादव, हाकिम सिंह, अनुपम पाल, सुरजीत तिवारी, शशि प्रभा, संजय तिवारी, रजनीश कुमार, मनोज तिवारी, पूनम यादव, बब्बू राजा मौजूद रहे।

बैठक में संबोधित करते सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

अमरनाथ यात्रा पर रवाना होते शिवभक्त। अमृत विचार

बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना हुए शिव भक्त

बकेवर, इटावा। जम्मू कश्मीर में 29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जिसको लेकर शिव भक्तों में काफी उत्साह है। यात्रा को लेकर देशभर से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो रहा है। इस कड़ी में बकेवर से आधा दर्जन श्रद्धालुओं समेत औरैया जनपद से कुल 90 यात्रियों का जत्था रवाना होगा। जिसको लेकर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। पहले जत्थे में शामिल सभी यात्रियों का औरैया और बकेवर नेशनल हाइवे पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद जत्था रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा के दर्शन के बाद अनेक सिद्ध तीर्थ स्थलों के दर्शन भी किये जायेगें। जत्था रवाना होने के दौरान नगर के समाजसेवियों ने शिवभक्त आशीष शर्मा, अंकित रिषी, रिषभ, आकाश को फूल माला पहना भव्य स्वागत कर बाबा वर्फानी के जयकारे के उदघोष के साथ बस से रवाना किया।

युवक का शव फंदे पर लटका मिला

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला अशोक नगर गली नंबर चार में एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिवार के लोग बाहर गए थे। जब वह लौटकर आए तो शव फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। आनंद यादव का 24 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार अपने भाई के साथ नोयडा में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। वह एक जून का घर आया था। 23 जून को उसकी मां, पिता व बहन के साथ मायके चली गई। 23 जून की शाम को उनकी अपनी मां से फोन पर बात हुई। बाद में उसका फोन नहीं उठा। 26 जून की शाम को मां पिता व बहन घर आए तो उन्होंने देखा कि गुलशन का शव ऊपरी मंजिल के कमरे में फंदे पर लटका था। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव दो दिन पुराना लग रहा है। माना जा रहा कि उसने बुधवार की रात को फांसी लगा ली।

संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के गांव धौरखा निवासी मनोज कुमार की 16 वर्षीय पुत्री काजल की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग उसके शव को अपने साथ ले गए। पिता मनोज ने बताया कि उसे बुखार आ रहा था।

महिला पेंशन की लाभार्थी केवाईसी अपडेट कराएं

इटावा। निराश्रित महिला पेंशन योजना की लाभार्थी महिलाएं अतिशीघ्र केवाईसी अपडेट कराएं। जिससे उन्हें इस वित्तीय वर्ष की प्रथम किश्त भेजी जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया कि महिला कल्याण विभाग से वर्ष 2024-25 में संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों का भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के अंतर्गत किया जाएगा। इस योजना के जिन लाभार्थियों ने अपने बैंक खातों में आधार सीडिंग यानी केवाईसी अथवा एनपीसीआई अपडेट नहीं करायी है, वे सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर केवाईसी एनपीसीआई अपडेट कराएं। जिससे वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्रथम तिमाही की किस्त जनपद के समस्त लाभार्थियों को पीएफएमएस के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट इटावा में संपर्क करें।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

इकदिल। थाना क्षेत्र के गांव नगला मोती निवासी रामदास (62) पुत्र स्व. अंगनू प्रसाद गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे अपने घर से शौच क्रिया के लिए निकले थे। गांव के किनारे से गुजरी रेलवे लाइन को पार करते समय कानपुर से दिल्ली की तरफ जाने वाली तेज रफ्तार ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बी-फार्मा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

बी-फार्मा में खुशी और ज़ैनब बने टॉपर

जसवंतनगर। अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के बी-फार्मा प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। प्रथम सेमेस्टर की खुशी शर्मा ने 83.58 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर से जैनब ने 77.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लगातार अपने तीसरे सेमेस्टर में भी कॉलेज टॉप किया। प्रथम सेमेस्टर से अन्य छात्रों में अन्नू राजपूत 83.31, नमन शाक्य और रोहित जैन 82.75, मो. कैफ रज़ा 81.65, अमन राज 79.86 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। तृतीय सेमेस्टर से अभय कुमार 75.9, अफ़ज़ल मंसूरी 75.5, गुलशन 75.3, आशुतोष 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी टॉपर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

पांच कंपनियों ने 72 अभ्यर्थियों को दिया रोजगार

इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय व मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 237 अभ्यर्थियों ने पांच कंपनियों में चयन के लिए इंटरव्यू दिया। जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 237 अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू दिया। कंपनियों ने 72 अभ्यर्थियों को चयनित किया है। इनमें कर्टिनोवस केमिकल एंड फर्टिलाइजर द्वारा 18 में से 5 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। एसबीआई जीवन बीमा निगम लिमिटेड ने 18, जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड ने 14, एलआईसी इटावा द्वारा 9, मिलेनियम स्किल एसेसर प्राइवेट लिमिटेड ने 26 अभ्यर्थियों को चयनित किया। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।

दो दिन में चार गोवंश की मौत, पांच बीमार

संवाददाता बसरेहर, इटावा

● परौली रमाइन गौशाला में सूखा भूसा खा रहे गोवंश

अमृत विचार। विकास खंड बसरेहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत परौली रमाइन के गांव नगला हरी में बनी गौशाला में दो दिन में चार गोवंश की मौत हो गई। पांच गोवंश बीमार हैं। गौशाला के अंदर शवों को कुत्ते अपना निवाला बना रहे हैं।

गौशाला के अंदर बनी टीनशेड के चारो तरफ बनी नाली चोक होने से गौशाला दलदल में तब्दील हो रही है। । गौशाला के अंदर मौजूद कर्मचारियों जयपाल सिंह, उपेन्द्र, राजेन्द्र सिंह, रितिक कुमार, अशोक कुमार से ने बताया कि गोवंश को दाना यहां के जिम्मेदार अधिकारी अपने हिसाब से ही डलवाते हैं। उन्होंने बताया कि गोवंश के दाना के लिए जिले से रुपये नहीं मिल रहे हैं।

गौशाला में 476 गोवंश मौजूद हैं। निरीक्षण में अधिकारी खानापूर्ति व भ्रमण रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर वहां से चले जाते हैं। गोवंश सूखा भूसा खा रहे हैं। गोवंशों की नादो में देखा गया एक बजे पर उसमें सूखा भूसा पड़ा हुआ था। इस बारे में जब गौशाला के कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बताया दाना डाल दिया गया लेकिन जब नादों को देखा जाए तो सूखा भूसा पड़ा हुआ था।

युवक ने फांसी लगाई, इलाज के दौरान हुई मौत

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी प्रवेश उर्फ साधु (24) पुत्र राम प्रसाद ने बड़े भाई सुदेश की शराब की बुरी लत का परिवार में विरोध किया। जिसकी वजह से घर में कलेश हो गया। अपने को कलेश की वजह मानकर प्रवेश उर्फ साधु ने 15 दिन पूर्व घर से थोड़ी दूर पर खड़े नीम के पेड़ पर अपनी शर्ट का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा गया तो उसकी सांसे चल रहीं थीं। परिजनों ने उसे सैफई पीजीआई के ट्रामा सेंटर में इलाज हेतु भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह उसकी मौत हो गई।

खुदकुशी को विवश करने में दूसरी गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● सवा महीने पहले किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत का मामला

अमृत विचार। सवा महीने पहले किशोरी का शव संदिग्ध हालात में फांसी पर लटका मिला था। मृतका की मां ने नामजदों पर हत्या के आरोप लगाए थे। एक सप्ताह पहले हाईवे जाम कर प्रदर्शन होने पर पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। अब पुलिस ने खुदकुशी के लिए विवश करने का मामला मानते हुए दूसरे नामजद को भी गिरफ्तार कर लिया।

थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के नारायण अड्डा न्यू कालोनी में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी लवी का शव 21 मई को किराए के घर में फांसी पर लटका पाया गया था। मृतका की मां आशा देवी ने मकान मालिक वीके टेलर उर्फ बालकिशन सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि गहनता से जांच किए जाने पर मामला संवेदनशील पाया गया इसके चलते ही किशोरी को खुदकुशी के लिए विवश किया गया। इसके तहत इसी थाना क्षेत्र में यशोदानगर हाल निवास नारायण नगर सती मोहल्ला में रहने वाले मकान मालिक वीके टेलर उर्फ बालकिशन, शिवम शाक्य तथा शनि कुशवाहा को नामजद किया।

चार दिन पहले नामजद शनि कुशवाहा को एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया गया, दो नामजदों की तलाश की जा रही थी। सटीक सूचना पर फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी बलराम मिश्र व एसओजी तथा सर्विलांस टीम ने फोर्स के साथ गुरुवार को घेराबंदी करके कोकपुरा सर्विस रोड पर बालकिशन उर्फ वीके टेलर्स को गिरफ्तार कर लिया। तीसरे नामजद शिवम की तलाश की जा रही है।

हाईवे जाम करने वालों पर होगी कार्रवाई

एसएसपी ने बताया कि घटना को लेकर आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे जाम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। नामजदों की तलाश जारी है जबकि अन्य लोगों को वीडियोग्राफी व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चिह्नित किया जा रहा है। अराजकता का प्रदर्शन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

होंगे विकास कार्य | जल संरक्षण समिति की बैठक में कई कार्यों पर बनी सहमति

18 परियोजनाओं का अनुमोदन, 54 तालाबों का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जल संरक्षण समिति की बैठक में 18 परियोजनओं को अनुमोदन दिया गया है। इसके साथ ही कृषि सिंचाई योजना के तहत 54 लघु तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अन्य कार्यो पर भी सहमति बनी है।

गुरुवार को जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान सम्मृद्धि योजना के अंतर्गत कुल 18 परियोजनाओं का अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रॉप भोर क्राप के लिए कुल 54 लघु खेत तालाब का लक्ष्य मिला है। जिसके सापेक्ष 49 की बुकिंग हो चुकी है। इसके साथ ही नक्सा योजना के अन्तर्गत दो परियोजनाओं का अनुमोदन समिति की ओर से प्रदान किया गया है।

भूमि एवं जलसंरक्षण समिति की बैठक में भाग लेते सीडीओ अजय कुमार गौतम।

मुख्य विकास अधिकारी ने नदियों के सुदृढीकरण पर ध्यान आकर्षित करते हुए अन्य विभागों के समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने योजनाओ का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। खेत तालाब योजना में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कृषक स्वयं या कार्यालय आकर पंजीकरण कर सकते हैं। लघु आकार का तालाब जिसका आकार 22203 मीटर के लिए कुल लागत 105000 का 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा।

उद्यान विभाग द्वारा अनुदान पर स्प्रिंकलर सेट लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल ब्लॉक पर खेत तालाब बनाए जाएं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजना के बारे में जागरूक किया जाए एवं उन्हें योजनाओं का लाभ भी दिया। डीडी कृषि आरएन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, परियोजना निदेशक डीआरडीए उपस्थित रहे।

रात में होती रही ट्रिपिंग उमस से बेहाल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बरसात के चलते बिजली ने लोगों को खूब परेशान किया। रात में भी बिजली गुल रही और गुरुवार को दिन में भी बिजली की आवाजाही बनी रही जिससे उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे।

बीती रात करीब 1:00 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई और फिर सुबह 4:00 बजे के करीब हल्की बरसात हुई। इस बरसात में बिजली को लेकर समस्या खड़ी कर दी। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने से इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। इसुंलेटर क्षतिग्रस्त होने से लाइन पार में श्याम नगर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई जिसे काफी देर बाद ठीक किया जा सका।

इसी क्षेत्र में सुंदरपुर अड्डा पाय में भी बिजली काफी देर तक गुल रही। इससे पहले रात में पुरबिया टोला क्षेत्र की बिजली तकनीकी खराबी के चलते गुल हो गई लेकिन बिजली व्यवस्था बहाल करने में काफी समय लगा। बिजली गोल होने के कारण सुबह टयूबवैल नहीं चल सके जिससे पानी की सप्लाई भी बाधित रही इसके चलते पुरविया टोला, पक्का तालाब, प्रोफेसर कॉलोनी, सती मोहल्ला और घटिया अजमत अली में पानी की सप्लाई बाधित रही। शहरी क्षेत्र में मोहल्ला चौगुर्जी और सिविल लाइन में कई बार बिजली आई गई केबिल में फाल्ट होने से बिजली बाधित रही। यही स्थिति लाइन पार क्षेत्र में फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में रही यहां भी बिजली आती जाती रही।

सोनू बोला-आंख बंद कर ली इसलिए बच गया

नदी किनारे मिले मृतक बच्चों के कपड़े बयां कर रहे थे मां के खौफनाक कृत्य की दास्तान

संवाददाता फफूंद, औरैया

अमृत विचार। चार बेटों को मौत के घाट उतारने आई मां के बारे में बड़े बेटे सोनू 8 वर्ष ने बताया कि मां हम सबको नदी पर लाई और पानी में डुबो दिया। मुझे भी डुबोया मैंने आखें बंद कर ली थीं। मां के जाने के बाद हम सड़क गए, एक अंकल मिल गए तब उन्हें पूरी बात बताई।

वहीं मृतक बच्चों के कपड़े जैसे उनकी शर्ट, बनियान, नेकर और कुछ पैसे नदी के किनारे रखे थे। घटना स्थल पर रखे बच्चों के कपड़े मां द्वारा किए गए खौफनाक मंजर की कहानी बयान कर रहे थे।

मैने अपने बच्चों को मार दिया: घटना स्थल कर करीबी गांव केशमपुर खाम मे चर्चा थी कि एक महिला यह कहती हुई जा रही थी कि मैंने अपने बच्चों को मार दिया है। लोगों सुना तो लेकिन अपरचित होने के कारण किसी ने ध्यान नहीं दिया। घटना का पता चलने पर ग्रामीणों को ध्यान आया लेकिन तब तक वह जा चुकी थी।

लगभग 10 वर्ष पूर्व हुई थी शादी: प्रियंका की ननद ज्योति एवं आरती ने बताया कि अवनीश के साथ लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रियंका की शादी हुई थी। दो साल पहले भाई की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। तब से भाभी घर पर रह रही थीं लेकिन चाचा का लड़का जो देवर लगता है भाभी के पास आता जाता था। गांव में खासी चर्चा और बदनामी हो जाने के बाद छः महीने पहले प्रियंका अपने मायके फफूंद थाना क्षेत्र के गांव बरौआ आकर रहने लगी। लगभग एक-दो महीने पहले औरैया में किराए का कमरा लेकर दोनों खुलकर रहने लगे। वह हेयर कटिंग का काम करके खर्च चलता है। ऐसी घटना को अंजाम दिया जाएगा यह हम लोगो को एहसास नहीं था।

सास देती थी खर्च के लिए रुपये : हत्यारोपी बहू की सास राधा ने रोते हुए बताया कि गरीबी के चलते वह भी औरैया में रहकर दूसरों के घरो में काम करती है। हर महीने 1500 रुपये वह बहू को खर्चे के लिए देती थी।

घटनास्थल पर परिजनों से पूछताछ करतीं एसपी चारु निगम एवं सीओ एमपी सिंह।

रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

आदित्य।

माधव।

पति की मौत के बाद बेसहारा हो गई

- परिजनों ने बताया कि प्रियंका करीब डेढ़ साल पहले पति की मौत के बाद से बेसहारा हो गई थी। वह एक साल तक ससुराल में रही थी। उसके बाद मायके चली आई। यहां छह महीने रही। अब करीब एक महीने से वह चचेरे देवर आशीष के साथ रह रही थी। आशीष सैलून में काम करता है। सुबह वह आशीष के घर से ही चारों बच्चों को लेकर ऑटो से निकली थी। इसके बाद उसने नदी के पास जाकर इस हृदयविदारक घटना को अंजाम दिया।

तीनों मृत बच्चों के मुंह से झाग निकल रहा था। महिला से पूछताछ करने का प्रयास किया गया लेकिन वह कुछ बोलने को तैयार नहीं है। उसने वारदात को क्यों अंजाम दिया है, इसके बारे में पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

-चारु निगम, एसपी औरैया

बार बेंच में सामंजस्य से ही त्वरित न्याय दिला पाना संभव : न्यायमूर्ति

अमृत विचार। जनमानस को समय पर न्याय दिलाने के लिए बार बेंच में सामंजस्य की महत्ती आवश्यकता रहती है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी कर्तव्य है कि वह नये युवा वकीलों को सही मार्गदर्शन देकर उन्हें अनावश्यक कार्यों से दूर रहने का रास्ता दिखायें। यह विचार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने जनपद न्यायालय भ्रमण के दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल से हुई वार्ता के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में व्यक्त किए।

न्यायमूर्ति ने ककोर मुख्यालय पर नई जिला जजी व आवास स्थापना का कार्य शीघ्र शुरू होने की संभावना व्यक्त करते हुए वकीलों में को पर्याप्त सुविधायें मिलने का भरोसा दिलाया। न्यायमूर्ति ने परिवार न्यायालय के बाहर इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा स्थापित शिशु देखभाल एवं स्तनपान कक्ष का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जनपद न्यायालय परिसर में संचालित सभी न्यायालय का निरीक्षण किया।

जनपद न्यायालय का निरीक्षण करते न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम। अमृत विचार

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति का दौरा
- जिला बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल से की वार्ता

न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम का जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी, महामंत्री शैलेश व कुमार चतुर्वेदी उर्फ पप्पल, पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी, सुनील दुवे, वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर शर्मा, कुलदीप दुवे, अतेंद्र पाण्डेय, विमल सिंह सेंगर, डीजीसी अभिषेक मिश्रा आदि ने न्यायमूर्ति व जिला जज को बुके देकर स्वागत किया तथा बार-बेंच की मधुरता की जानकारी साझा की।

इसके पूर्व जिला जज ग्रीस कुमार वैश्य, अपर जिला जज' मनराज सिंह, संजय कुमार सिंह,स्वाति चंद्रा, सीजेएम जीवक कुमार सिंह, एसपी चारु निगम आदि ने भी न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

एक नजर

मुकदमा के नाम पर मांगे रुपये, रिपोर्ट दर्ज

अछल्दा। थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी अनुराग उर्फ अंकित त्रिपाठी ने एसपी को दिए प्रार्थना में बताया वर्तमान में नई दिल्ली में रहता है। प्रार्थी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सलेमपुर निवासी ललित पुत्र मुकेश से अंकित त्रिपाठी के नाम पर एक मुकदमें में पैरवी के लिए रुपये मांगे जा रहे हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

खेत पर टहलने गए युवक के साथ मारपीट

अछल्दा। थाना क्षेत्र के गांव गपकापुर निवासी सोनू कुमार पुत्र स्व. महावीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में पुलिस को बताया कि 23 जून को सुबह प्रार्थी खेतो की तरफ टहलने जा रहा था। तभी संजीव कुमार यादव, सुखिलेश यादव पुत्र गण महेश चन्द्र तथा महेश चन्द्र पुत्र सन्त सिंह यादव निवासी गपकापुर ने उसे रोककर लाठी डंडों से हमला कर दिया। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

खेत में ले जाकर युवक को पीटा, रिपोर्ट

अछल्दा। थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी सत्यभान पुत्र स्व. विघाराम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 14 जून को रात के करीब 9.30 बजे प्रार्थी अपने ई रिक्शा की बैट्री साफ कर रहा था। तभी बृजेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम लालपुर आया और बहाना बनाकर प्रार्थी को अपने खेत पर ले गया और वहां बेल्ट से मारपीट की। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

अयाना। चौकी प्रभारी हेमंत कुमार ने गुरुवार सुबह आठ बजे मुढी स्थित हाईवे के पास अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उसके गांव के युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें 22 जून की भोर चार बजे आरोपी द्वारा उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने व धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पानी मांगने पर पत्नी ने सिर में मारी कुल्हाड़ी

अछल्दा। थाना क्षेत्र के गुनौली गांव मे पति के पानी मांगने पर पत्नी ने सिर में कुल्हाड़ी मार दी। पुलिस घायल को सीएचसी लाई जहां से सैफई रेफर कर दिया गया। घायल ने खड्ग सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी गुनौली ने बताया कि वह घर पर सो रहा था। शाम 5 बझे लगभग पत्नी प्रेमलता से पीने के लिए पानी मांगा तो पत्नी ने सिर पर कुल्हाड़ी मार दी और घायल कर दिया।

युवक ने नीम के पेड़ पर लगाई फांसी, मौत

बिधूना, औरैया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहूपुर में आशीष उर्फ कालू (18) पुत्र राकेश कुमार पाल ने गांव के बाहर नीम के पेड़ की डाल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कार की चपेट में आने से महिला की गई जान

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- बेटे और बहू के साथ बीमार बेटी को देखने जा रही थी, बेटी की भी टूट गईं सांसें

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि महिला अपने बेटे और बहू के साथ कोतवाली क्षेत्र ग्राम भडारीपुर में बीमार चल रही अपनी बेटी को देखने जा रही थी तभी हादसा हो गया। वहीं, बीमार बेटी का भी निधन हो गया। कानपुर देहात थाना मंगलपुर क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निर्टरा निवासी रामकली (74) पत्नी स्व. राम लखन गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ई-रिक्शा से औरैया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भंडारीपुर निवासी बीमार चल रही अपनी बेटी मीना (45) को देखने जा रही थीं। साथ में बेटा विनोद और बहू राधा भी थी। भाऊपुर में पाडरी बाबा के पास वे ई-रिक्शा से उतरकर सड़क पार कर रहे थे। तभी कार ने रामकली को टक्कर मार दी, जिससे वह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद महिला के बेटे विनोद ने बताया कि भडारीपुर गांव में बीमार चल रही उनकी बहन मीना की भी मौत हो गई।

अधिशाषी अभियंता अभिषेक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले में तैनात लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिषेक यादव को शासन ने निलंबित कर दिया है। औरैया की जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने चुनाव ड्यूटी में लापरवाही के मामले में उनके निलंबन की सिफारिश की थी।

वहीं, एक्सईएन ने लोनिवि प्रशासन से शिकायत की थी कि डीएम अपने सरकारी आवास पर अनधिकृत तौर पर स्वीमिंग पूल बनवाने का दबाव डाल रही थीं। उनकी बात न मानने पर निलंबन की सिफारिश की गई है। शासन ने बीते सप्ताह इस मामले की जांच शुरू करवाई थी। मंगलवार को रिपोर्ट आने के बाद एक्सईएन को निलंबित कर दिया गया है।

डीएम ने औरैया में राजस्व कर्मियों के आवासीय भवनों के निर्माण में गड़बड़ी के अलावा चुनावी बैठकों में एक्सईएन के न पहुंचने तथा पोलिंग पार्टी के रवानगी के दिन नवीन मंडी में अस्थायी मंच के गिर जाने सहित कई मामलों में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों में बढ़े विवाद के बाद शासन ने पूरे मामले की जांच करवाने के बाद एक्सईएन को निलंबित किया है। सरकारी भवनों के निर्माण में लापरवाही को लेकर बीते वर्ष भी एक्सईएन के निलंबन की सिफारिश की गई थी। उस समय शासन ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिषेक यादव का निलंबन शासन का फैसला है। इस मामले पर हम कुछ नहीं कहना चाहते है।

पहले भी विवादों में घिरे रहे हैं एक्सईएन

एक्सईएन अभिषेक यादव पहले भी विवादों से घिरे रहे हैं। 2022 में तत्कालीन डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने भी लोक निर्माण कार्य में लापरवाही को लेकर शासन को रिपोर्ट भेजी थी। लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मौजूदा जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकास कार्यों में लापरवाही को लेकर निलंबन करने की संस्तुति की थी। जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। एक्सईएन अभिषेक यादव ने 2017-18 में भी एक सड़क निर्माण को लेकर बिना काम करवाए रुपये ठेकेदार को दे दिए थे। उस दौरान यह मामला भी चर्चा का विषय बना रहा था।

अभिषेक यादव।

हाथ-पैर और आंखों पर बांधी पट्टी

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। बेला थाना क्षेत्र के ग्राम बरकशी में गुरुवार सुबह एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में हाथ पैर रस्सी से बंधे मिले। आंखों पर पट्टी बंधी थी। महिला के मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था। महिला ने आरोप लगाया है कि उसे डरा धमकाकर बदमाश 21 हजार रुपए, जेवरात ले गए हैं।

थाना प्रभारी वीनेश कुमार सहयोगी दल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद सीओ अशोक कुमार सिंह, एसपी चारू निगम के साथ फॉरेंसिक और एसओजी टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

बरकसी निवासी चंद्रभान पुत्र नाथूराम अपने भांजे कमल के शांति पाठ में शामिल होने के लिए नसरापुर, थाना बिल्हौर गए हुए थे। घर में केवल रेखा (35) चांदनी (7) और सौम्या (2) मौजूद थीं। सुबह जब चांदनी उठी और उसने मां को इस हालत में देखा तो रोते हुए पड़ोस में रहने वाली चाची को बुलाया। इसके बाद मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गए।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- महिला बोली-21 हजार रुपये और जेवर ले गए बदमाश

पुलिस अधीक्षक चारु निगम भी फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच गईं। पीड़िता को सीएचसी विधूना भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने सीएचसी में पीड़िता से घटना की जानकारी ली। जहां पीड़िता ने बताया कि कि उससे डरा धमकाकर चाभी लेकर बदमाश 21 हजार रुपए चांदी की पायलें आदि जेवरात भी ले गए। परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

सचिव और सहायक सचिव पर सरकारी पैसे के गबन का आरोप

संवाददाता ककोर,औरैया

अमृत विचार। जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत उसरारी में सरकारी पैसे का गबन करने का आरोप सचिव व सहायक सचिव पर लगाया गया है।

शिकायतकर्ता उसरारी गांव के ही राम सूरत सिंह यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव कल्पना शुक्ला व सहायक सचिव प्राजंलि यादव ने मिलकर शौचालय के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। जिससे सहायक सचिव ने अपनी मां प्रतिभा, बहन प्राची के नाम शौचालय का धन आवंटन कर दिया। जो शौचालय सूची में दर्ज है। जबकि सहायक सचिव प्राजंलि यादव के पिता चंद्रशेखर प्रतापपुर गांव में शिक्षामित्र हैं, और चाचा पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर हैं। गांव में पक्का मकान बना होने के बावजूद दो-दो शौचालय पहले से बने हुए हैं। इसके साथ एक सरकारी शौचालय मिल चुका है। उसके बावजूद भी सचिव और सहायक सचिव की मिली भगत से शौचालय का पैसा निर्गत कर दिया गया है। प्रार्थना पत्र में डीपीआरओ कामिनी गौतम से मांग की गई है उक्त मामले की जांच करवाकर ग्राम पंचायत सचिव तथा सहायक सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग को रोका जा सके।

जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव पर लगाए गए आरोप की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

सुविधा | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अयाना में मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर का उद्घाटन

एनीमिया के प्रबंधन से मातृ मृत्यु दर में आएगी कमी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। गर्भावस्था में बेहतर शिशु विकास एवं प्रसव के दौरान होने वाली रक्त स्त्राव के प्रबंधन के लिए महिलाओं में पर्याप्त मात्रा में खून होना आवश्यक होता है। एनीमिया प्रबंधन के लिए प्रसव पूर्व जांच के प्रति महिलाओं की जागरुकता न सिर्फ एनीमिया रोकथाम में सहायक होती है बल्कि सुरक्षित मातृत्व की आधारशिला भी तैयार करती है। जटिल प्रसव के कुशल प्रबंधन के लिए खून चढ़ाने की भी जरूरत हो सकती है। इसी उद्देश्य से ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अयाना में गुरुवार को पहले मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर का उद्घाटन किया गया।

मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा का कहना है कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पर प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से एनेमिक गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है। साथ ही सामुदायिक स्तर पर गर्भवती महिलाओं को बेहतर खान-पान के बारे में भी बताया जा रहा है। महिलाओं के बीच एनीमिया के विषय में संपूर्ण जानकारी से प्रसव के दौरान होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है।

- भर्वास्था में 80 फीसदी महिलाओं को एनीमिया से ग्रसित होने का रहता है खतरा

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि एनीमिया की पहचान हिमोग्लोबीन लेबल जांच करने के बाद की जाती है। इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला हिमोग्लोबीन लेबल 11 ग्राम से ज्यादा है तो इसी सामान्य मानकर दवाइयां दी जाती हैं। हिमोग्लोबीन 7 ग्राम से 11 ग्राम होता है उसे मॉडरेट कहते हैं। यदि हिमोग्लोबीन 7 ग्राम से नीचे है तो उसे सीवियर एनीमिया माना जाता है।

हिमोग्लोबीन 7 ग्राम से 10 ग्राम के बीच रहता है तो दूसरी या तीसरी तिमाही में उस महिला को मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर में आयरन सूक्रोज का इंजेक्शन दिया जायेगा जिससे प्रसव के समय खून से सम्बंधित कोई जटिलतायें न हों।

उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद सहयोगी संस्था यूपीटीएसयू के डिस्ट्रिक्ट स्पेशलिस्ट कम्युनिटी आउटरीच मो. शरीफ ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान 80 फीसदी महिलाओं को एनीमिया से ग्रसित होने का खतरा रहता है। एनीमिया की वजह से प्रसव संबंधी जटिलता बढ़ने के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होने का खतरा रहता है। यही नहीं एनीमिया मातृ-शिशु मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। वहीं सामान्य महिलाओं के एनीमिक होने से माहवारी के दौरान रक्तस्श्राव व तकलीफ बढ़ जाती है।

सार-संक्षेप

हेलन केलर जयंती मनाते सक्षम के पदाधिकारी। अमृत विचार

सक्षम संगठन ने मनाई हेलन केलर जयंती

औरैया। सक्षम संगठन की औरैया इकाई ने कवि उमेश द्विवेदी के आवास पर हेलन केलर जयंती मनाई। जिला सचिव राघवेंद्र सिंह चौहान ने हेलन केलर के बारे में बताया। हेलन केलर एक अमेरिकी लेखक, राजनीतिक कार्यकर्ता थीं जोकि नेत्रहीन थीं व बोलने सुनने में अक्षम थीं। इसके बावजूद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत योगदान दिया। उन्होंने पुस्तक भी लिखीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत सह सचिव पंकज तिवारी ने राष्ट्रीय अधिवेशन पुणे से प्राप्त स्मारिका व सक्षम डायरी सभी पदाधिकारियों को भेंट की। कवि उमेश द्विवेदी और कवियित्री रश्मि मनोज अग्निहोत्री ने रचनाएं सुनाई। त्रिलोकी अवस्थी, मनोज अग्निहोत्री, प्रभा द्विवेदी मौजूद रहीं।

कलश यात्रा निकालते भगवत प्रेमी। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

अछल्दा, औरैया। विकासखंड क्षेत्र के गांव नगला दरयाय में भव्य कलश यात्रा के श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत की गई। कलश यात्रा के साथ गांव का भ्रमण कर महिलाएं भागवत कथा स्थल तक पहुंचीं जहां कलश की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ स्थापना की गई। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने गांव की बाहर बंबे से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर गांव का भ्रमण करती हुईं कार्यक्रम स्थल पहुंची। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा को रोककर दर्शन किए। आयोजक सुरेश सिंह ने बताया कि कथावाचक उपदेश चैतन्य की ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा।

पंचायत भवन का उद्घाटन पर मौजूद डीपीआरओ कामिनी गौतम। अमृत विचार

पंचायत भवन का सीडीओ ने किया उद्घाटन

फफूंद, औरैया। ब्लॉक अछल्दा की ग्राम पंचायत कन्हों मे बहुद्देशीय पंचायत भवन का गुरुवार को उदघाटन हुआ, पंचायत निवासियों को अब अपनी जरूरतों के लिए आस पास के नगरों मे स्थित जनसेवा केंद्रों में नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें कागजी काम काज के लिए ब्लॉक और तहसील जाने से छुटकारा मिलेगा। गुरुवार को सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने ब्लॉक अछल्दा की ग्राम पंचायत कन्हों के राजस्व गांव कन्हो में बने बहुद्देशीय पंचायत भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सरकार की मंसा है कि ग्रामीणों को अपने किसी भी कागजी जरूरत के लिए नगरों स्थित जनसेवा केंद्रों, तहसील और ब्लॉक में न जाना पड़े। कार्यक्रम में आईं डीपीआरओ कामिनी गौतम पंचायत मे शिलापट का अनावरण कर पंचायत भवन का निरीक्षण किया। प्रधान पारुल ने बौद्ध कथा आयोजन कर भंडारा कराया। समाज सेवी विनोद दोहरे, अजब सिंह, चंद्रभान, महावीर फूल सिंह, मनोज दोहरे, सतीश चंद्र सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

हिम्मतपुर ने हैदरपुर को 20 रन से हराया

अयाना, औरैया। बीहड़ पट्टी के तिवरलालपुर में शंकर क्रिकेट क्लब की ओर से करवाए जा रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को जालौन की हिम्मतपुर टीम व हैदरपुर के बीच मैच हुआ। जिसमें हिम्मतपुर ने 20 रन से जीत दर्ज की।हिम्मतपुर के कप्तान कपिल तिवारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पूरी टीम 9.3 ओवर में 70 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदरपुर की टीम के बल्लेबाज हिम्मतपुर के गेंदबाजों के आगे टिक न सके। बल्लेबाज अनिरुद्ध के 10 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। आठवें ओवर में पूरी टीम 50 रन के स्कोर पर आउट हो गई। आलोक को 14 रन व तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

एक नजर

भाजपा जिला महामंत्री के भाई व साझीदार के साथ मारपीट

जसवंतनगर, इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री के भाई के साथ बुधवार को गांव के ही लोगों ने साझीदार के साथ खेतों पर काम करते समय मारपीट कर दी। वादी शशिकांत चौधरी पुत्र स्व. पदम सिंह चौधरी निवासी भतौरा ने बताया कि बुधवार शाम वह अपने खेतों पर कार्य करा रहे थे। तभी विपक्षी रघुनाथ पुत्र नामालूम, प्रमोद कुमार पुत्र जोधा सिंह, मनोज पुत्र नैक्से, दिलीप पुत्र रामचंद्र निवासीगण भतौरा आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने साझीदार को जाति सूचक गालियां भी दी। पुलिस ने मारपीट, एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

दुर्घटनाओं में 3 लोग घायल

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सडक हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर फूफई के पास हुई जहां बाइक से जा रहे धर्मेंद्र पुत्र लल्ला सिंह व अरविंद पुत्र हनू प्रसाद को तेजी से आ रहे ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आईटीआई चौराहे के पास हुई जहां तेजी से आ रहे ट्रक ने पीछे डीसीएम ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से डीसीएम पलट गई। इस हादसे में डीसीएम चालक साहिल निवासी गन्नौर पानीपत हरियाणा घायल हो गए।

बच्चा बैरक में बंद बच्चों की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था की जाए

प्रभारी जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। जिला कारागार उरई का प्रभारी जनपद न्यायाधीश शिव कुमार, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम क्वारंटीन बैरक का निरीक्षण किया गया जिसमें नवागंतुक बंदियों से उनकी समस्याएं सुनीं जिसके संबंध में कोई विशेष समस्या बंदियों द्वारा नहीं बतायी गई। तत्पश्चात् जिला कारागार के अस्पताल का निरीक्षण किया गया अस्पताल में भर्ती बंदियों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। इसके बाद बच्चा बैरक में निरुद्ध सभी बच्चों को पढ़ाई लिखाई की पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराने व शिक्षा को प्रभावी ढंग से मुहैया कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बंदियों मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई होनी चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में महिला बैरक जाकर जेल में निरुद्ध महिलाओं से सीधे वार्तालाप कर उन्हें विधिक सहायता के लिए जागरूक किया गया तथा साथ में रह रहे छोटे बच्चों को अच्छा खाना व खेलने कूदने की पर्याप्त सामग्री दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, उपकारापाल अमर सिंह, चिकित्साधिकारी डॉक्टर राहुल बर्मन समेत जेल के अन्य अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, प्रभारी जिला जज शिव कुमार।

● बैरक का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को भी सुना

यमुना किनारे बनेगा हस्तनिर्मित कागज का प्रदर्शन केंद्र

कालपी जालौन। अधिकारियों तथा उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक में हस्त निर्मित कागज का प्रदर्शन केंद्र यमुना नदी के किनारे कालपी में स्थापित करने की रणनीति तैयार की गई। विकास भवन सभागार उरई में आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में शामिल होकर बापस लौट कर उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुये अवगत कराया कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हस्त निर्मित कागज के लिए एक डिस्प्ले सेंटर (प्रदर्शन केंद्र)यमुना नदी के पुल के पास बनाने हेतू कालपी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए हैं। रेलवे के अंडर पास को ऊंचा करने के लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों को जिला प्रशासन की तरफ से पत्र लिखने के निर्देश दिये गये। बैंकों को निर्देश दिए गये कि उद्योग ऋण लेने वाले आवेदकों के लोन के लिये आने वाले प्रार्थना पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाये।

नशा मुक्ति गोष्ठी में बोलते राम नरेश आचार्य। अमृत विचार

नशा मुक्ति से समाज में आता है सकारात्मक परिवर्तन

कर्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। नशा एक महत्वपूर्ण समस्या है जो समाज में अधिकतर व्यक्तियों को प्रभावित करती है। यह स्वास्थ्य, परिवार और आर्थिक स्थिति को खतरे में डाल सकती है। नशे के सेवन से कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां जैसे मुंह का कैंसर, लीवर का खराब होना, फेफड़े का कैंसर, दिल का कैंसर हो जाती हैं। नशा मुक्ति के लिए शिक्षा, जागरुकता और सही दिशा-निर्देशन की आवश्यकता है। नशा मुक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है जो समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक ताकत को बढ़ावा देगा।

उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र पुरविया टोला इटावा पर कौशिल्या देवी पूमा विद्यालय समिति द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. जीएस चतुर्वेदी ने व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि गोविंद माधव शुक्ला ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। गोष्ठी में जिला चिकित्सालय इटावा के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। राजवीर राना, आशीष बाथम, विनीत सक्सेना, रेखा चतुर्वेदी, किशुन लाल, डॉ. सुरेश चन्द्र ने विचार व्यक्त किए। इटावा केंद्र के प्रबंधक रामनरेश आचार्य ने सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

बीएनएस अधिनियम को रद करने की मांग

इटावा। आल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू) ने केंद्रीय कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। डीबीए के अध्यक्ष अनिल गौर, जिलाध्यक्ष एडवोकेट विद्याराम भारती ने ज्ञापन में तीन आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 के अधिसूचित कार्यान्वयन को रद करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पूर्व-विधायी परामर्श प्रक्रिया का पालन और पूरा किए बिना बिल संसद में पेश किया गया था। पूर्व विधायी परामर्श नीति 2014 में यह अनिवार्य है कि संसद में पेश करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी देने से पहले जनता के साथ 30 दिन की परामर्श अवधि हो। आल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने विधेयकों के प्रत्येक प्रावधान का विश्लेषण करते हुए विधायी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में भारत सरकार से विस्तृत आपत्तियां मांगी थीं क्योंकि कई प्रावधान प्रकृति में कठोर हैं। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री देवेंद्र पाल, हरविलास दोहरे, राम सरन सिंह यादव, राजू यादव, मनोज दीक्षित आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

ट्रेन के आगे कूदकर प्रेमी युगल ने दी जान

संवाददाता कालपी(जालौन)

अमृत विचार। प्रेम प्रसंग के चलते युवा प्रेमी और प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। इस घटना से दो परिवारों में कोहराम गया। सूचना पर छौंक रेलवे ट्रैक पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की और दोनों शवों का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई के लिये भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली निवासी ब्रजलाल अहिरवार का 22 वर्षीय पुत्र मनीष गांव में रहता था। बताते हैं कि मनीष का प्रेम प्रसंग 19 वर्षीय दीक्षा निवासी कैलिया से चल रहा था। दीक्षा उरई में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताते हैं कि दोनों शादी करना चाहते थे। दोनों परिवारों ने यह कभी भी नहीं सोचा था कि दोनों इतना बड़ा कदम उठा लेंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 26 जून को मनीष घर से निकला था वहीं रास्ते में उसे दीक्षा भी मिल गई।

दोनों झांसी-कानपुर रेलवे ट्रैक छौंक गांव के समीप पहुंचे और वहीं पर मनीष व दीक्षा ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

रेलवे विभाग से सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने के बाद कोतवाल नागेंद्र पाठक तथा ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। मनीष तथा दीक्षा के घर में मौत की खबर पहुंची तो सभी लोग स्तब्ध रह गए।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल व ग्रामीण। अमृत विचार

दामोदर सिंह गुर्जर काका को छठवीं पुण्यतिथि पर किया याद

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। श्री सरयू मां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदूपुरा जालौन के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय दामोदर सिंह गुर्जर काका की छठवीं पुण्य तिथि मनाई गई। जिसमें विद्यालय परिवार के समस्त पदाधिकारी स्टाफ व सदूपुरा व आसपास गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने अपने प्रबंधक को याद कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय के निवर्तमान प्रबंधक कुंअर कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

दामोदर सिंह गुर्जर काका को श्रद्धांजलि अर्पित करते आयोजक। अमृत विचार

एक्सप्रेसवे पर पलटी डीसीएम, चालक परिचालक घायल

बसरेहर। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चैनल नंबर 117 पर चौपला कट प्वाइंट के पास हरियाणा से लखनऊ जा रही डीसीएम के दोनों टायर निकल जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे पर ही पलट गई। डीसीएम चालक संदीप कुमार निवासी थाना जींद, जनपद जींद हरियाणा और परिचालक कुणाल पुत्र रामनिवास के साथ जा रहा था। कंडक्टर साइड से पीछे के दोनों टायर अचानक निकल जाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे पर ही पलट गई। जिसमें चालक व परिचालक दोनों लोग घायल हो गए।

निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

कमियों को न सुधारा तो होगी रकम की कटौती

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अजय कुमार गौतम ने गुरुवार को स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कमियां सुधार लें वर्ना रकम में कटौती की जाएगी। विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी।

सीडीओ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तगत राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों में खामियां पाये जाने पर संबंधित विभाग के सहायक अभियंता को सुधार के निर्देश दिए गए।

उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मल्टीपर्पज हाल के सुस्त निर्माण कार्य, बालक, बालिका शौचालय में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा राजकीय इंटर कॉलेज में निर्माण कार्य मानक के अनुसार न होने से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्माण कार्यों को देखने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों ने खेल-खेल में सीखा नाटक की रचनात्मकता

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। विगत एक माह से पाठक क्लासेस में इप्टा के तत्वावधान में चल रही निःशुल्क युवा रंग कार्यशाला का गत दिवस को शहर के राजकीय मेडीकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में समापन हो गया। समापन समारोह का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र पोत्सायन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने जि इस नाट्य कार्यशाला में भाग लिया उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

कार्यशाला संयोजक डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि आप सबके सहयोग से हम तीसरी निःशुल्क युवारंग कार्यशाला का समापन समारोह बेहतर ढंग से कर पा रहे हैं। आगे भी इसी तरह की कार्यशालाएं आयोजित होती रहेंगी। ऐसी कार्यशालाओं से बच्चों में कल्पनाशीलता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। समापन समारोह में कार्यशाला के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने ललित सिंह पोखरिया द्वारा लिखित और निर्देशित बाल नाटक 'डबलू राजा' की प्रस्तुति दी। कार्यशाला के प्रशिक्षक, निर्देशक एवं राष्ट्रपति द्वारा संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित ललित सिंह पोखरिया ने बताया कि यह नाटक बच्चों को खेल-खेल में ही नाटक की रचनात्मकता सिखाता है। बच्चों को कल्पनाशील, संवेदनशील, चिंतनशील बनाना और तर्कशील बनाना है, नाटक उनके भीतर साहस आत्मविश्वास और शारीरिक मानसिक स्फूर्ति जगाता है। यह नाटक डब्लू राजा पत्र के माध्यम से केवल बच्चों को ही नहीं पूरे समाज को संदेश देता है। श्रेयस गुप्ता एवं संतोष दीक्षित की जुगलबंदी ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाईसाहब का नाट्य मंचन किया।

डॉ हरिमोहन पुरवार ने कहा कि ललित सिंह पोखरिया जिस अपनेपन से बच्चों को नाटक सिखाते हैं वो काबिले तारीफ है। सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयास से बच्चों को एक नई दिशा की ओर अग्रसारित कर सकते हैं। इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने मंचन को देखते हुए कहा कि ऐसा नाट्य मंचन उरई में काफी लंबे समय बाद हुआ है। यह एक बेहतर प्रस्तुति कही जा सकती है। फिल्म अभिनेता शशि भूषण चतुर्वेदी ने बच्चों को अभिनय के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला संयोजक संतोष दीक्षित ने कहा कि हम यह प्रयास करते रहेंगे कि जनपद के बच्चे नाट्य एवं रंग कला सीख कर पूरे भारत में नाम रोशन करें। कार्यशाला के सह संयोजक लखन लाल निरंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया। आर्ट एंड क्राफ़्ट डिजाइनिंग के लिए प्रदीप वर्मा ने संबोधन किया। कार्यशाला संयोजन समिति के सदस्य मोनू गौतम, रामकुमार ओमरे, शिवम् गुप्ता, राहुल वर्मा, मोनू, उपासना, प्रशांत स्वर्णकार आदि रहे।

ऑडिटोरियम हाल में अपना हुनर पेश करते इप्टा रंगमंच के कलाकार। अमृत विचार

● पाठक क्लासेस में निःशुल्क युवा रंग कार्यशाला का समापन

आक्रोश

पल्लेदार मजदूर यूनियन एक्टू ने किया प्रदर्शन, एक जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन की दी चेतावनी

योगी-मोदी सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है : चौधरी

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। आज ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू संबंध पल्लेदार मजदूर यूनियन गल्ला मंडी की बैठक का आयोजन जिला सचिव का. राजीव ने किया। इसके बाद प्रदर्शन किया अध्यक्षता सीपीआईएमएल

बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू राष्ट्रीय पार्षद जिला अध्यक्ष सीपीआई एमएल नेता का. राम सिंह चौधरी ने कहा कि योगी मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ देश की जनता में आक्रोश है। सरकार अतिक्रमण अभियान चलाने के नाम पर अमीर कॉर्पोरेट घरानों के इशारे पर सुंदरीकरण के नाम पर बस्तियों को उजाड़ रही है।

एक जुलाई को पूरे प्रदेश के जिलों में जगह-जगह पर इस तानाशाही के खिलाफ और बुलडोजर राज के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका जायेगा। सीपीआईएमएल जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा ने कहा की जालौन में बिजली की जबरदस्त कटौती की जा रही है और चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद की सड़कों पर प्रदर्शन किया जायेगा और जिला अधिकारी कार्यालय पर सभा कर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन दिया जाएगा।

आज की बैठक में प्रमुख रूप से पल्लेदार मजदूर यूनियन अध्यक्ष कॉमरेड राजाराम वर्मा, मंत्री देवी दयाल वर्मा कोषाध्यक्ष, रामबाबू अहिरवार, रमन सुरेश, पल्लेदार मजदूर यूनियन कार्यालय सचिव अशोक वर्मा, गयाप्रसाद वर्मा, इंकलाबी नौजवान सभा मुकेश मौर्य, सुरेश, बृजबिहारी, मुन्ना, रमेशचंद चौधरी, विजय कुमार, चतुर, अनिल, सुनील कुमार, मानसिंह अहिरवार, सुरेश कुमार, संतोष वर्मा, घनश्याम, राजू, शीतल, मनोज, देवी दयाल, रमन आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रदर्शन करते एक्टू के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते ग्रामीण। अमृत विचार

नई बस्ती में पांच दिन से नहीं आ रही बिजली

उरई (जालौन)। तहसील क्षेत्र उरई के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम राहिया चौराहा नई बस्ती के रहने वाले गौतम सिंह, अविनाश त्रिपाठी, दीपेंद्र कुमार, बाबूराम, महेंद्र ददरी आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पांच दिनों से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। इस समस्या के बारे में ग्रामीणों ने विभागीय जेई और एसडीओ को भी अवगत कराया है लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उक्त लोगों ने मांग की है कि नया ट्रांसफार्मर लगाया जाये एवं पानी की लाइन की व्यवस्था की जाये। जिससे क्षेत्र के रहने वाले लोगों की समस्याएं दूर हो सकें।

सार-संक्षेप

वृद्ध संवासियों के साथ भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

समाजसेवियों ने वृद्धाश्रम में बांटी सामग्री

भरथना, इटावा। भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानन्द शाखा के पदाधिकारियों ने वृद्धाश्रम में महिला-पुरूष संवासियों को फल-मिष्ठान-नमकीन आदि वितरित कर जलपान कराया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मोहल्ला गिरधारीपुरा स्थित श्रीनाथ मैरिज होम में संचालित वृद्धाश्रम पर करीब आधा सैकड़ा महिला-पुरूष संवासियों को संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने फल-मिष्ठान-नमकीन आदि वितरित कर जलपान कराया। इस मौके पर अध्यक्ष शेखर सिंह राठौर, सचिव सुशान्त उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अशोक पोरवाल, उपाध्यक्ष श्यामजी पोरवाल नेक्से, संजय माधवानी, महेन्द्र सिंह, आरएन दुबे, अनिल श्रीवास्तव, सीके शुक्ला, नीलू पाण्डेय, रामप्रकाश पाल, रज्जू पोरवाल, विनोद पोरवाल, फूल सिंह पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

पचपेड़ा मोहल्ले में लगा गंदगी का अंबार

बकेवर, इटावा। लखना देहात के पचपेड़ा मोहल्ले में गली में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। आलम यह है कि लोगों को घर के बाहर निकलने में भारी परेशानी है। वहीं सक्रंमक बीमारियों के फैलने का भी खतरा लोगों को सता रहा है। जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं। सफाई कर्मी भी अपनी जिम्मेदारी की तरफ कतई ध्यान नहीं दे रहे है। लखना देहात के ग्राम पंचायत पचपेड़ा में पहली बारिश में ही मोहल्ले की गलियों में कीचड़ इस कदर फैला हुआ है कि मोहल्ले के लोग घर के बाहर निकलने में 10 बार सोचते है। कई बार ग्राम प्रधान से भी इस संबंध में शिकायत की गई परंतु प्रधान के द्वारा लोगों की शिकायत ओर कोई ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। वहीं भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भारत में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। लखना देहात के प्रधान का तो सफाई के प्रति कोई ध्यान तक नहीं है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई दिनों से सफाई कर्मी गलियों की साफ सफाई करने नहीं आया जिसके चलते मोहल्ले में कीचड़ व गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने उपजिलाधिकारी भरथना से मांग की है कि मोहल्ले की गलियों की जल्द से जल्द सफाई करवायी जाये।

जनसेवा केंद्र पर छापामारी करती आरपीएफ। अमृत विचार

अवैध तरीके से टिकट बनाने में जनसेवा केंद्र का संचालक पकड़ा

अछल्दा, औरैया। आरपीएफ फफूंद की टीम ने कस्बा में अवैध तरीके से रेलवे के आरक्षित टिकट बनाने के आरोप में तनु जनसेवा केंद्र के संचालक विपुल को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ फफूंद की टीम को सूचना मिली कि अछल्दा कस्बा में तनु जनसेवा केंद्र से निजी आईडी से अवैध तरीके से रेलवे के आरक्षित टिकट बनाकर बेचे जा रहे हैं। इस पर आरपीएफ फफूंद की टीम हरकत में आ गई। गुरुवार की दोपहर आरपीएफ टीम ने तनु जनसेवा केंद्र के संचालक विपुल कुमार को गिरफ्तार कर आरपीएफ फफूंद थाना ले गए।

अराजक तत्वों ने होटल में की तोड़-फोड़

इटावा। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई चौराहे के पास बने एक होटल एंड रेस्टोरेंट पर पथराव किया तथा होटल के बाहर खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह घटना 23 जून की रात 9 बजकर 10 मिनट की बताई गई है। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस पथराव व तोड़-फोड़ करने वालों की तलाश में जुटी है। होटल संचालक दुर्गेश कुमार निवासी सराय दयानत ने बताया कि वह अपने साथी पंकज के साथ आई टीआई चौराहे के होटल का संचालक कर रहे हैं। 23 जून को करीब सवा नौ बजे वह अपने होटल पर बैठा था। तभी अराजक तत्वों ने होटल पर पथराव किया। होटल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। थाना सिविल लाइन में की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मुलाकात की। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया 23 जून को आपसी रंजिश के कारण होटल पर खड़ी गाड़ियों पर ईंट पत्थर फेंक कर गाड़ियों के साथ तोड़फोड़ की गई थी। अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

हल्की बरसात में ही बिजली ने किया खूब परेशान

इटावा। बरसात के चलते बिजली ने लोगों को खूब परेशान किया। रात में भी बिजली गुल रही और गुरुवार को दिन में भी बिजली की आवाजाही बनी रही जिससे उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। बीती रात करीब एक बजे हल्की बूंदाबांदी हुई और फिर सुबह चार बजे के करीब हल्की बरसात हुई। इस बरसात में बिजली को लेकर समस्या खड़ी कर दी। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने से इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। इसुंलेटर क्षतिग्रस्त होने से लाइन पार में श्याम नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति गुल हो गई जिसे काफी देर बाद ठीक किया जा सका। इसी क्षेत्र में सुंदरपुर अड्डा पाय में भी बिजली काफी देर तक गुल रही। इससे पहले रात में पुरबिया टोला क्षेत्र की बिजली तकनीकी खराबी के चलते गोल हो गई लेकिन बिजली व्यवस्था बहाल करने में काफी समय लगा। फिर भी इसक्षेत्र में रात में बिजली गोल होने के कारण सुबह टयूबवैल नहीं चल सके जिससे पानी की सप्लाई भी बाधित रही इसके चलते पुरविया टोला, पक्का तालाब, प्रोफेसर कॉलोनी, सती मोहल्ला और घटिया अजमत अली में पानी की सप्लाई बाधित रही। यह सिलसिला लगातार चलता रहा। शहरी क्षेत्र में मोहल्ला चौगुर्जी और सिविल लाइन में कई बार बिजली आई गई केवल में फाल्ट हो जाने के कारण बिजली आती जाती रही। यही स्थिति फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में रही।

बीएनएस की धारा में मिलेगी अपराधियों को सजा

एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदले , आईपीसी अब इतिहास के पन्नों में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ब्रिटिश कॉल में सन 1860 में अंग्रेजो ने अपनी सुविधानुसार जिस आईपीसी (इंडियन पेनल कोड) को लागू किया था। इससे बस तीन दिन में छुटकारा मिल जाएगा। अब एक जुलाई से आईपीसी की जगह बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) लागू हो जाएगी। इसमें एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदल गए है। केंद्र सरकार ने तीन नए कानून व्यवस्था को लागू किया है। नई व्यवस्था 30 जून की आधी रात 12 बजे से लागू हो जाएगी।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की 302, 307, 376 जैसी धाराओं का प्रयोग पुलिस हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म जैसे अपराधों के एफआईआर में करती थी। पर, ये धाराएं एक जुलाई से खत्म हो जाएंगी। देश में नया कानून लागू हो रहा है। एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) खत्म हो जाएगी। इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू हो जाएगी। किसी भी एफआईआर को देखे तो उसमें सबसे पहले भारतीय दंड संहिता 1860 ही लिखा होता था। एक जुलाई से इसकी जगह एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता लिखा मिलेगा। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं हैं।

वकील और पुलिस पढ़ रहे किताब

नए कानून की जानकारी के लिए वकील हों या पुलिसकर्मी सभी इसकी किताब का अध्ययन कर रहे हैं। हत्या के लिए अभी तक धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज होती थी, लेकिन एक जुलाई से धारा 103 (1) में रिपोर्ट दर्ज होगी। दुष्कर्म का मामला अब 376 की जगह धारा 63 में दर्ज होगा। वहीं 354 से 354 (घ) यानि महिला अपराध से जुड़ी धारा भी बदल गई है। इसका मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को अब धारा 74 से 78 का प्रयोग करना होगा। डकैती की धारा 395 की जगह 310 (2) होगी। हत्या के प्रयास में अभी तक धारा 307 लगती थी, लेकिन अब 109 के तहत रिपोर्ट दर्ज होगी। धोखाधड़ी के मामले धारा 420 की जगह 316 में लिखे जाएंगे। इसी तरह से सभी अपराध की धाराएं बदल दी गई हैं। नए कानून के तहत सात साल से ज्यादा सजा वाले मामलों में फॉरेंसिंक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अभी तक आरोपियों के हाथों में हथकड़ी लगाने का प्रावधान नहीं था। अब सात साल से ज्यादा सजा के मामले में पुलिस हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकेगी।

कहीं भी एफआईआर दर्ज करा सकती है दुष्कर्म पीड़िता

नई कानून व्यवस्था में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के मामलों में सख्ती की गई है। महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। नए प्रावधान में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना होने पर वह देश के किसी भी राज्य के किसी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज करा सकती है। पुरानी व्यवस्था में यह सिर्फ राज्य स्तर पर ही लागू था। अब राष्ट्रीय स्तर पर लागू हो गई है। वहीं यौन अपराध से जुड़े मामले में प्रावधान किया गया है कि यौन संबंधों के लिए पहचान छिपाना और झूठे वादे अपराध की श्रेणी में माने जाएंगे। नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म को पॉक्सो एक्ट के साथ जोड़ दिया गया है। जिसमें आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद और आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। आईपीसी में बलात्कार का मामला धारा 376 में दर्ज होता था पर, अब धारा 63 में किया जाएगा, वहीं धारा 64 में सजा के प्रावधान हैं। सामूहिक दुष्कर्म के मामले धारा 70 में दर्ज होंगे।

आतंकी गतिविधियों पर सख्त कानून

भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह की धारा को खत्म कर दिया है। पर, अलगाववाद और विद्रोह की कोशिश को राष्ट्रद्रोह के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। देश को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोटक पदार्थ और जहरीली वस्तुओं का उपयोग करने पर आतंकवाद की धाराओं में मुकदमा चलेगा। सजा और कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए विदेश भागने वालों पर मुकदमा चल सकेगा। अगर पुलिस विदेश में बैठे अपराधी को तय समय में नहीं पकड पाएगी, तो भी कोर्ट में प्रकरण पेश किया जा सकेगा। राजद्रोह के मामले में आईपीसी की धारा 124 -ए को नए कानून में धारा 150 के नाम से जाना जाएगा। भारत सरकार के खिलाफ उकसाने और युद्ध छेड़ने जैसे प्रयास पर आईपीसी की धारा 121 अब धारा 146 कही जाएगी।

भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता की धाराएं

अपराध	आईपीसी	बीएनएस
हत्या	302	103(1)
हत्या का प्रयास	307	109
उपेक्ष द्वारा मृत्यु कारित	304ए	106
आत्महत्या के लिए उकसाना	306	108
आत्महत्या का प्रयास	309	226
मारपीट	323	115
जान से मारने की धमकी	506	351
लूट	392	309(4)
लूट का प्रयास	393	309(5)
लूट के दौरान हत्या का प्रयास	394	309(6)
डकैती	395	310(2)
डकैती के दौरान हत्या	396	310(3)
धोखाधड़ी	420	318(4)
कूटरचना	465	336(2)
न्यायालय अभिलेख की कूटरचना	466	337
प्रतिभूति बिल की कूटरचना	467	338
छल प्रयोजन से कूटरचना	468	336(3)
कूटरचित इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख	470	340(1)
कूटरचित दस्तावेज प्रयोग	471	340(2)

महिला से होने वाले अपराध की बदली धारा

छेड़छाड़	354	74
शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता	354ए	75
शारीरिक संपर्क और आगे बढ़ना	354 बी	76
ताक-झांक करना	354सी	77
पीछा करना	354डी	78
दुष्कर्म	376	64
दहेज हत्या	304बी	80
नाबालिग का अपहरण	363	139
विस्फोटक पदार्थ में उपेक्षा	286	287
गलत इशारे व गाली देना	294	296
लज्जा भंग करना	509	79
दूसरा विवाह करना	494	82
पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता	498ए	85

लागू होगी एक समान न्याय प्रणाली

डीजीपी प्रशांत कुमार को नए कानून संबंधी स्मृति चिन्ह भेंट करते एडीजी विजय कुमार।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नए आपराधिक कानून में न्यायाधीशों से संबंधित कई प्राविधान किए गए हैं। यह इसलिए किए गए ताकि पीड़ितों को सुगम न्याय मिल सके। इसीलिए अब न्यायाधीशों के प्रकार में तीन के स्थान पर चार कर दिया गया है। बहस पूरी होने के बाद निर्णय की समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है।

न्यायाधीशों से संबंधित प्राविधान में पहला बदलाव तो यह है कि पूरे देश में एक समान न्याय प्रणाली कर दी गई है। न्यायिक प्रक्रिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट, मेट्रो पॉलिटन मजिस्ट्रेट और सहायक सत्र न्यायाधीश के पदों का उन्मूलन कर दिया गया है। अब इसके स्थान पर चार प्रकार के न्यायिक अधिकारी होंगे। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सत्र न्यायाधीश और कार्यकारी मजिस्ट्रेट होंगे। नए कानून में सभी न्यायिक अधिकारियों की भूमिकाओं का निर्धारण कर दिया गया है।

पुलिस की बढ़ी जवाबदेही

अब पुलिस बिना वीडियोग्राफी के आपकी तलाशी नहीं कर पाएगी। जब्ती के दौरान भी वीडियोग्राफी होगी। गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी देना भी पुलिस के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। तीन वर्ष से कम सजा वाले मामलों में और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों पर कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना जरूरी हो गया है। 20 से अधिक प्राविधानों द्वारा पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। पहली बार एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच का प्राविधान भी किया गया है।

तारीख-पर-तारीख के चलन से मिलेगी मुक्ति, तीन वर्षों में मिलेगा न्याय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नए आपराधिक कानून-2023 की सबसे खास बात यह है कि इसके लागू होने के बाद से तारीख-पर-तारीख के चलन से पीड़ित को मुक्ति मिल जाएगी। प्रयास है कि अधिकतम तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल जाए। इसके लिए 35 ऐसी धाराएं है, जिनकी समय सीमा तक तय कर दी गई है। ऑनलाइन शिकायत करने के तीन दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्राविधान किया गया है। योन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी ही देनी है। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्राविधान किया गया है।

नए आपराधिक कानून में बहुत कुछ बदल दिया गया है। भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामले में भी 90 दिनों के अंदर केस दायर करने का प्राविधान कर दिया गया है। आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला करना अदालतों में अनिवार्य हो गया है।

सामूहिक दुष्कर्म में 20 वर्ष, नाबालिग से सजा-ए-मौत: सामूहिक बलात्कार में 20 वर्ष के कारावास अथवा आजीवन कारावास जैसी सजा का प्राविधान किया गया है। यही नहीं नाबालिग से सामूहिक बलात्कार करने में मौत तक की सजा का प्राविधान किया गया है। यौन संबंध के लिए झूठे वादे करने अथवा पहचान छिपाने को भी अब अपराध की श्रेणी में रखा गया है। पीड़िता के घर पर किसी महिला अधिकारी की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करने का प्राविधान भी किया गया है। पीड़िता के अभिभावकों की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करना अनिवार्य हो गया है।

▸▸ भगोड़े अपराधियों के मामले में भी 90 दिनों के अंदर केस दायर करने का प्राविधान

भगोड़े अपराधियों के खिलाफ भी अब सजा होगी तय

भगोड़ा अपराधी दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या अधिक की सजा मिलेगी। भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अय देशों के साथ मिलकर आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। भगोड़ों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चलाने का भी प्राविधान किया गया है। यही नहीं भारत एवं अन्य देशों में भी संपत्ति जब्त करने का भी प्राविधान किया गया है।

एक नजर

डॉ भीमराव आंबेडकर विवि के नैक के लिए समीक्षा

अमृत विचार,लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के नैक के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के 'स्लो लर्नर' विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों से निरंतर फीडबैक लेते हुए उनकी समस्या समाधान के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। समस्या समाधान के लिए विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संवाद व अध्यापकों का आपसी विचार-विमर्श आवश्यक है। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, विश्वविद्यालय की नैक टीम के सभी सदस्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति का अभिभाषण भाजपा सरकार की वाहवाही

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भाजपा सरकार की वाहवाही है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने कहा कि 1975 के आपातकाल को तो जनता ने माफ कर दिया है, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसके लिए माफी भी मांगी थी, पर भाजपा अभिभाषण के जरिये वाहवाही लूटने का सस्ता प्रयास कर रही है।

गोरखपुर के महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के निधन पर शोक

अमृत विचार,लखनऊ : गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक सभा आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस से उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, आदि मौजूद थे।

उप्र रोजगार देने में पहले और अर्थव्यवस्था में दूसरे पायदान पर

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई पर आयोजित कार्यक्रम में दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं। 2017 में प्रदेश देश की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में उप्र. आज पहले पायदान पर है। राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में आज निवेश का बेहतर वातावरण बना है। कानून का राज और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। उद्योग-धंधों के लिए ये कारक बहुत जरूरी होते हैं, इसके साथ ही औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई भी आवश्यक होते हैं।

योगी ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में अब तक 24 हजार करोड़ के निवेश को हमने यहां लागू कर लिया है। उन्होंने ने कहा कि बीते साल की तरह इस वर्ष भी सितंबर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। पिछले साल 70 हजार बायर्स ट्रेड शो में आए थे, इसबार यह संख्या और बढ़ेगी। योगी ने बताया कि अब तक रजिस्टर्ड 24 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों में से कोई अगर किसी आपदा की चपेट में आता है तो उसे 5 लाख रुपए तक का लाभ सरकार प्रदान करेगी। साथ ही साथ 5 लाख तक के ऋण को भी ब्याज मुक्त करने के लिए हमने कदम बढ़ाए हैं। आने वाले 10 साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ने का लक्ष्य है। इस मौके एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, आईआईडीसी मनोज कुमार, प्रमुख सचिव, आलोक कुमार, समीर रंजन पंडा सहित प्रदेशभर से हस्तशिल्पी, कारीगर, बैंकर्स, उद्यमी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

कार्यक्रम में महिला लाभार्थी को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▸▸ राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एमएसएमई उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका : योगी

▸▸ आने वाले 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को जोड़ने का है लक्ष्य

20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने झांसी के प्लेज पार्क और आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना का भी शुरुआत की।

हस्तशिल्पी, कारीगर और उद्यमी सम्मानित

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थी सीतापुर के गुरदीप सिंह, लखनऊ की आकांक्षा गौतम, लखनऊ की रूबी देवी और गोरखपुर की माधुरी शर्मा को टूलकिट वितरित किया। इसके अलावा लखनऊ के रंजीत, बाराबंकी के संजय कुमार, लखनऊ के कल्लू कुम्हार को सम्मानित किया। साथ ही पुष्प कुमार सिंह, साधना सिंह, आलोक कुमार गुप्ता को विभिन्न उद्यमों के लिए ऋण सौंपा।

15 अभियंताओं से जल्द पूछताछ करेगी विजिलेंस

अमृत विचार, लखनऊ: सिंचाई विभाग एवं जल निगम के 14 पूर्व एवं एक वर्तमान समेत कुल 15 अभियंताओं से विजिलेंस शीघ्र ही पूछताछ करेगी। इसमें तीन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और 12 के विरुद्ध आवंटित राशि से अधिक राशि का ठेकेदारों से अनुबंध करने तथा इस संबंध में जारी शासनादेश का पालन नहीं करने का आरोप है। सभी के खिलाफ विजीलेंस ने अलग-अलग तिथियों में विभिन्न आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया है।सिंचाई विभाग के जिन 12 पूर्व इंजीनियरों के खिलाफ आवंटित राशि से अधिक पर अनुबंध करने का आरोप हैं। उनके बारे में सिंचाई विभाग के साथ-साथ उत्तर प्रदेश वाटर सेक्टर रिस्ट्रक्चरिंग प्रोजेक्ट के कार्यालय से जुटाए गए दस्तावेजों का भी अध्ययन किया जा रहा है।

सरकार की ओर से बीते 18 अप्रैल को अनुमति दे दी गई। इसके बाद विजिलेंस की ओर से बुधवार को सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जा कराया गया। सिंचाई विभाग के जिन अभियंताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है, उसमें तत्कालीन चीफ इंजीनियर कुणाल कुलश्रेष्ठ, आदेश कुमार गोयल, नवनीत कुमार, अवध राज यादव, अनिल कुमार, रणवीर सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता बलराम सिंह यादव, कुलजीत सिंह, सुरेश चन्द्र शर्मा, शिवमंगल यादव, नीरज कुमार तथा महेन्द्र कुमार निगम के नाम शामिल हैं। इसके अलावा आय से अधिक संपत्ति के आरोप में सीएण्ड डीएस के जिन परियोजना प्रबन्धकों के खिलाफ मुकदमा किया गया है, उनमें कृष्ण कुमार पटेल, कमलेश कुमार केशरी तथा अजय रस्तोगी के नाम शामिल हैं।

वर्ग पहेली-114

बाएं से दाएं

1.1. जैसे, गोया 2. मान लो कि, कल्पना कीजिए

5. पान रखने की पिटारी या डिब्बा, बांस का बना पानदान।

6.1. जिसमें कोई गंध न हो 2. गंधरहित।

7.1. (रोग) जो छूत से फैलता या बढ़ता हो, छूतवाला, संक्रामक 2. जिसे किसी के संक्रमण के कारण से छूना निषिद्ध हो।

ऊपर से नीचे

1.1. महीने का अंत या समाप्ति 2. अमावस्या 3. सौर संक्रांति का दिन 4. माह का आख़िरी दिन।

2.1. किसी व्यक्ति तथा समूह का आर्थिक

3.1. जो आहत हो, घायल, जिसे चोट लगी हो, ज़ख़्मी 2. चोट करने वाला 3. चोटी या ऊपर का सबसे अच्छा 4. भड़कीला, ठाट-बाटवाला।

4. सेंध मारने की क्रिया, चोर आदि असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी या उत्पात के उद्देश्य से दीवार को तोड़कर छेद या सुरंग बनाना।



वर्ग पहेली -113 का हल

1 सा	■	■	2 अ	रे
3 म	नो	भा	व	■
धे	■	■	गुं	■
नी	■	■	ठ	■
■	5 मे	ह	न	6 ता
■	■	■	■	री
7 सा	बु	न	■	फ़

सुडोकू-27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			4	8			9
		5	9			8		6
	8		1			7		
2	1			3			8	
	7						9	
	9			6			4	2
		2			4		6	
4		8			5	2		
9			7	2			3	

सुडोकू -26 का हल

2	4	5	1	7	3	9	8	6
3	8	6	5	4	9	7	2	1
9	1	7	6	2	8	4	3	5
8	3	4	2	6	5	1	7	9
7	2	9	4	8	1	6	5	3
5	6	1	3	9	7	8	4	2
4	5	8	9	1	2	3	6	7
1	7	3	8	5	6	2	9	4
6	9	2	7	3	4	5	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 16 .27 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 10 .10 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज निर्माण कार्य में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक यात्राएं करनी पड़ सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। व्यवसाय में धन उधार देने से बचें। नया काम शुरू करने में कठिनाई का अनुभव करेंगे।

वृष — आज बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन — आज नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन बेहद शुभ है। परिस्थितियां आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी।

कर्क — आज आपका मन इधर-उधर की बातों में लगा रहेगा। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी,किंतु आप अपने पुराने अनुभवों के आधार पर काम बना लेंगे।

सिंह — आज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। निकटस्थ लोगों को आपका व्यवहार व्यथित कर सकता है।

कन्या — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आप कारोबारी उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

तुला — आज आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आप किसी पुरानी समस्या का हल ढूंढ़ लेंगे। आप काफी ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना उत्तम होगा। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है।

धनु — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। आपको विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

मकर — आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आएंगी। अनुसंधान संबंधित कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन आपके लिए काफी अच्छा है। संतान के व्यवहार से प्रसन्नता होगी।

कुंभ — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं, वही आपको काफी परेशान कर सकता है।

मीन — आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्नता रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।

आज की फिल्में

लश्कर — सुबह : 10 .34
गुलाब गैंग — दोपहर : 03 .28
थैंक गॉड — सुबह : 11 .20
दिल चाहता है — रात : 08 .00

वेनटेज प्वाइंट — सुबह : 09 .56
वेनम — रात : 09 .00
नवरत्न — सुबह : 08 .53
जवान — रात : 08 .00
दोस्ताना — सुबह : 09 .23
स्टूडेंट ऑफ द ईयर — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो महिलाएं बात कर रही थीं..
पहली बोली (चिंकी)- बहुत साल पहले एक बाबा ने कहा था कि भगवान तुझे इतना देगा कि संभाला नहीं जाएगा।
दूसरी महिला - तो क्या हुआ?
पहली महिला (चिंकी)- अब पता चला वो वजन की बात कर रहा था।

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं। दरअसल ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी। किताब का नाम था -एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे। और गलती से हो गया-एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	79,243.18	24,044.50
बढ़त	568.93	175.70
प्रतिशत में	0.72	0.74

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1050 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूं दड़ा	2400-2410
आर. आर.21	2550-2600
गेहूं फारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7800-8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16600-16700
अरहरस्पेशल	14300-14400
चनादाल	8000-8100
मटरदाल	4800-4900
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000-13300
उड़द धोवा	10000-13000
मूंगदाल	8100-9700
मूंग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती न01.	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती न02.	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1460
मैदा	1380-1435
सूजी	1440-1460

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत पायदान पर

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें सभी हितधारक

मुंबई, एजेंसी।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से बृहस्पतिवार को कहा कि वे संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकों के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है। रिपोर्ट कहती है कि यह लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़े हुए सार्वजनिक ऋण और मुद्रास्फीति में गिरावट की धीमी रफ्तार से बढ़े हुए जोखिमों का सामना कर रही है।

'कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है। सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिये आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं। मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात (सीआरएआर) और समान इक्विटी टियर 1 अनुपात 16.8 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत रहा।

जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे बैंक

एफएसआर रिपोर्ट के अनुसार ऋण जोखिम के लिए व्यापक तनाव संबंधी परीक्षणों से पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंक न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। वित्त वर्ष के अंत में प्रणालीगत सीआरएआर बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के तहत क्रमशः 16.1 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत और 13.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। ये परिदृश्य काल्पनिक झटकों के तहत किए गए कठोर रुढ़िवादी आकलन हैं और परिणामों की व्याख्या पूर्वानुमान के तौर पर नहीं की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2024 के अंत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सेहत स्वस्थ बनी हुई थी। उनका सीआरएआर 26.6 प्रतिशत, जीएनपीए अनुपात 4.0 प्रतिशत और परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 3.3 प्रतिशत पर था।

आपूर्तिकर्ताओं को ग्राहकों से लेना होगा शपथ पत्र : सीबीआईसी

नयी दिल्ली, एजेंसी।

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने क्रेडिट नोट के माध्यम से छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में बदलाव किया

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी के तहत क्रेडिट नोट के माध्यम से बिक्री बाद छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में बदलाव किया है। उन्हें अब यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक शपथ पत्र या चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र देकर यह बताएं कि छूट मूल्य पर प्राप्त आईटीसी लाभ को वापस कर दिया गया है। वर्तमान में, इस बात पर नजर रखने की कोई व्यवस्था नहीं है कि ऐसी छूट पर इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) वापस किया गया है या नहीं। आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ कर अधिकारियों के लिए आईटीसी लाभ वापसी को सत्यापित करने के लिए सामान्य पोर्टल पर जब तक सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तब तक आपूर्तिकर्ता, आपूर्ति प्राप्त करने वाले से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) या कॉस्ट अकाउंटेंट द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। इसमें यह जिक्र होना चाहिए कि प्राप्तकर्ता ने आपूर्तिकर्ता की तरफ से जारी क्रेडिट नोट के संबंध में आनुपातिक आधार पर आईटीसी का लाभ वापस कर दिया है। ऐसे मामलों में, जहां एक वित्त वर्ष में टैक्स क्रेडिट नोट के माध्यम से प्राप्तकर्ता को आपूर्तिकर्ता द्वारा दी गई छूट में शामिल कर की राशि (सीजीएसटी एसजीएसटी आईजीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर) पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो उसे चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता को संबंधित प्राप्तकर्ता से केवल शपथपत्र लेने की जरूरत होगी। कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि परिपत्र पूर्व की तिथि से है। यह 2017 से इस मुद्दे पर सभी मांगों को प्रभावित कर रहा है। इस मामले को लेकर कानूनी विवाद में फंसे करदाता राहत के लिए इस स्पष्टीकरण का लाभ उठा सकते हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	89400
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73150
गिन्नी (प्रति नग)	54500-54700
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,450
चांदी आभूषण	88,800

सेबी ने एफपीआई पंजीकरण नियमों में संशोधन किया

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रवासी भारतीयों, विदेशों में बसे भारतीयों (ओसीआई) और निवासी भारतीयों के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से संबंधित पंजीकरण दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

क्लाउड-आधारित फाइल साझा करने वाला, भंडारण मंच लाएगी सीआईपीएल

नयी दिल्ली, एजेंसी।

- सीआईपीएल को प्रदान की गई है 240 करोड़ रुपये की परियोजना

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) को सरकारी अधिकारियों के लिए क्लाउड-आधारित दस्तावेज़ साझा करने वाला और भंडारण मंच विकसित करने के लिए 240 करोड़ रुपये की परियोजना मिली है। सीआईपीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि 'गोवड्राइव' परियोजना देशभर में लगभग 50 लाख सरकारी अधिकारियों को सेवा प्रदान करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने कहा कि वह 'गोवड्राइव-स्टोरेज एज ए सर्विस' परियोजना के तहत सुरक्षित एप्लिकेशन और प्रबंधित सेवाएं विकसित करेगी। यह मंच विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, वैधानिक निकायों और कई अन्य संगठनों को सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी ने कहा कि क्लाउड-आधारित मल्टी-टेनेंट मंच 'गोवड्राइव' सरकारी कर्मचारियों को अंतर-विभागीय और अंतर्विभागीय दोनों तरह के दस्तावेजों को सहजता से साझा करने में मदद करता है। सरकारी अधिकारियों को दस्तावेजों को संग्रहीत करने के लिए गोवड्राइव के तहत प्रत्येक को 10 जीबी निशुल्क संग्रहण प्रदान किया जाता है। इस मंच में फाइल तलाशने की उन्नत क्षमताएं, एन्क्रिप्शन, डाउनलोड और रीस्टोर विकल्प, तथा डेस्कटॉप, लैपटॉप, मोबाइल फोन और टैबलेट जैसे कई उपकरणों में दस्तावेजों के समन्वयन जैसी सुविधाएं होंगी।

गूगल इंडिया के खिलाफ शिकायत खारिज की

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल इंडिया के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया है, जिसमें कॉलर आईडी और स्पैम बचाव ऐप के बाजार में ट्रूकॉलर को लाभ पहुंचाने के लिए अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। निष्पक्ष व्यापार नियामक ने शिकायत को खारिज करते हुए कहा कि उसे प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं मिला है। आयोग ने कहा, ''हमें लगता है कि इस मामले में गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है।'' प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार किसी कंपनी के प्रभुत्व की स्थिति का दुरुपयोग करने से संबंधित है। यह फैसला रचना खैरा की तरफ से दायर शिकायत पर आया है जिसमें गूगल पर निजी संपर्क से संबंधित सूचना साझा करने के लिए ट्रूकॉलर को विशेष पहुंच प्रदान करने का आरोप लगाया गया था।

अल्ट्राटेक, इंडिया सीमेंट्स में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

नयी दिल्ली, एजेंसी।

- आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना
- एक अलग बैठक में 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दी गई

प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक सीमेंट ने चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 1,900 करोड़ रुपये से अधिक में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस सौदे के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स के 6,02,48,983 शेयर खरीदे हैं, जो कुल मिलाकर 19.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इसके लिए प्रति शेयर 267 रुपये का मूल्य तय किया गया है। 267 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर पहले लेनदेन का कुल मूल्य 1,608.64 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी की ओर दी गई जानकारी के अनुसार, निदेशक मंडल ने एक अलग बैठक में 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है। दूसरे लेनदेन का मूल्य 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 295 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जवान ने खुद को गोली मारी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के रामपुरम इलाके में सीएएफ कैंप में बुधवार देर रात एक जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आला अधिकारी मौके पहुंचे और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला भोपालपट्टनम थाना अंतर्गत कैंप रामपुरम में 15वीं डी कंपनी में जवान पदस्थ है। जवान की हालात गंभीर है उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है। जवान का नाम मनोज दिनकर ग्राम भोगांव जिला जांजगीर का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कंपनी के आलाअधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे हुए हैं। इस घटना की पुष्टि सहायक सेनानी 15वीं बटालियन बीजापुर डी.पी. बड़ा ने की है।

बिहार में एक और पुल गिरा, कोई हताहत नहीं

किशनगंज। बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में बृहस्पतिवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा,'' यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका।'' सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आवाजाही को रोकने के लिए पुल के दोनों छोर पर 'बैरिकेडिंग' (अवरोधक लगाना) की गई है।

माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

पाडेरु। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के चार सदस्यों ने बृहस्पतिवार को अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। एएसआर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुहिन सिन्हा ने कहा कि टी साईराम, वी किरण, टी रमेश और के बाबूराव गलीकोंडा दलम (विंग) से संबंधित हैं। सिन्हा ने कहा, "आज, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी के गलीकोंडा दलम के चार मिलिशिया सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया।" उन्होंने बताया कि यह गुटों में नेतृत्व की कमी और समुदायों के बीच में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए व्यापक जागरूकता अभियान के बाद संभव हुआ।

विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना

राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था

कोलकाता, एजेंसी।

तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर जारी विवाद के कारण शपथ नहीं ले पाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में बृहस्पतिवार को धरना दिया। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इन दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। बारानगर से निर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और भगबानगोला से निर्वाचित हुए रायत हुसैन सरकार विधानसभा परिसर में बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठ गए और उन्होंने मांग की कि राज्यपाल बोस विधानसभा के अंदर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराकर उन्हें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य का निर्वहन करने दें। राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया कि परंपरा के अनुसार उपचुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मामले में राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। राज्यपाल ने विधानसभा में शपथ दिलाने से इनकार कर दिया और नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बंदोपाध्याय ने कहा कि हमने बुधवार को शाम चार बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का इंतजार किया लेकिन वह नहीं आए। आज हम आंबेडकर की प्रतिमा के सामने इस मांग के पक्ष में बैठे हैं कि लोगों के लिए काम करने का हमारा संवैधानिक अधिकार बिना किसी देरी के हमें दिया जाए। विधायकों का धरना अपराह्न साढ़े बारह बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक जारी रहा। बंदोपाध्याय ने कहा कि वह विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए फिर से राज्यपाल को पत्र लिखेंगी।

जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का लगाया आरोप

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस गतिरोध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल बोस पर शपथ ग्रहण समारोह को ''अहंकार की लड़ाई'' में बदलने और जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने बुधवार रात को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि संविधान उन्हें यह निर्णय लेने का अधिकार देता है कि विधायकों को शपथ दिलाने का काम किसे सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे विधानसभा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराने में कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अध्यक्ष के आपत्तिजनक पत्र के कारण राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंची, इसलिए यह विकल्प व्यवहार्य नहीं पाया गया।''

राज्यपाल को शपथ लेने से रोकने का अधिकार नहीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के उपचुनाव में निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों को शपथ दिलाने के स्थान को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को यह प्रकिया रोकने का कोई अधिकार नहीं है। बनर्जी ने कहा कि राजभवन से कई घटनाओं की खबर आने के बाद उन्हें महिलाओं से शिकायतें मिली हैं जिन्होंने दावा किया है कि वे वहां जाने में असुरक्षित महसूस करती हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय में कहा कि मेरे विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार को निर्वाचित हुए एक करीब एक महीना हो गया है लेकिन अब तक वे शपथ नहीं ले पाए हैं। राज्यपाल उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। यह जनता है जिसने उन्हें चुना है, न कि राज्यपाल ने। वह शपथ लेने के उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, कि क्यों सभी को राजभवन जाना चाहिए? राज्यपाल (विधानसभा) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को अधिकृत कर सकते हैं या स्वयं विधानसभा आ सकते हैं। महिलाओं ने मुझे सूचित किया है कि राजभवन से आई खबरों के मद्देनजर वे वहां जाने से डरती हैं।

मंगलुरु में करंट लगने से दो ऑटो चालकों की गई जान

बेंगलुरु/मेंगलुरु, 27 जून (भाषा)

- भारी बारिश की चपेट में आने से अब तक छह लोग मारे गए

कर्नाटक के मंगलुरु जिले में बुधवार रात भारी वर्षा के बीच बिजली का तार टूटकर सड़क पर गिरने के बाद उसके संपर्क में आकर दो ऑटो चालकों की करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इसके साथ ही मंगलुरु में पिछले 24 घंटों में वर्षाजनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मंगलूरु के पांदेश्वर इलाके में करंट लगने से जान गंवाने वालों की पहचान हसन जिले के अल्लूरु निवासी राजू गौड़ा (50) और दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर निवासी देवराज गौड़ा (46) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ऑटोरिक्शा चालक रोसारियो चर्च के पास किराए के एक कमरे में रहते थे। बुधवार रात करीब नौ बजे उनके घर के बाहर बिजली का तार टूटकर गिर गया। इस बीच राजू बाहर आया और गलती से बिजली के तार पर उसने पैर रख दिया। देवराज ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि कुट्टारू मदनीनगर गांव में बुधवार को एक घर पर पड़ोस के मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात हुई भारी बारिश के कारण सुबह करीब साढ़े छह बजे दीवार ढह गई। मंगलुरु में ही एक अन्य घटना में भारी बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई, जिससे दो बच्चे उसके नीचे दब गए।

दिल्ली नगर निगम की बैठक में जल संकट पर भड़के पार्षद

दिल्ली में जल संकेट क सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते पार्षद।

नई दिल्ली, एजेंसी

- सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के बीचोबीच आए पार्षद
- भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे, जय श्री राम के लगाए नारे

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की निगम (एमसीडी) की बैठक में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस विधायकों ने जल संकट को लेकर विरोध जताया। सदन की कार्यवाही एक घंटे की देरी से पूर्वाह्न 11.55 बजे जैसे ही शुरू हुई विपक्षी पार्षद सदन के बीचोंबीच आ गए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे और ''जय श्री राम'' और ''भारत माता की जय'' के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच मेयर शेली ओबेरॉय ने कई प्रस्ताव पारित किये और सदन की कार्यवाही अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा चुनाव के बाद यह दिल्ली नगर निगम सदन की पहली बैठक थी। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होनी थी, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने बिना कोई कारण बताए इसे 11:45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया, जिससे भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मेयर शेली ओबेरॉय के शामिल होने के बाद सदन की कार्यवाही आखिरकार पूर्वाह्न 11.55 बजे शुरू हुई। महापौर ने नवनिर्वाचित एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार का स्वागत किया।

महाराष्ट्र विस अध्यक्ष ने लोकसभा के लिए चुने गए विधायकों के इस्तीफे की घोषणा की

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए सात विधायकों के इस्तीफे की घोषणा बृहस्पतिवार को की। हाल में संपन्न आम चुनाव में कांग्रेस की प्रणीति शिंदे, प्रतिभा धानोरकर, बलवंत वानखेड़े और वर्षा गायकवाड़, शिवसेना के रवींद्र वायकर और संदीपन भूमरे तथा राकांपा(शरद पवार) के नीलेश लांके ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के राजू परवे ने रामटेक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले ही विधायक पद छोड़ दिया था। परवे हालांकि चुनाव हार गये थे।

कांग्रेस के राजू परवे ने पहले ही छोड़ दिया था पद

मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

इम्फाल, एजेंसी।

सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला-बारूद के अलावा चार वॉकी-टॉकी और दो रेडियो मिले। राज्य पुलिस ने कहा कि य बरामदगी पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान की गई। इम्फाल पूर्वी जिला घाटी क्षेत्र में है जबकि विष्णुपुर जिले का कुछ हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में है। पुलिस ने बताया कि विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ मैनिंग में तलाशी अभियान के दौरान एक 'एसएमजी कार्बाइन', नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ ग्रेनेड, दो 'स्मोक बम' और विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद बरामद हुए। इम्फाल पूर्वी जिले के सनसाबी नतुम चिंग की पहाड़ी पर पांच. 303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूकों सहित अन्य सामान बरामद किए गए।

ये मिले हथियार

- 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक आदि मिले

फैशन डिजाइनर को धमकी मामले में प्राथमिकी दर्ज

वडोदरा, एजेंसी।

- स्वर्ण मंदिर में योग को लेकर कुछ लोगों ने फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को बीते दिनों जान से मारने की धमकी दी थी

गुजरात के वडोदरा निवासी फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मकवाना 21 जून को पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में योग करने को लेकर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रही हैं। सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर मकवाना ने एक नया वीडियो बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को धार्मिक भावना आहत करने के मामले में दर्ज शिकायत वापस लेनी चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि मकवाना की शिकायत के आधार पर बुधवार की रात शहर के करेलीबाग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (अज्ञात संचार माध्यम से आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस प्राथमिकी को 'संवेदनशील' मामले की श्रेणी में रखा है जिसकी जानकारी राज्य के गृह विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आम लोगों को नहीं दी जा सकती। पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने बताया, '' उन्होंने दावा किया कि स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन करते हुए उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद अज्ञात लोगों ने उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम के जरिए जान से मारने की धमकियां दीं। प्राथमिकी में किसी को नामजद नहीं किया गया है।

परिक्रमा पथ पर किया था योग

मकवाना 21 जून को स्वर्ण मंदिर गई थीं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'परिक्रमा' पथ पर योग किया था। उनके स्वर्ण मंदिर में योग करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। घटना के दो दिन बाद एसजीपीसी ने कथित तौर पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पंजाब पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मकवाना ने इसके बाद वीडियो संदेश जारी कर माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावना को आहत करना नहीं था।

टीआरआईएचएमएस को एमबीबीएस सीट दुगनी करने को मिली अनुमति

नाहरलगुन। अरुणाचल प्रदेश के टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (टीआरआईएचएमएस) को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमबीबीएस सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 करने की अनुमति मिल गई है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम 2019 की संबंधित धाराओं के तहत संस्थान की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर यह अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा की क्षमता को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। एनएमसी के चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) के सदस्य जीतूलाल रामप्रसाद मीणा ने जारी अनुमोदन पत्र में कहा है कि नयी क्षमता के तहत भर्ती हुए छात्रों के पहले बैच के अपनी अंतिम परीक्षा देने तक बढ़ी हुई सीटों की अनुमति वैध रहेगी। इसमें कहा गया कि इसके बाद संस्थान को एनएमसी अधिनियम के तहत योग्यता की मान्यता लेनी होगी।

जज्बा

नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से भारतीय सेना डी5 के मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संजना की लघु कथा ऐश्वर्या राय ने जीता कॉमनवेल्थ पुरस्कार

लंदन, एजेंसी

- मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका ने दुनियाभर के 7,359 प्रतियोगियों को पछाड़ा

मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका संजना ठाकुर ने दुनियाभर के 7,359 अन्य प्रतियोगियों को पछाड़कर कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार 2024 अपने नाम किया। उन्हें बृहस्पतिवार को लंदन में पांच हजार पौंड राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संजना की कहानी का शीर्षक एश्वर्या राय बॉलीवुड की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के नाम पर है, जो कहानी गढ़ने की पारंपरिक कल्पना से बिल्कुल परे है। साहित्य पत्रिका ग्रांता ने 2024 कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार जीतने वाली सभी क्षेत्रीय कहानियों

को प्रकाशित किया है। संजना ने कहा मैं बता नहीं सकती कि इस अद्भुत पुरस्कार को जीतकर कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं।

पन्नू मामले में भारत की जांच का इंतजार

वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिका ने कहा है कि वह अपने देश में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की भारत की जांच के नतीजों का इंतजार में है।

पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में

- सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने है आरोप

वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को प्रत्यर्पित कर अमेरिका लाया गया था। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा भारत ने हत्या की कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध करायी सूचनाओं की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। हम उन सदस्यों को निजी रूप से जवाब देंगे जैसा कि हम हमेशा करते हैं। मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलूंगा। जब पहली बार यह मुद्दा उठा था तो हमने स्पष्ट किया था कि हमने इसे भारत सरकार के समक्ष उठाया है।

भारतीय चुनाव एक असाधारण उपलब्धि

भारत में लोकसभा चुनाव पर एक अन्य सवाल पर मिलर ने कहा जहां तक भारतीय चुनाव का सवाल है तो हमारा अमेरिकी सरकार की ओर से बिल्कुल स्पष्ट रुख है कि हम विश्व के इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद की सराहना करते हैं। मिलर ने कहा यह एक असाधारण उपलब्धि है और जब चुनाव के नतीजों की बात आती है तो हम जाहिर तौर पर किसी का पक्ष नहीं लेते। इसका फैसला भारत की जनता को करना होता है।

एक नजर

उत्तरी कोलंबिया में विमान दुर्घटना में दो की मौत

बोगोटा। उत्तरी कोलंबिया के अटलांटिको में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अटलांटिको पुलिस के प्रमुख कर्नल जॉन यूरिया का हवाला देते हुए बताया कि सैन जुआन डे एकोस्टा के ग्रामीण इलाके में पुलिस अधिकारी और अग्निशामक पीड़ितों के शवों को निकालने का काम कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहले क्षेत्र के निवासी पहुंचे जिन्होंने एकल आपातकालीन हॉटलाइन के माध्यम से हमें सूचित किया।

पोर्ट ब्लेयर में नौका में आग लगी, कोई हताहत नहीं

पोर्ट ब्लेयर। फीनिक्स खाड़ी में मरीन डॉकयार्ड में मरम्मत के काम में लगी एक नौका में गुरुवार को आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि एमवी पिलोभाबी में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के छह वाहनों को काम पर लगाया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के अधिकारी मंजीत श्योरन ने कहा हमें दोपहर करीब 12 .40 बजे घटना के बारे में सूचना मिली। हमारे कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और 15 मिनट में हालात पर काबू पा लिया।

नेपाल में मानसून संबंधी घटनाओं में 28 की मौत

काठमांडू। नेपाल में दक्षिण पश्चिमी मानसून के आगमन से लेकर गुरुवार तक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण कम से कम 28 लोगों की मौत हो चुकी है और देश भूस्खलन, बाढ़ व आकाशीय बिजली गिरने से प्रभावित हुआ है। मानसून ने 10 जून को नेपाल के पूर्वी हिस्सों में दस्तक दी थी और तब से देश में कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं।

बम विस्फोट से इजरायली सैनिक की मौत, 16 घायल

यरूशलम। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में गुरुवार को एक छापे के दौरान सड़क किनारे बम विस्फोट से एक इजरायली सैनिक की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने बताया कि इजराइली सेना ने जेनिन में एक फार्मेसी और निजी घरों पर छापे मारे, जिसमें एक फिलिस्तीनी युवक घायल हो गया।

सुनक ने सट्टेबाजी प्रकरण पर दी सफाई

ब्रिटेन में सुनक-स्टार्मर के बीच हुई अंतिम चुनावी बहस, 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने विपक्षी से पूछा- तालिबान से डील कर पाओगे
- ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को प्रचार अभियान अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर गया है। इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच बुधवार रात अहम टीवी डिबेट हुई। इस डिबेट के दौरान काफी गहमागहमी देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर पर्सनल अटैक भी किया।

एक हालिया सर्वे में ऋषि सुनक, स्टार्मर से 20 अंको से पीछे चल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के पास अपने विपक्षी उम्मीदवार पर बढ़त बनाने का आखिरी मौका था। रिपोर्ट के मुताबिक इस बहस में सुनक, विपक्षी नेता स्टार्मर पर हावी दिखे। 75 मिनट की इस बहस में सुनक ने अपने प्रतिद्वंदी स्टार्मर हावी दिखे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह आम चुनाव की तारीख को लेकर अपनी कंजरवेटिव पार्टी के कुछ उम्मीदवारों के सट्टा लगाने से जुड़े मामले पर आक्रोशित हैं। सुनक ने अपने भाषण में बताया कि देश की इकोनॉमी ठीक करने के लिए उनके अलावा और कोई बेहतर च्वाइस नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी नेता स्टार्मर सिर्फ बदलाव की बात करते हैं मगर उनके पास इसके लिए कोई प्लान ही नहीं है। सिर्फ बदलाव की बात कहने से बदलाव नहीं आता है। वह टैक्स और वेलफेयर को कम करेंगे ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले और उनकी बचत हो। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि इमीग्रेश, टैक्स और महिला अधिकारों जैसे मुद्दे पर देश के साथ खड़े होने की जरूरत है।

अपने प्रतिद्वंदी से डिबेट करते ऋषि सुनक।

बहस में सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे

यूगोव पोल के मुताबिक इस बहस में दोनों ही उम्मीदवारों ने बराबर 50 फीसदी प्वांइट हासिल किए। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में विश्लेषकों ने ये दावा किया कि सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे। बेस्ट फॉर ब्रिटेन एनालिसिस ने अपने चुनाव सर्वे में दावा किया है कि संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार झेलनी पड़ेगी। इसमें कहा गया है कि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कम से कम 250 सीटों का नुकसान होगा।

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे कम करने को लेकर लेबर नेता स्टार्मर ने कहा कि वे प्रवासियों को उनके देश (ईरान, सीरिया, अफगानिस्तान) वापस भेज देंगे। उनके इस बयान पर सुनक ने उन्हें तुरंत घेर लिया। सुनक ने कहा क्या स्टार्मर ईरान में खामेनई के साथ बैठक करेंगे? क्या वे तालिबान के साथ इससे जुड़ी डील कर पाएंगे? ये सिर्फ बकवास बातें हैं। आप जनता को मूर्ख समझना बंद कर दीजिए। सुनक ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद जुलाई में ही अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे देश की सुरक्षा को लेबर पार्टी के आगे गिरवी न रखें।

समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी पूर्व सैन्यकर्मियों को बाइडन ने किया माफ

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को बुधवार को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहे हैं। बाइडन के इस कदम से उन सैनिकों को क्षमा मिली है, जिन्हें यूनिफॉर्म कोड ऑफ मिलिट्री जस्टिस के पूर्व अनुच्छेद 125 के तहत दोषी ठहराया गया था, जिसमें समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। हालांकि अब इस कानून को निरस्त कर दिया गया है।

अमेरिकी सेना में यह कानून 1951 में क्रियान्वित किया गया, साल 2013 में इसमें दोबारा संशोधन किया गया और इसमें केवल बलपूर्वक कृत्य पर रोक लगाई गई। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इन सैन्यकर्मियों को माफ किए जाने से अब वे यह सबूत पाने की अर्जी दाखिल कर सकेंगे कि उनकी दोषसिद्धि समाप्त कर दी गई है साथ ही वे वेतन तथा अन्य लाभ पाने के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। बाइडन ने एक बयान में कहा आज मैं अपने क्षमादान अधिकार का उपयोग करके कई पूर्व सैन्यकर्मियों को क्षमा करके एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहा हूं, जिन्हें केवल इसलिए दोषी ठहराया गया कि वे ऐसे हैं।

संरा की बैठक में महिला अधिकार का उठेगा मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना

संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक प्रमुख ने अफगानिस्तान के तालिबान शासकों और लगभग 25 देशों के दूतों के बीच होने वाली पहली बैठक में अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम बैठक के प्रत्येक सत्र में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो ने कहा कि रविवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक एक प्रारंभिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य तालिबान को अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रहने, अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों का पालन करने के लक्ष्य पर जोर देना है। कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के दूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र की यह तीसरी बैठक है, हालांकि पहली बार तालिबान इस बैठक में शामिल होगा। उन्हें पहली बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था और दूसरी बैठक में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया था। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में यूरोपीय संघ, इस्लामिक सहयोग संगठन, अमेरिका, रूस, चीन व अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के दूत शामिल होंगे।

तालिबान को सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव है क्योंकि वहां महिलाओं के पढ़ने और नौकरी करने पर प्रतिबंध है और वह पुरुषों के बिना बाहर नहीं जा सकती हैं। डिकार्लो ने जब मई में काबुल में तालिबान के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चार बातों को लेकर चिंतित है, जिसमें समावेशी सरकार का अभाव व अन्य मुद्दे शामिल है।

नमूने की जांच के लिए चीन ने वैज्ञानिकों को किया आमंत्रित

बैंकॉक, एजेंसी

- अभियान में फ्रांस, पाकिस्तान, इटली ने चीन के साथ मिलकर काम किया

चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है। उन्होंने कहा अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू



करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। चीन हालांकि अन्य देशों के वैज्ञानिकों के साथ फिर भी सहयोग कर सकता है। चांग ई-6 अभियान में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, फ्रांस, इटली और पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर काम किया है।

बोलीविया में सैन्य तख्तापलट की कोशिश नाकाम

लापाज। बोलीविया की राजधानी में गुरुवार को सेना के एक शीर्ष जनरल के नेतृत्व में सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया और फिर तुरंत पीछे हट गए। इस पूरे घटनाक्रम को देश में सैन्य तख्तापलट की नाकाम कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। राजधानी में कुछ समय के लिए फैली अशांति के बाद धीरे-धीरे शांति लौट रही है। इस घटना के कारण लंबे समय से संकटग्रस्त दक्षिण अमेरिकी देश में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो गया था। बुधवार को 1.20 करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र हैरत और हैरानी में था, जब बख्तरबंद वाहनों के सेना के काफिले ने राष्ट्रपति लुइस एर्से की सरकार को हटाकर तख्तापलट करने की कोशिश की। सेना ने राजधानी के प्रमुख चौराहे पर बख्तरबंद वाहनों के दम पर नियंत्रण कर लिया, राष्ट्रपति भवन पर टैंक से हमला कर दिया तथा सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

अमरनाथ के लिए आज रवाना होगा पहला जत्था, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि परिवहन अधिकारियों को यात्रियों की जानकारी के लिए निजी टैक्सियों तथा तिपहिया वाहनों की दरों का व्यापक प्रचार करने को कहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है।

जम्मू रेलवे स्टेशन पर अमरनाथ जाने के लिए उमड़ा जत्था। ● एजेंसी

यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की

अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने गुरुवार को यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की। यातायात पुलिस की सलाह पर प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये प्रतिबंध 28 जून से 19 अगस्त के बीच लागू रहेंगे। पर्यटकों और यात्रियों सहित आम लोगों से अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाने का आग्रह किया है।

धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरती भाषणों में वृद्धि चिंताजनक

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दों के बारे में लगातार चिंताएं व्यक्त कीं।

भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं। इनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं।

बॉलीवुड हलचल

तीन वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 कैंपेन पेश

मुंबई। तीन आकर्षक वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 ने विचारोत्तेजक कैंपेन पेश किया, जिंदगी है....हर मोड़ पर सवाल पूछेगी। जवाब तो देना होगा। देश भर में लाखों दिलों को जीतने वाला और परिवारों को एकजुट करने वाला शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) अपने बहुप्रतीक्षित 16वें सीजन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर वापस आने वाला है, जिसकी मेजबानी महान अमिताभ बच्चन कर रहे हैं। चैनल ने जीवन की गहरी सच्चाई पर चिंतन करते हुए और अमिताभ बच्चन के प्रसिद्ध मध्यम आवाज में वर्णित, अपने विचारोत्तेजक कैम्पेन के नैरेटिव के साथ तीन आकर्षक वीडियो लॉन्च किए हैं। यह दमदार विचार इस अनुभव से उत्पन्न होता है कि हमारे जीवन के कुछ महत्वपूर्ण मोड़ों पर, हमें ऐसे हालातों का सामना करना पड़ता है जो हमें चुनौती देते हैं, और ऐसे समय पर उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया ही नए रास्ते खोलती है।

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज हो गया है। गाना अक्षय कुमार और राधिका मदान पर फिल्माया सोलफुल ट्रैक है। सुहित अभ्यंकर, सागर भाटिया और नीति मोहन की शानदार तिकड़ी द्वारा गाया गया और सुहित अभ्यंकर द्वारा रचित, खुदाया फिल्मों में कव्वाली की एक शानदार वापसी है। नीति मोहन ने कहा कि खुदाया गाना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से बहुत ही खास अनुभव रहा है। गाने के शानदार बोल और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन वास्तव में स्थायी प्रेम के सार को दर्शाता है। मैं बेहद उत्साहित हूं की इस कव्वाली में डाली गई भावनाओं को लोग निश्चित रूप से महसूस करेंगे।

फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को

मुंबई। सुपर स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं। प्रसारण भोजपुरी सिनेमा पर संध्या छह बजे से 29 जून को होगा। इस फिल्म को दंगल एप पर भी देखा जा सकता है। निर्माता प्रदीप कुमार ने कहा कि सौतन एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ देगी।

खगोल विज्ञान यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार हो सकती है

ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार ब्रह्मांड में पहली बार एक ऐसे ब्लैक होल का पता चला है, जिसका व्यवहार भौतिक नियमों के विपरित है। इस खोज से वैज्ञानिक आश्चर्यचकित हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार साबित हो सकती है।

न्यू हेवन विश्वविद्यालय के निकोडेम पोपलावस्की के अनुसार इस ब्लैक होल में पदार्थ का दबाव और अंतरिक्ष समय की वक्रता एक क्षितिज पर अनंत है। जिसका तात्पर्य है कि यह अभौतिक है। दरअसल ब्लैक होल एक दिलचस्प विषय है। जिसे आसानी से समझा जा सकता है। द्रव्यमान का गुण, विद्युत आवेश और कोणीय गति यानी स्पिन, जो इसकी सादगी का प्रतीक माना जाता है। इसका व्यवहार क्षितिज के अंदर पहुचने वाली कोई भी वस्तु ब्लैक होल से बच नहीं सकती है।

ब्लैक होल की भविष्यवाणी 1916 में कार्ल श्वार्जचाइल्ड ने की थी। तभी से इसे समझने का प्रयास किया जा रहा है और कुछ नतीजे ऐसे भी सामने आए हैं, जो हैरान कर देते हैं। नई खोज में ब्लैक होल के केंद्र में एक स्पष्ट विलक्षणता पाई गई है, साथ ही असीमित घनत्व का भी पता चलता है, जो आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण के नियम की विपरित हैं। इस ब्लैक होल को 2019 देखा गया था। यह एक काला धब्बा नजर आता है। इसके चारों ओर प्रकाश का प्रभामंडल है। यह ब्लैक होल पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर है। आकाशगंगा मेसियर 87 के केंद्र में यह मौजूद है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षितिज पर एकमात्र ऊर्जा डार्क एनर्जी है। जिस कारण इसके व्यवहार में तब्दीली आई है।

घेरे में मौजूद आश्चर्यजनक ब्लैक होल की तस्वीर। ● अमृत विचार

तेजी से विस्तार हो रहा है ब्रह्मांड का

नैनीताल। ब्रह्मांड का तेजी से विस्तार हो रहा है। जिस कारण चीजों में भी बदलाव आ रहा है। जिसके चलते संभव है कि भविष्य में कई अन्य परिवर्तन देखने को मिले। इसलिये हम जो सोचते हैं या कल्पना करते हैं, वह भविष्य में अलग या गलत भी साबित हो सकता है।